सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹110527/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹134990/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹147354/-
Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें!
anand jewels
Pandri, Raipur

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

■ सेंट्रल टीबी डिवीजन दिल्ली से सालभर पहले भेजे गए थे वायॅल, विस्तृत गाइडलाइन नहीं मिली, इसलिए उपयोग नहीं किया

हेल्थ में बड़ी लापरवाही टीबी की जांच के लिए आए

तीन करोड़ के सीवाय-टीबी वॉयल अगले माह हो जाएंगे 'कचरा'

विकास शर्मा ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

हेल्थ डिपार्टमेंट की एक और बड़ी लापरवाही सामने आ रही है। दरअसल, टीबी की जांच में इस्तेमाल होने वाले सीवाय-टीबी वॉयल अगले माह नवंबर में एक्सपायर हो जाएंगे यानी बेकार हो जाएंगे। इसका इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। केंद्र ने इसे साल भर पहले भेजा था, लेकिन विस्तृत गाइडलाइन नहीं मिलने की वजह से इनका इस्तेमाल ही नहीं हुआ। इनकी संख्या तकरीबन एक लाख बताई जा रही है। कहा जा रहा है कि इसकी कीमत 3 करोड़ है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस वॉयल का इस्तेमाल पल्मोनरी मामलों के क्लोज कांटेक्ट और हाईरिस्क वालों में ट्यूबरकुलोसिस (टीबी) की जांच के लिए होता है।

गौरतलब है, छत्तीसगढ़ समेत पूरे भारत को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य लेकर कई कार्यक्रम चलाए जाते हैं, लेकिन ऐसी ही लापरवाही की वजह से योजनाएं पूरी तरह सफल नहीं हो पाती। टीबी उन्मूलन ▶▶|शेष पेज 8 पर



पल्मोनरी केस के क्लोज कांटेक्ट और हाईरिस्क वालों में संक्रमण की होती है जांच



बीस वॉयल का उपयोग हुआ 100 बिलासपुर को भेजा

क्लोज कांटेक्ट की जांच के लिए जिले को 120 वॉयल मिले थे। 20 वॉयल का उपयोग किया गया और डिमांड पर 100 वॉयल बिलासपुर को भेज दिया गया था। जिले में इसका स्टॉक नहीं है, राज्य गोदाम के स्टॉक के बारे में जानकारी नहीं है।
-डा. मिथिलेश चौधरी, सीएमएचओ रायपुर

एक डोज करीब 300 का

सीवाय-टीबी की एक डोज की कीमत करीबन 300 रुपए होती है। राज्य औषधि भंडार में करीब एक लाख डोज डंप हैं, जिसकी कीमत करीब तीन करोड़ के आसपास है। सीवाय-टीबी की एक वॉयल में 10 डोज होते हैं। इसका उपयोग टीबी संक्रमितों के सीधे संपर्क में रहने वालों में संक्रमण की जांच के लिए किया जाता है।

ऐसे होता है सीवाय-टीबी टेस्ट

चिकित्सकों के मुताबिक सीवाय-टीबी टेस्ट संक्रमण का पता लगाने एक प्रकार का उन्नत तकनीक वाला स्किन टेस्ट है। इसमे टीबी की बैक्टीरिया से प्राप्त ट्यूबरकुलिन नामक पदार्थ को त्वचा के नीचे इंजेक्ट किया जाता है। टेस्ट के परिणाम 48 से 72 घंटे के बीच में देखे जाते हैं। यदि टीबी के बैक्टीरिया के प्रति शरीर में प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया होती है, तो त्वचा पर एक छोटा सा उभार या लाली दिखाई देती है। इस उभार का आकार और गहराई टीबी की उपस्थिति और गंभीरता का संकेत देते हैं। इसके बाद टीबी की पुष्टि के लिए अन्य परीक्षणों की आवश्यकता होती है।

टू-नॉट किट की भी किल्लत

इधर, ज्यादा से ज्यादा नए मरीजों की पहचान कर उनका इलाज करने के लिए विभाग के जिम्मेदार नीचे अमले पर दबाव बना रहे हैं, पर इसकी जांच के लिए पर्याप्त संसाधन भी उपलब्ध नहीं करा रहे हैं। टीबी के मरीजों की पहचान एक्स-रे के साथ टू-नॉट सिस्टम से की जाती है। इसके लिए विशेष तरह की किट का उपयोग किया जाता है, जिसकी किल्लत की बात सामने आ रही है। इसकी डिमांड को राज्य स्तर पर पूरा नहीं किया जा रहा है, जिसकी वजह से क्षमता के मुताबिक जांच नहीं हो पा रही है।

प्रधानमंत्री मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 बरस पूरे

मिशन 2047... पीएम मोदी बोले- हम करके रहेंगे, न रुकूंगा और न थकूंगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 7 अक्टूबर को अपने जीवन में सरकार के निर्वाचित प्रतिनिधि के तौर पर 25 साल पूरे कर लिए। 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 'विकसित भारत संकल्प सभा' को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने नया नारा दिया...हम करके रहेंगे। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित देश बनाना है और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को पूरा करना है। इसी भरोसे के साथ पीएम मोदी ने नारा दिया, ये हम करके दिखाएंगे। इधर, भाजपा की सेवा संकल्प यात्रा का वडनगर और वाराणसी में समापन हो गया।

'विकसित भारत संकल्प सभा' को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना साकार करने के लिए 'हम करके रहेंगे' का नारा देते हुए बुधवार को कहा कि यह लक्ष्य दूरदर्शी नीतियों एवं कड़ी मेहनत से हासिल किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने चुनावों के दौरान जाति के आधार पर समाज को बांटे जाने को देश के सामने मौजूद बड़ी चुनौतियों में से एक बताया। मोदी ने निर्वाचित प्रतिनिधि के तौर पर उनके 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 'विकसित भारत संकल्प सभा' को संबोधित करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सरकार ▶▶|शेष पेज 8 पर





आडवाणी से मिलने पहुंचे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को पूर्व उप प्रधानमंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी के आवास पर पहुंचे और शासन प्रमुख के रूप में अपने 25 वर्ष पूरे होने पर उनका आशीर्वाद लिया।



मुझ पर सबसे पहला अधिकार नागरिक का

मोदी ने कहा, मेरा वास्तव में यह मानना है कि मुझ पर सबसे पहला अधिकार देश के प्रत्येक नागरिक का है। जनता के विश्वास के ये 25 वर्ष और अनुभव के ये 25 वर्ष बहुत बड़ी पूंजी हैं। यह पूंजी केवल मोदी की नहीं, बल्कि राष्ट्र की है।

मच्छार की तारीफ की

'फ्लाईदुबई' के भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि सह-पायलट द्वारा चाकू मारे जाने के कारण घायल होने के बावजूद उन्होंने इजरायल जा रहे विमान को दुर्घटनाग्रस्त करने की कोशिश नाकाम कर दी।

छत्तीसगढ़ में 38 जगह बनेंगे सेवा ज्योति संकल्प चौक

25 साल की जनसेवा देश के विकास-परिवर्तन की प्रेरक यात्राः साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में शासन प्रमुख के रूप में जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर बुधवार को राजधानी रायपुर में 'विकसित भारत संकल्प सभा' और 'सेवा ज्योति यात्रा' का आयोजन किया गया। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के जिला मुख्यालयों समेत 38 स्थानों पर 'सेवा ज्योति संकल्प चौक' बनाने की घोषणा की। रायपुर के तेलीबांधा चौक को भी इसी रूप में विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा, ये संकल्प चौक जनसेवा, ▶▶|शेष पेज 8 पर

■ तेलीबांधा चौक भी 'सेवा ज्योति संकल्प चौक' के रूप में होगा विकसित



कार्यकर्ता सक्रिय भागीदारी निभाएं

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी प्रधानमंत्री मोदी को 25 वर्ष की जनसेवा पूरी करने पर बधाई देते हुए नागरिकों से सेवा ज्योति यात्रा में उत्साहपूर्वक भाग लेने की अपील की। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के ▶▶|शेष पेज 8 पर

ये थे मौजूद : *कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा, इंद्र कुमार साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन कुमार अग्रवाल, विभिन्न निगम-मंडलों के अध्यक्ष, यशवंत जैन, अखिलेश सोनी, राम गर्ग सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।*

अतिक्रमणकारियों की करतूत, पुलिस ने रेंजर-डिप्टी रेंजर को सुरक्षित निकाला

वनकर्मियों को लाठी-डंडों से पीटा पांच घंटे बंधक बनाकर रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खास खबर

जंगली सूअर का शिकार और मांस बेचे जाने की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम पर अतिक्रमणकारियों ने हमला कर दिया। महासमुंद जिले के बागबाहरा वन परिक्षेत्र के तमोरा में रेंजर और डिप्टी रेंजर को अतिक्रणकारियों और शिकारियों ने घेरकर लाठी-डंडों से पीटा और तकरीबन पांच घंटे तक बंधक बनाए रखा। आरोपियों ने रेंजर का पर्स और डिप्टी रेंजर का मोबाइल भी छीन लिया।

मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात दोनों अफसरों को एक मकान में बंधक बनाए जाने की सूचना के बाद पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला गया। दोनों अफसरों की स्वास्थ्य जांच में पीठ और कान पर चोट के निशान मिले। विभागीय सूत्रों के मुताबिक रेंजर नवीन वर्मा मंगलवार रात वन अमले के साथ ढोड़ परिसर के कक्ष नंबर 95-96 में गश्त पर निकले थे। टीम में डिप्टी रेंजर नवीन शर्मा, वनरक्षक टोमन दीवान, वॉचर महेश चंद्राकर, वॉचर पूनम साहू और ड्राइवर हरदेव वर्मा भी थे। टीम तमोरा पहुंची, यहां वनभूमि पर अतिक्रमण करने वाले बताए जा रहे कुछ लोगों से उनका विवाद हो गया। लोगों ने वन अमले के साथ गाली-गलौज की। इसके बाद लाठी-डंडों से अधिकारियों को घेर लिया। संख्या ज्यादा होने और विवाद बढ़ने पर विभाग के कुछ कर्मी वहां से भाग गए। वहीं रेंजर नवीन वर्मा और डिप्टी रेंजर नवीन शर्मा आरोपियों के हत्थे चढ़ गए, जिन्हें घेरकर ▶▶|शेष पेज 8 पर









आरोपियों पर एफआईआर दर्ज

मामले में सरकारी काम में बाधा डालने, मारपीट, धमकी देने, सरकारी कर्मचारियों से बदसलूकी करने, सामान छीनने और अधिकारियों को उनकी इच्छा के खिलाफ बंधक बनाने जैसे आरोप पर खल्लारी थाना में अपराध दर्ज किया गया है। वहीं मामले में लिप्त आरोपियों की धरपकड़ की तैयारी की जा रही है।



हाईकोर्ट का मामला

मौत के 4 साल बाद बरी हुए सब-रजिस्ट्रार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट ने भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी के मामले में दोषी ठहराए गए दुर्ग के तत्कालीन सब-रजिस्ट्रार आरके नेताम की सजा और दोषसिद्धि रद्द कर दी है। हाईकोर्ट ने कहा कि, अभियोजन पक्ष नेताम के खिलाफ आरोपों को संदेह से परे साबित करने में विफल रहा। नेताम की अपील लंबित रहने के दौरान 23 जुलाई 2022 को मृत्यु हो गई थी। इसके बाद उनकी पत्नी सुनीता नेताम को सीआरपीसी की धारा 394(2) के तहत अपील ▶▶|शेष पेज 8 पर

साजिश का कोई प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं मिला

मामले में नेताम के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 120-बी तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 13(1)(डी) और 13(2) के तहत आरोप तय किए गए थे। हाईकोर्ट ने कहा कि नेताम और निर्मला देवी अग्रवाल के बीच किसी पूर्व समझौते, बातचीत, पैसे के लेन-देन, लाभ पहुंचाने या आपराधिक साजिश का कोई प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं मिला। कई अभियोजन गवाह भी अभियोजन के पक्ष का समर्थन नहीं कर सके।

चार साल में पहली बार रेपो दर 0.25 प्रतिशत बढ़ाई

महंगाई बढ़ी, घर-वाहन के लिए कर्ज होगा महंगा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

खास खबर

भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को उम्मीद के मुताबिक प्रमुख नीतिगत ब्याज दर रेपो को 0.25 प्रतिशत बढ़ाकर 5.50 प्रतिशत कर दिया। करीब चार साल में यह रेपो दर में पहली वृद्धि है। रेपो दर बढ़ाने से आवास, वाहन समेत अन्य कर्ज महंगे होंगे। मौजूदा कर्जदारों की मासिक किस्त भी बढ़ सकती है। आर्थिक गतिविधियां मजबूत रहने के बावजूद महंगाई का दबाव व्यापक हुआ है।

इसके साथ आरबीआई ने मौद्रिक नीतिगत रुख को 'तटस्थ' से बदलकर 'सूझ-बूझ के साथ सख्ती' करने का अप्रत्याशित फैसला किया। केंद्रीय बैंक ने रुख में बदलाव ▶▶|शेष पेज 8 पर



क्या होता है रेपो रेट?

रेपो रेट वह दर होती है, जिस पर रिजर्व बैंक दूसरे बैंकों को कर्ज देता है। जब रेपो रेट बढ़ता है तो रिजर्व बैंक महंगी ब्याज दरों पर दूसरे बैंकों को कर्ज देता है। इससे बैंक अपने कस्टमर्स को मंहगा लोन देते हैं। वहीं, इसके उलट जब रेपो रेट घटता है तो केंद्रीय बैंक सस्ती दरों पर कर्ज देता है और बैंक लोन सस्ता कर देते हैं।

बढ़ेगी ईएमआई

जिन लोगों के लोन एक्सटर्नल बेंचमार्क या रेपो-लिंक्ड हैं, उनके होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन की ब्याज दरें खुद ब खुद बढ़ जाएंगी। सीधा-सीधा कहें तो आपके होम लोन और कार लोन की किश्त बढ़ने वाली है।

DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY

A part of aisect india

Bilaspur, Chhattisgarh

Approved by : PCI | AICTE | NCTE | BCI | Member of : AIU | Recognized by : UGC | NAAC Accredited University

20 Years of Excellence

THE FIRST PRIVATE UNIVERSITY IN CHHATTISGARH ACCREDITED "A" GRADE BY NAAC

CENTRE FOR DISTANCE AND ONLINE EDUCATION



DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY, BILASPUR (C.G.)

The Centre for Distance and Online Education, CVRU, offers flexible and affordable higher education for learners who are unable to attend regular campus programs. With UGC-DEB–approved courses, quality study material, and strong academic support, CVRU enables students from across the country to pursue career-oriented education anytime, anywhere. The Centre reflects CVRU's commitment to inclusive, accessible, and future-ready learning.

Scan QR Code to Create Academic Bank of Credit (ABC) ID

Scan QR Code to Create Distance Education Bureau (DEB) ID

Programmes Offered :

Faculty of Commerce & Management
- BBA | MBA
- B.Com | M.Com

Faculty of Arts:
- B.Lib.I.Sc.
- M.Lib.I.Sc.
- B.A. (General)
- M.A. (Hindi)
- M.A. (English)
- M.A. (Sanskrit)
- M.A. (History)

दूरस्थ शिक्षा में प्रवेश के लिए विद्यार्थी का ABC-ID & DEB-ID होना अनिवार्य है।

Programmes Offered (Regular) :

FACULTY OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
B.Tech | Polytechnic Diploma | M.Tech | B.VOC
UG Diploma in Fire Safety Management

FACULTY OF INFORMATION TECHNOLOGY
M.Sc. (IT) | M.Sc. (CS) | P. G.D.C.A. | B.C.A. | D.C.A.

FACULTY OF PHARMACEUTICAL SCIENCES
B. Pharm | D. Pharm | M. Pharm

FACULTY OF COMMERCE & MANAGEMENT
B.B.A. | M.B.A. | PGDBM | B.Com. | M.Com.

FACULTY OF SCIENCE
B.Sc. | M.Sc. | PGDRD

FACULTY OF EDUCATION & PHYSICAL EDUCATION
B.Ed. | M.Ed. | B.P.E.S. | M.P.E.S. | MA YOGA

FACULTY OF ARTS
B.A.
PERFORMING & FINE ARTS
(B.P.A. | M.P.A.)
M.A. | B.Lib. | M.Lib.
M.S.W. (Social Work)
B.J. | M.J.

FACULTY OF LAW
LL.M. | LL.B.
B.A. (LL.B.)
B.Com.(LL.B.)

Research Programmes Ph.D.

Approvals & Recognition From Regulatory Bodies

Dr. C.V. Raman University is recognized by 2(f) under section 22 of UGC (University Grant Commission) Act 1956

The AICTE (All India Council of Technical Education) has approved the B.Tech, M.Tech, MBA & Diploma in Engineering Programmes of Dr. C.V. Raman University

The NCTE (National Council for Teacher Education) has approved the B.Ed & M.Ed Programmes of Dr. C.V. Raman University

The BCI (Bar Council of India) has approved the B.A.L.L.B., L.LB., & B.Com. L.L.B Programmes of Dr. C.V. Raman University

Dr. C.V. Raman University is the member of the Association of Indian Universities (AIU)

The University is Approved by CGPURC (Chhattisgarh Private University Regulatory Commission)

The PCI (Pharmacy Council of India, a statutory body constituted under the Pharmacy Act, 1948) has approved the D.Pharm, B.Pharm & M.Pharm programmes of Dr. C.V. Raman University

University Grants Commission (UGC) Distance Education Bureau

Top Recruiters of AGU

More than **500 companies** for Placements and Internships Offering up to **10 Lakh Package**

Special Features:

- Career Advancement – Upgrade skills, get promotions, and grow in your career.
- Flexible Timings – Ideal for working professionals, homemakers, and rural learners.
- Rich Study Material – Printed self-learning books, e-books, and interactive video lectures.
- Affordable Fee Structure – Quality education at a low cost
- Counselling & Support – Guidance from expert faculty through online/offline modes.
- Technology-Enabled Learning – Online classes, e-resources, and digital libraries for modern education.
- Learner Support Division – Dedicated academic and administrative support through counselling and helplines.
- Inclusive Education – Empowering rural learners, women, and differently-abled students through equal opportunities.
- Skill Courses offered by PMKK in the University
- 100+ Industry Collaborations for a strong industry academia relationship.
- Fully Automated Central Library
- 12 Centre of Excellence in the field of Art & Culture, Biotechnology, Green Energy, Performing Arts, Future & high end skills and many more
- Sprawling 70-acre campus surrounded by lush greenery
- Diverse student base from 8 states

HELP DESK FOR ENQUIRY

RAIPUR : 2ND FLOOR "ACE GLOBAL" OPP. MINOCHA PETROL PUMP G.E.ROAD TELIBANDHA, RAIPUR, RAIPUR, CHHATTISGARH Pin: 492006 Ph: 07714022197, 07716611111 Mob: 9165550308

JAGDALPUR : 2ND FLOOR DUBEY COMLPEX NEAR PUNJAB BHAWAN RAUTPARA PANDIT DINDAYAL UPADHAYAY WARD, JAGDALPUR, BASTAR, CHHATTISGARH Pin: 494001 Ph: 07782225223, 07782291005 Mob: 7772044779

BHILAI : NEAR EKTA PARK MAITRI VIHAR RADHIKA NAGAR SUPELA, BHILAI, DURG, CHHATTISGARH Pin: 490023, Ph:07882295617, 07882294009 Mob: 6261639787

RAJNANDGAON : C/O AISECT PMKK RAJANANDGAON G.E.ROAD, NEAR SBI COLLECTORATE BRANCH, INFORNT OF DOMINOS, SAKTI NAGAR, RAJNANDGAON, RAJNANDGAON, CHHATTISGARH Pin: 491441 Ph: 07744228568 Mob: 7828343001

BILASPUR : INFRONT OF PALLAW BHAWAN, GAURAV PATH, BILASPUR, CHHATTISGARH Pin: 495001 Ph: 07752448799, Mob: 9827482380, 9109028878

AMBIKAPUR : 1ST FLOOR ANAND SHREE CPLX. NR.MULTIPURPOSE H.S. SCHOOL COLLECTOR BUNGLOW ROAD GUDRI CHOWK DC ROAD, AMBIKAPUR, SURGUJA, CHHATTISGARH Pin: 497001 Ph: 07774221363 Mob: 8463079985, 9644773322

KORBA : PLOT NO. 238, AMAR PLACE NEAR NIRMALA SCHOOL, KOSABADI CHOWK, KORBA, CHHATTISGARH PIN: 495677, Ph:-07759222002 Mob: 9770214616

RAIGARH : OPPOSITE JMJ MORNING STAR HOSPITAL NEAR DEGREE COLLEGE PAHAD MANDIR ROAD LOCHAN NAGAR, RAIGARH, CHHATTISGARH Pin: 496001, Mob: 9893770334, 7999581884

ADMISSION HELPLINE FOR DISTANCE EDUCATION
9302969342, 9617772312

ADMISSION HELPLINE FOR REGULAR PROGRAMMES
6261-900581, 6261-900588

Kargi Road, Kota, Dist.- Bilaspur (C.G.) Ph.+91-7753-253801, 07753-253851, 253872, 253873, E-Mail : info@cvru.ac.in, lsd@cvru.ac.in, admissions@cvru.ac.in

AdPRAYAS

बिलासपुर, गुरुवार 8 अक्टूबर 2026 | आश्विन कृष्ण पक्ष त्रयोदशी | वर्ष : 26, अंक : 198 | पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 4.00*** | haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



कृषि प्रधान छत्तीसगढ़ में ट्रैक्टर बना है किसानों का सबसे बड़ा औजार

कार दौड़ी, पर ट्रैक्टर ने ट्रक-बस ऑटो...सबको पछाड़ा, थोक में रजिस्ट्रेशन

जिया कुरैशी ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में वाहनों की बिक्री और रजिस्ट्रेशन के मामले में ट्रेक्टर ने ट्रक, बस, आटो रिक्शा और टैक्सी कैब को भी पछाड़ दिया है। दरअसल, कृषि प्रधान इस राज्य में अभी भी ट्रेक्टर लोगों की बड़ी जरुरतें पूरी करने का साधन और ग्रामीण ⏭शेष पेज 8 पर

जनवरी से अब तक रजिस्ट्रेशन, कुल 5,19,861 वाहन

दुपहिया 3,77,439	कार एवं यूवी 56,949	ट्रैक्टर 34,204	गुड्स कैरियर 21,252
तीन-पहिया 13,773	अन्य 10,432	बस 3,456	टैक्सी एवं कैब 2,356



ट्रैक्टर पंजीयन बढ़ना खेती की गतिविधियों का भी संकेत

छत्तीसगढ़ जैसे कृषि प्रधान राज्य में ट्रैक्टरों का बड़ी संख्या में बिकना या उनका पंजीयन होना केवल वाहन बाजार की गतिविधि नहीं है। किसानों के लिए ट्रैक्टर खेती के सबसे महत्वपूर्ण यांत्रिक साधनों में से एक है।

पंजीयन से सरकार को भी बड़ी आय

राज्य में वाहनों की संख्या बढ़ने का असर केवल ऑटोमोबाइल बाजार पर नहीं पड़ता, बल्कि राज्य सरकार के राजस्व पर भी पड़ता है। नए वाहन के पंजीयन के समय निर्धारित मोटरयान कर और पंजीयन शुल्क लिया जाता है। छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग के अनुसार नए वाहन के पंजीयन के लिए लागू रोड टैक्स और निर्धारित पंजीयन शुल्क का भुगतान करना होता है। राज्य के 2026-27 के बजट में "वाहन कर" से 3,500 करोड़ रुपये राजस्व का अनुमान रखा गया है। यह 2025-26 के संशोधित अनुमान 3,000 करोड़ रुपये से करीब 16.7 प्रतिशत अधिक है। इससे पहले 2024-25 में वाहन कर से वास्तविक प्राप्ति 2,318 करोड़ रुपये रही थी।

दोपहिया वाहन सबसे ज्यादा फिर कार और यूवी

राज्य में जनवरी 2026 से अब तक करीब 5.20 लाख वाहनों का रजिस्ट्रेशन हुआ है। इनमें दुपहिया वाहनों की संख्या सबसे ज्यादा 3,77,439 है। इसके बाद 56,949 कार एवं यूवी और 34,204 ट्रैक्टर का रजिस्ट्रेशन हुआ है। कुल रजिस्ट्रेशन में दुपहिया वाहनों की हिस्सेदारी 72.6 प्रतिशत, कार एवं यूवी की 11 प्रतिशत और ट्रैक्टरों की 6.6 प्रतिशत है।

सितंबर में आई कमी

सितंबर में राज्य में कुल वाहन रजिस्ट्रेशन में गिरावट दर्ज हुई। महीने के दौरान कुल 47,153 वाहनों का रजिस्ट्रेशन हुआ। यह अगस्त की तुलना में 4.8 प्रतिशत और पिछले साल सितंबर की तुलना में 3.5 प्रतिशत कम रहा। सितंबर में छत्तीसगढ़ देश में 19 वें नंबर पर रहा है।

पाठक सूचना

हरिभूमि

सुनहरा मौका

सुनिश्चित उपहार 2026

का सामान्य कूपन

कल के अंक में देखें।

inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

एयरटेल के पोस्टपेड प्लान 50 रुपए महंगे

नई दिल्ली। भारती एयरटेल ने अपने 'पोस्टपेड' शुल्क में 50 रुपए की बढ़ोतरी की है। इसके तहत नए



प्लान में हर साल एक अंतरराष्ट्रीय रोमिंग यात्रा मुफ्त दी जाएगी। नए प्लान आठ अक्टूबर, 2026 से लागू होंगे और मौजूदा 'पोस्टपेड' ग्राहकों को एक महीने के भीतर उनके मौजूदा प्लान से सबसे नजदीकी ऊंची राशि वाले प्लान पर स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

500 छात्रों में 365 ने चुना कंप्यूटर साइंस

नई दिल्ली। इस साल आईआईटी प्रवेश परीक्षा 'जेईई-एडवांस्ड' में शीर्ष रैंक धारक छात्रों की पहली पसंद कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग (सीएसई) रही। शीर्ष 500 रैंक धारकों में से 365 ने इस पाठ्यक्रम को चुना, जबकि इसी समूह में से 183 विद्यार्थियों के साथ आईआईटी मुंबई पहली पसंद बना रहा। इस साल जेईई-एडवांस्ड आयोजित करने वाले आईआईटी रुड़की की ओर से जारी 2026 की संयुक्त कार्यान्वयन समिति रिपोर्ट में कई जानकारियों का उल्लेख किया गया है।

छह करोड़ से अधिक की स्मैक बरामद

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कुल तीन तस्करों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से छह करोड़ रुपए से ज्यादा मूल्य की स्मैक बरामद की है। जनकपुरी थाना क्षेत्र में पुलिस, नारकोटिक्स रोधी प्रकोष्ठ, सर्विलांस, स्वाट और एसओजी की संयुक्त टीम ने सूचना के आधार पर जांच एवं निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान तकिया खान को गिरफ्तार को रोककर उसकी तलाशी ली।

कुपवाड़ा में आतंकवादियों का ठिकाना नष्ट

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने बुधवार को आतंकवादियों के एक ठिकाने का पता लगाकर उसे नष्ट कर दिया। एक एके-47 राइफल, तीन हथगोले तथा भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया। गुप्त सूचना के आधार पर, पुलिस, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों की संयुक्त टीम ने हंदवाड़ा के नागदा नार के वन क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया। अभियान के दौरान टीम ने एक पुराने ठिकाने का पता लगाकर उसे नष्ट कर दिया।

एसआईआर और ज्ञानेश के इस्तीफे की मांग पर 'गदर'

निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर राहुल और प्रियंका गांधी ने बुधवार को लगातार दूसरे दिन प्रदर्शन किया। इस बार दोनों जंतर-मंतर से 200 मीटर पहले सड़क पर बैठ गए। सुरक्षा बलों ने उन्हें आगे नहीं जाने दिया तो प्रियंका संविधान की कॉपी लेकर सड़क पर लेट गईं।

सांसदों को रोका, सड़क पर लेटीं प्रियंका राहुल समेत प्रदर्शनकारियों पर एक्शन



राहुल, प्रियंका समेत कई नेताओं पर एफआईआर

दिल्ली पुलिस ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी, उनकी बहन और सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा और इंडिया गठबंधन के अन्य नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। यह एफआईआर मंगलवार को मध्य दिल्ली में बिना अनुमति आकाशवाणी भवन में प्रवेश करने को लेकर दर्ज की गई है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को संसद भवन से चुनाव आयोग के कार्यालय तक करीब 300 सांसदों के मार्च का नेतृत्व किया।

ये रहा खास

- 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों का दूसरे दिन जमकर हंगामा, मचा बवाल
- कांग्रेस कार्यकर्ता की सुरक्षाबलों के साथ धक्का-मुक्की
- राहुल को ले जा रही बस पर चढ़े कांग्रेस कार्यकर्ता
- ज्ञानेश कुमार के खिलाफ 6 दिन में 8 प्रदर्शन
- प्रियंका ने बस के बाहर लटककर वंदेमातरम के नारे लगाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों के नेता निर्वाचन आयोग के मामले को लेकर लगातार दूसरे दिन सड़क पर उतरे और एक बार फिर राहुल गांधी प्रतिपक्ष की इस मुहिम की अगुवाई करते दिखाई दिए। नई दिल्ली के जनपथ से जंतर-मंतर की तरफ विपक्ष के करीब तीन घंटे के मार्च के बाद पुलिस ने राहुल गांधी और कई अन्य को हिरासत में ले लिया। कुछ देर बाद उन्हें रिहा कर दिया गया। हिरासत में लिए जाने के बाद राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष का यह अभियान तक तब जारी रहेगा जब तक मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नहीं दे देते। विपक्षी दलों के सांसद पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की ओर से आयोजित दोपहर भोज में जनपथ रोड पर 'सागर रत्ना' रेस्तरां में शाकाहारी दक्षिण भारतीय व्यंजनों का लुत्फ उठाया और आगे की रणनीति पर चर्चा की। इसके बाद वे तीन बसों में सवार होकर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के लिए रवाना हुए।



मांगें पूरी होने तक जारी रहेगा प्रदर्शन



भोज के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन के सभी सहयोगी दल जंतर-मंतर पर ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे और मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। खड़गे ने आरोप लगाया, निर्वाचन आयोग जो भी कर रहा है, उसके पीछे नरेंद्र मोदी हैं। इसका मतलब है कि मोदी जी खुद लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं।

चुनाव आयुक्तों से मिलना चाहते थे



राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष के करीब 300 सांसद बुधवार को चुनाव आयुक्तों से मिलना चाहते थे, लेकिन उन्हें मिलने नहीं दिया गया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने संवाददाताओं से कहा, करीब 300 सांसद कल निर्वाचन आयुक्तों से मिलना चाहते थे, लेकिन वे हमसे नहीं मिले। दिल्ली पुलिस ने हमें रोका इसलिए अब विपक्षी सांसद प्रदर्शन के लिए निर्धारित स्थल जंतर-मंतर जाकर बैठेंगे।

भाजपा अध्यक्ष बोले-राहुल ने फैलाई दिल्ली में अराजकता



बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर असामाजिक तत्वों के साथ मिलकर दिल्ली में अराजकता फैलाने का आरोप लगाया। नवीन ने विपक्ष और विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इस देश के विपक्ष के नेता अराजकता के माहौल में असामाजिक तत्वों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। मैं उनसे साफ़ तौर पर कहना चाहता हूँ कि भारत की जनता उनके मकसद और इरादे को कभी भी हकीकत नहीं बनने देगी। उन्होंने हमेशा उन लोगों की परवाह की है जो यहाँ की जनता के अधिकार छीनते हैं। वह असामाजिक तत्वों की मदद से दिल्ली में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। नितिन नवीन ने आगे कहा कि मैं विपक्ष के नेता से कहना चाहता हूँ कि जिन लोगों को अधिकार दिलाने की वह बात करते हैं, भारत की जनता ऐसे घुसपैठियों को कभी भी अधिकार नहीं देगी।

सरकारी हेलीकॉप्टर के हादसे का बीमा दावा खारिज

ओरिएंटल इंश्योरेंस ब्लैकलिस्टेड चार साल रोक रखा था बीमा दावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य सरकार ने कहा, सार्वजनिक संपत्ति से जुड़े दावों में अनावश्यक देरी स्वीकार्य नहीं



छत्तीसगढ़ शासन ने शासकीय हेलीकॉप्टर के बीमा दावे के निराकरण में चार साल से अधिक समय तक हुई देरी के मामले में कड़ा कदम उठाते हुए द ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को तीन वर्ष के लिए ब्लैकलिस्ट कर दिया है। विमानन संचालनालय ने निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए कंपनी के विरुद्ध यह कार्रवाई की है। मामला मई 2022 में रायपुर एयरपोर्ट पर दुर्घटनाग्रस्त हुए राज्य शासन के हेलीकॉप्टर से संबंधित है। राज्य शासन द्वारा हेलीकॉप्टर का बीमा ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी से कराया गया था और निर्धारित बीमा प्रीमियम का पूर्ण भुगतान किया गया था। दुर्घटना के बाद राज्य शासन की ओर से बीमा दावा प्रस्तुत किया गया, लेकिन कंपनी द्वारा ⏭शेष पेज 8 पर

- विमानन संचालनालय ने की कार्रवाई, मई 2022 में दुर्घटनाग्रस्त हुआ था हेलीकॉप्टर

कंपनी को भेजा गया था नोटिस

राज्य शासन ने इस मामले में प्राकृतिक न्याय और निर्धारित प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित किया। ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। कंपनी ने अपना लिखित जवाब प्रस्तुत किया और उसे व्यक्तिगत सुनवाई का भी अवसर दिया गया। कंपनी का पक्ष सुनने और उपलब्ध तथ्यों एवं अभिलेखों का परीक्षण करने के बाद विमानन संचालनालय ने कारणों सहित आदेश पारित करते हुए कंपनी को तीन वर्षों के लिए ब्लैकलिस्ट करने का निर्णय लिया। अधिकारियों ने कहा, सार्वजनिक दावों के निपटारे में अनावश्यक विलंब को सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया मानकर नहीं छोड़ा जा सकता, क्योंकि इससे न केवल शासन के वित्तीय हित प्रभावित होते हैं, बल्कि सेवा व्यवस्था के प्रति विश्वास भी कमजोर होता है।

जारी रहेगी बीमा वसूली के लिए कार्रवाई

कंपनी को ब्लैकलिस्ट किए जाने के साथ ही बीमा दावे का मामला समाप्त नहीं हुआ है। राज्य शासन अपने दावे की राशि प्राप्त करने के लिए आवश्यक कार्रवाई आगे भी जारी रखेगा। अधिकारियों ने कहा कि सार्वजनिक धन की सुरक्षा शासन की जिम्मेदारी है और राज्य को देय राशि की वसूली के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।शासन के साथ कार्य करने वाली संस्थाओं से समयबद्ध, पारदर्शी और उत्तरदायी सेवा की अपेक्षा की जाती है तथा सार्वजनिक हित प्रभावित होने की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

पायलट की सूझबूझ से टला हादसा

विमान पर गिरी आकाशीय बिजली, सुरक्षित लैंडिंग

पटना। पटना से लखनऊ आ रही इंडिगो की फ्लाइट खराब मौसम के बीच आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई, उस वक्त विमान करीब 17 हजार फीट की ऊंचाई पर था। बिजली गिरने से विमान की नोज यानी अगले हिस्से को नुकसान पहुंचा। पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए विमान को लखनऊ एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतार लिया। फ्लाइट नंबर 6ई 925 ने पटना एयरपोर्ट से दोपहर 3:10 बजे उड़ान भरी थी। इसे शाम 4:20 बजे लखनऊ पहुंचना था, लेकिन ⏭शेष पेज 8 पर

लखनऊ में हुई इमरजेंसी लैंडिंग- पायलट ने विमान को लखनऊ एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतारा। लैंडिंग के बाद सभी 104 यात्रियों को विमान से बाहर निकाल लिया गया। किसी यात्री के घायल होने की जानकारी नहीं है। तकनीकी दिक्कत के बाद विमान को लखनऊ एयरपोर्ट पर ही रोक दिया गया। फिलहाल इंजीनियरों की टीम विमान की जांच कर रही है।

सीएम साय बोले- हारने पर ईवीएम और चुनाव आयोग पर सवाल उठाना कांग्रेस की आदत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने चुनाव प्रक्रिया और ईवीएम को लेकर कांग्रेस की ओर से उठाए जा रहे सवालों पर पलटवार करते हुए कहा, कांग्रेस अपनी राजनीतिक विफलताओं की जिम्मेदारी स्वीकार करने के बजाय कभी ईवीएम तो कभी चुनाव आयोग पर आरोप लगाती है। उन्होंने कहा, कांग्रेस जब इसी ईवीएम से चुनाव जीतती है और उसके ⏭शेष पेज 8 पर



मोदी के 25 साल को बताया सेवा और सुशासन की यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में 25 वर्ष पूरे होने पर साय ने उन्हें प्रदेश की जनता की ओर से बधाई दी। उन्होंने कहा कि 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में जिम्मेदारी संभालने के बाद मोदी का सार्वजनिक ⏭शेष पेज 8 पर

सिंगापुर से 41,750 करोड़ का डेटा सेंटर प्रस्ताव

साय ने अपने सिंगापुर दौरे की जानकारी देते हुए कहा कि 3 से 6 अक्टूबर तक आयोजित 'सिंगापुर-इंडिया नेटवर्क फॉर ग्रोथ फोरम-2026' में छत्तीसगढ़ की निवेश संभावनाएं रखी गईं। उन्होंने बताया कि एनजीं कैपिटल ग्लोबल ने 100 मेगावाट क्षमता का एआई-रेडी डेटा सेंटर कैंपस विकसित करने के लिए कंपनी छत्तीसगढ़ में 100 मेगावाट क्षमता का एआई-रेडी ⏭शेष पेज 8 पर

फ्रांस के हेनरी बी. कागन और जापान के केंसो सोआई को सम्मान

100 साल पुरानी पहेली सुलझाने पर रसायन का नोबेल

एजेंसी ⏭ स्टॉकहोम

स्वीडन की रॉयल एकेडमी ने 2026 का रसायन विज्ञान का नोबेल पुरस्कार देने का ऐलान कर दिया है। एकेडमी ने इस क्षेत्र में सम्मान देने के लिए दो वैज्ञानिकों के नामों की घोषणा की है। इनमें फ्रांस के हेनरी बी. कागन और जापान के केंसो सोआई के नाम शामिल हैं। उन्हें यह पुरस्कार इसलिए दिया जा रहा है कि दोनों वैज्ञानिकों ने एक बहुत पुरानी पहेली का जवाब खोज लिया है।

हमारे शरीर का निर्माण खून, मांस, प्रोटीन जैसे एक ही तरह के अणु से हुआ है। ⏭शेष पेज 8 पर



हेनरी बी. कागन — केंसो सोआई

खोज से क्या हुआ फायदा

हेनरी और कागन के खोज पर नोबेल समिति ने बताया कि इन दोनों वैज्ञानिकों ने सदी पुरानी पहेली को सुलझा दी है। इसके बाद अब वैज्ञानिक दवा बनाते समय सही अणु को चुन सकते हैं। कई दवाओं का शरीर में असर गलत रूप में नहीं होता। सही रूप से दवा सस्ती और असरदार बनेगी।

कहां के रहने वाले हैं दोनों वैज्ञानिक

फ्रांस में जन्मी कागन, फ्रांस के ओरसे में स्थित यूनिवर्सिटि पेरिस-सुड से संबद्ध हैं। वहीं, जापान में जन्मी 95 वर्षीय सोई, टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस से संबद्ध हैं। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने स्टॉकहोम में विजेता की घोषणा की। इस वर्ष पुरस्कार राशि 12 मिलियन स्वीडिश क्रोनर (लगभग 1.2 मिलियन डॉलर) है, चाहे वह किसी व्यक्ति, विजेताओं के एक छोटे समूह या किसी संगठन के लिए हो।

कागन-सोआई ने क्या की खोज?

हेनरी कागन ने 1986 में एक नया तरीका निकाला था। उन्होंने रसायन की प्रतिक्रिया को ऐसे चलाया कि एक रूप दूसरे से ज्यादा बनने लगे थे। पहले वैज्ञानिक सोचते थे कि दोनों ये दोनों हमेशा बराबर बनेंगे। इसके बाद कागन ने दिखाया कि छोटी सी शुरुआत से भी बड़ा फर्क देखने को मिल सकता है। जिस वजह से एक तरफा अणु बनाना काफी हद तक आसान हो गया। केंसो सोआई ने ⏭शेष पेज 8 पर

चिंतन

त्योहार के मौके पर महंगाई चिंता का सबब

त्योहारों का मौसम बाजार में रौनक और घरों में खुशियां लेकर आता है। लोग खरीदारी की योजनाएं बनाते हैं, बाजार उम्मीद से भरते हैं और कारोबारियों को बिक्री बढ़ने की आस रहती है, लेकिन इस बार महंगाई और महंगे होते कर्ज ने त्योहारों की इस खुशी पर चिंता की परत चढ़ा दी है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर यह स्पष्ट संकेत दिया है कि महंगाई को लेकर उसकी चिंता बढ़ी है। यानी आने वाले दिनों में आम आदमी के घरेलू बजट पर दोहरी मार पड़ सकती है। एक तरफ वस्तुओं की बढ़ती कीमतें और दूसरी तरफ कर्ज की बढ़ती लागत। रिजर्व बैंक ने रेपो रेट 5.25 से बढ़ाकर 5.50 प्रतिशत कर दिया है। लंबे अंतराल के बाद ब्याज दर में यह वृद्धि इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसका सीधा संबंध आम आदमी के ऋण से है। रेपो रेट बढ़ने पर बैंकों के लिए धन जुटाना महंगा होता है और उसका असर ग्राहकों तक पहुंचता है। फ्लोटिंग ब्याज दर वाले होम, कार और व्यक्तिगत ऋण की ईएमआई बढ़ सकती है अथवा ऋण चुकाने की अवधि लंबी हो सकती है। नए ऋण लेने वालों को भी अधिक ब्याज देना पड़ सकता है। त्योहारों के समय इसका असर बाजार की मांग पर पड़ना स्वाभाविक है। घर खरीदने, वाहन लेने या महंगे इलेक्ट्रॉनिक सामान की खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में लोग ऋण पर निर्भर हैं। ईएमआई बढ़ती है तो परिवार बड़ी खरीदारी टाल सकते हैं। इसका असर केवल उपभोक्ता पर नहीं, बल्कि दुकानदार, निर्माता, परिवहन क्षेत्र और रोजगार तक पहुंच सकता है। चिंता इसलिए भी बढ़ी है कि रिजर्व बैंक ने 2026-27 के लिए महंगाई का अनुमान 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.2 प्रतिशत कर दिया है। कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, वैश्विक परिस्थितियां और मौसम संबंधी जोखिम खाद्य महंगाई को प्रभावित कर सकते हैं। भारत में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि का सबसे ज्यादा असर मध्यम और निम्न आय वाले परिवारों पर पड़ता है। आमदनी सीमित हो और रसोई का खर्च लगातार बढ़ता जाए तो बचत और दूसरी जरूरतों के लिए पैसा कम पड़ना तय है। बेशक, अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर एक अच्छी खबर भी है। 2026-27 की आर्थिक विकास दर का अनुमान 6.7 से बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत किया है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती का संकेत है, लेकिन आर्थिक विकास का वास्तविक अर्थ तभी है, जब महंगाई की मार आम आदमी की जेब तक न पहुंचे। विकास दर बढ़े और दूसरी ओर जीवन-यापन महंगा होता जाए तो आंकड़ों की चमक और नागरिक के अनुभव के बीच अंतर बढ़ता है। रिजर्व बैंक ने अपने रुख में भी बदलाव किया है। 'कैलिब्रेटेड टाइटनिंग' का संकेत बताता है कि निकट भविष्य में ब्याज दरों में कटौती की गुंजाइश सीमित हो गई है। महंगाई पर नियंत्रण के लिए ब्याज दर बढ़ाना मौद्रिक नीति का जरूरी हथियार हो सकता है। सरकार को आपूर्ति व्यवस्था मजबूत करनी होगी, जमाखोरी और कृत्रिम महंगाई पर सख्ती करनी होगी तथा खाद्य वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी। तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों से लेकर स्थानीय बाजार में बिचौलियों की भूमिका तक, हर स्तर पर निगरानी जरूरी है। महंगाई नियंत्रित करना जरूरी है, लेकिन इसके साथ लोगों की आय और क्रय शक्ति बढ़ाना भी जरूरी है। रिजर्व बैंक का काम कीमतों की स्थिरता सुनिश्चित करना है, जबकि सरकार की जिम्मेदारी है कि इस प्रक्रिया का बोझ आम आदमी पर न्यूनतम पड़े। त्योहार बाजार की रौनक से नहीं, आम आदमी की जेब में बची खुशी से सफल होते हैं।



25 वर्षों की सेवा
नितिन नवीन

उम्मीद से विकसित भारत के संकल्प तक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन की 25 वर्षों की यात्रा को यदि एक शब्द में व्यक्त करना हो, तो वह शब्द है जनविश्वास। कालखंड वही अमर होते हैं, जो राष्ट्र के आत्मविश्वास को नई ऊर्जा और उसके सपनों को नई दिशा देते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के शासन-दायित्व के 25 वर्ष ऐसी ही परिवर्तनकारी यात्रा के साक्षी हैं। 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शुरू हुई यह यात्रा 7 अक्टूबर 2026 को 25 वर्षों की राष्ट्रसेवा के एक महत्वपूर्ण पड़ाव को पूरा कर चुकी है। निराशा से उम्मीद, उम्मीद से भरोसा और भरोसे से संकल्प तक-यह 25 वर्षों की यात्रा केवल बदलते भारत की कहानी नहीं, बल्कि उस बढ़ते आत्मविश्वास की कहानी है, जिसने देश की आकांक्षाओं को नई दिशा दी।

बात वर्ष 2012 की है। मुझे गुजरात के आनंद जिले में आयोजित सद्भावना मिशन के एक कार्यक्रम में युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री के रूप में शामिल होने का अवसर मिला था। मैंने देखा कि जिले के लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने और उनके क्रियान्वयन से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए एक विशेष मेले का आयोजन किया गया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे दिन लोगों के बीच रहे। वे उनकी बातें सुनते, समस्याओं को समझते और समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते रहे। कार्यक्रम के बाद मैंने उनसे पूछा कि वे पूरे दिन लोगों की समस्याएं सुनने और उनके समाधान के प्रयासों में स्वयं क्यों जुटे रहे। उन्होंने सहज भाव से कहा, "ये लोग केवल अपनी समस्याओं के समाधान के लिए नहीं आते। उनका मुझसे आत्मीय संबंध है, उनकी भावनाएं मुझसे जुड़ी हैं, इसलिए परिवार के सदस्य के रूप में उनके साथ रहना मेरे लिए ज्यादा महत्वपूर्ण है।"

उनका यह सहज उत्तर उस समय जितना सरल लगा, आज 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन को देखते हुए उतना ही गहरा अर्थ लिए दिखाई देता है। जनता से संवाद और उनकी समस्याओं को अपनी जिम्मेदारी मानना उनके सार्वजनिक जीवन की महत्वपूर्ण विशेषता रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन की 25 वर्षों की यात्रा को यदि एक शब्द में व्यक्त करना हो, तो वह शब्द है - जनविश्वास। कालखंड वही अमर होते हैं, जो राष्ट्र के आत्मविश्वास को नई ऊर्जा और उसके सपनों को नई दिशा देते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के शासन-दायित्व के 25 वर्ष ऐसी ही परिवर्तनकारी यात्रा के साक्षी हैं। 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शुरू हुई यह यात्रा 7 अक्टूबर 2026 को 25 वर्षों की राष्ट्रसेवा के एक महत्वपूर्ण पड़ाव को पूरा कर चुकी है। निराशा से उम्मीद, उम्मीद से भरोसा और भरोसे से संकल्प तक-यह 25 वर्षों की यात्रा केवल बदलते भारत की कहानी नहीं, बल्कि उस बढ़ते आत्मविश्वास की कहानी है, जिसने देश की आकांक्षाओं को नई दिशा दी और राष्ट्र के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान की। किसी भी देश की दिशा केवल उसकी नीतियां तय नहीं करतीं, उसके सपने भी तय करते हैं। स्वतंत्रता से पहले देश के सामने एक स्पष्ट ध्येय था - भारत माता को गुलामी की जंजीरों से मुक्त करना। उस ध्येय ने भाषाओं, क्षेत्रों और वर्गों में बंटे समाज को एक सूत्र में बांधा और हर सामान्य व्यक्ति को योगदान का अवसर दिया। स्वतंत्रता के बाद राष्ट्र निर्माण के कार्य हुए, पर उतना स्पष्ट और साझा लक्ष्य कम ही दिखाई दिया। राष्ट्र को लक्ष्य इसलिए चाहिए कि लक्ष्य ही सामान्य जन की ऊर्जा को दिशा देता है। 2010 के आसपास देश में घोर निराशा का वातावरण था-भ्रष्टाचार की खबरें, सुरक्षा को लेकर चिंता और व्यवस्था में भरोसे की कमी साफ़ दिखाई दे रही थी। इसी निराशा के बीच मोदी जी के नेतृत्व में बदलाव की उम्मीद जगी और देश नई दिशा की ओर बढ़ा। उन्होंने भारत के सामने एक बड़ा लक्ष्य रखने की बात की और कहा कि अब देश को छोटे सपने देखने की आवश्यकता नहीं, देश को बड़े सपने देखने चाहिए-2047 तक विकसित भारत। आज यह 140 करोड़ देशवासियों का संकल्प बन चुका है जिसमें विकास का अर्थ गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा, आदिवासी और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन में



अवसरों का विस्तार हो। एक समय हमारे सामने प्रश्न था, क्या भारत यह कर सकता है? आज प्रश्न है, भारत और क्या कर सकता है? यही बदलाव उम्मीद से भरोसे की ओर बढ़ते भारत की कहानी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन को समझने के लिए उनके संगठनात्मक संस्कारों को समझना जरूरी है। एक समर्पित स्वयंसेवक के रूप में काम करने से उनके भीतर यह भाव मजबूत हुआ कि सार्वजनिक जीवन का अर्थ पद नहीं, दायित्व है और राजनीति का अर्थ सत्ता नहीं, सेवा है। 7 अक्टूबर 2001 को जब उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री का दायित्व संभाला, तब राज्य 2001 के विनाशकारी भूकंप के मलबे और आंसुओं से जूझ रहा था। भुज और कच्छ के पुनर्निर्माण की उस कठिन चुनौती को उन्होंने जिस इच्छाशक्ति से संभाला, उसने आगे चलकर विकास और आपदा-प्रबंधन के वैश्विक मॉडल का रूप लिया। इसी सेवा-संस्कार को उन्होंने 2014 के बाद राष्ट्रीय स्तर पर सुशासन की रीढ़ बनाया। कभी भारत की अंतरराष्ट्रीय पहचान गंदगी, बदहाली और बीमारियों के रूप में प्रचारित की जाती थी। लाल किले की प्राचीर से जब प्रधानमंत्री ने 'स्वच्छ भारत अभियान' का आह्वान किया, तो यह केवल एक सफाई अभियान नहीं, बल्कि 'स्वच्छता ही सेवा' का एक ऐसा जन-आंदोलन बना जिसने सदियों पुरानी आदतों को बदलकर राष्ट्रीय संस्कार में ढाल दिया। इसी सोच के साथ वित्तीय समावेशन, स्वच्छता, पोषण, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा जैसे विषयों को व्यापक जनभागीदारी से जोड़ने का प्रयास हुआ। प्रधानमंत्री जन-धन योजना इसका एक उदाहरण है। अगस्त 2026 तक देश में 59.09 करोड़ जन-धन खाते खोले जा चुके हैं और इनमें लगभग 56 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं।

मोदी जी के नेतृत्व में लगभग 25 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आए। "विकलांग" से "दिव्यांग" शब्द की ओर बढ़ना केवल शब्दों का परिवर्तन नहीं, बल्कि दृष्टिकोण में बदलाव का प्रतीक था। विश्वस्तरीय एक्सप्रेस-वे, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, नमो भारत और वंदे भारत जैसी आधुनिक रेल परियोजनाएं भारत के आर्थिक भूगोल को गति दे रही हैं। अंतरिक्ष विज्ञान में चंद्रयान-3 की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर ऐतिहासिक सॉफ्ट लैंडिंग, आदित्य-एल1 का सूर्य की ओर अभियान, आगामी गगनयान मिशन और स्पेस सेक्टर में निजी क्षेत्र की क्रांति ने भारत का डंका बजाया है। सेमीकंडक्टर मिशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम टेक्नोलॉजी में भारत आज दुनिया की अगली कतार में खड़ा है। किंतु राष्ट्र का आत्मविश्वास केवल भौतिक प्रगति से पूर्ण नहीं होता; वह तब सुदृढ़ होता है जब देश को यह भरोसा हो कि राष्ट्रहित में कड़े और ऐतिहासिक निर्णय लेने में नेतृत्व कभी नहीं हिचकेगा। 25 वर्ष पहले एक स्वयंसेवक ने गुजरात में शासन की जिम्मेदारी संभाली थी। आज उसी यात्रा ने भारत के सामने 2047 के विकसित भारत का विराट संकल्प रखा है। यही संकल्प दुनिया भर में हमारे प्रधानमंत्री को मिले सम्मान में भी परिलक्षित होता है। 36 देशों के सर्वोच्च सम्मानों से सम्मानित होना बताता है कि हमारे प्रधान सेवक पर पूरी दुनिया का कितना भरोसा है। यह सम्मान प्रधानमंत्री जी का तो है ही, साथ ही यह 140 करोड़ भारतवासियों का भी सम्मान है और दुनिया भर में रह रहे प्रवासी भारतीयों के साहस, परिश्रम और सफलता का सम्मान भी। इन 25 वर्षों की सबसे बड़ी उपलब्धि केवल विकास की गति नहीं, बल्कि यह विश्वास है कि भारत बड़े सपने देख सकता है और उन्हें साकार करने का सामर्थ्य भी रखता है। आज देश अपने सामर्थ्य, संकल्प और सामूहिक शक्ति के साथ उन सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

(लेखक भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

वायु सेना दिवस
डॉ. लक्ष्मी शंकर यादव



वायुसेना की ताकत बढ़ाने की तैयारी

भारतीय वायु सेना अपनी स्थापना के 95वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। 8 अक्टूबर 1932 को प्रारंभ हुए सफर ने आज भारतीय वायु सेना को दुनिया की सबसे शक्तिशाली सेनाओं में से तीसरे स्थान पर पहुंचा दिया है। ऑपरेशन सिंदूर में अपनी क्षमता का लोहा मनवाने वाली भारतीय वायु सेना ने वर्ल्ड डायरेक्टरी ऑफ मॉडर्न मिलिट्री एयरक्राफ्ट की 2026 की रैंकिंग में लगातार तीसरा स्थान बनाए रखा है। भारतीय वायु सेना ने अपनी युद्धक क्षमता आधुनिकीकरण के दम पर चीन को पीछे छोड़ दिया है। इस रैंकिंग का आधार केवल विमानों की संख्या नहीं है बल्कि वायु सेना की मारक क्षमता, लॉजिस्टिक, पायलटों का प्रशिक्षण और युद्ध की तैयारियों को देखकर यह स्थान तय किया गया है। 94 वर्षों का यह इतिहास वायु सेना के अदम्य साहस, अभूतपूर्व शौर्य, तकनीकी विकास और देश रक्षा की पराकाष्ठा का जीवंत दस्तावेज है। इन दौरान ऐसे कई अवसर आए, जब भारतीय वायुसेना के जांबाजों ने शत्रु के दांत खट्टे करके अपनी ताकत का एहसास करवाया। ऑपरेशन सिंदूर में तो वायुसेना ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। इससे पहले भी हर चुनौती के समय भारतीय वायुसेना के विमान दुश्मन पर आफत बनकर टूटे हैं। हमेशा उन्होंने दुश्मनों को तबाह किया है और प्रत्येक युद्ध को जीतने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई है। वर्ष 1947, 1965, 1971 के भारत-पाकिस्तान के मध्य लड़े गए युद्धों तथा 1999 के कारगिल संघर्ष यानि कि ऑपरेशन सफेद सागर में भारतीय वायु सेना ने शत्रु सेना की कमर तोड़ने में मुख्य भूमिका निभाई। इसके अलावा संसार के सबसे ऊंचे सियाचिन युद्धक्षेत्र पर रसद पहुंचाना एवं आपदाओं के समय रिकॉर्डतोड़ अभियान चलाना इसकी बड़ी ताकत है। विदेशी सेनाओं के साथ युद्धाभ्यासों की मेजबानी कर अपनी रणनीतिक पहुंच को प्रदर्शित किया है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पाकिस्तान अपनी वायुसेना की ताकत बढ़ाने में लगा हुआ है। पाकिस्तान अपनी कमजोर आर्थिक स्थिति के बाद भी रक्षा बजट बढ़ाकर पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान, बिना पायलट वाले हवाई सिस्टम, आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्लेटफॉर्म, अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस सिस्टम और रणनीतिक गतिशीलता वाले प्लेटफॉर्म को अपने हवाई बेड़े में शामिल करने के प्रयास में लगा हुआ है। चीन की तरफ से भी भारत को और अधिक चुनौतियां मिल रही हैं। चीन के पास वर्तमान में 300 से ज्यादा पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान हैं। इसके अलावा वह अपने एयरबेस को और अधिक उन्नत बना रहा है। ऐसे में भारत के सामने दोहरे मोर्चे का खतरा एक बड़ी सामरिक चुनौती है, जिसके लिए भारत को तैयार रहना है। इस कारण भारतीय वायुसेना को तत्काल 250 लड़ाकू विमानों की आवश्यकता है। चीन व पाकिस्तान से मिलने वाली सामरिक चुनौतियों के मद्देनजर भारत के पास लगभग 45 स्क्वॉड्रन लड़ाकू विमान होने चाहिए। उपर्युक्त चुनौतियों के मद्देनजर वायुसेना 114 राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद की तैयारी में है। भारतीय वायु सेना प्रमुख ने हाल ही में बताया है कि इस वित्त वर्ष में बहुप्रतीक्षित बहुद्देशीय लड़ाकू विमान राफेल के सौदे को अंतिम रूप देने के लिए भारत आगे बढ़ रहा है। इन विमानों की डील अगले साल की शुरुआत में हो जाने की उम्मीद है। वायु सेना के पास अभी 26 राफेल विमान हैं। भारत रूस के पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान एसयू-57 के भारत में ही बनाए जाने की तैयारी में है। रूस ने भारत को एसयू-57 स्टील्थ लड़ाकू विमान की सौ फीसदी तकनीक के साथ-साथ सोर्स कोड दिए जाने का ऑफर दे रखा है।

इस ऑफर में रूस ने यह भी कहा है कि एचएएल के जिस प्लांट में सुखोई-30 एमकेआई का उत्पादन होता है, उसी प्लांट में एसयू-57 स्टील्थ लड़ाकू विमान का उत्पादन शुरू हो सकता है। एसयू-57 एक बहु-भूमिका वाला लड़ाकू विमान है जो हवाई क्षमता, जमीनी हमले, टोही मिशन और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध में सक्षम है। इसमें लम्बी दूरी की आर-37 एम मिसाइलें लगी हुई हैं, जिनकी मारक क्षमता 400 किलोमीटर तक है। इसके अलावा इसमें हाइपरसोनिक मिसाइलें भी लगी हुई हैं, जिनमें उन्नत एवियोनिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और सुपर कंडक्टिविटी का बेहतर संयोजन है। इस बीच अमेरिकी प्रशासन भी भारत को एफ-35 लड़ाकू विमान के सौदे का ऑफर दे रहा है, लेकिन भारत ने इसमें कोई रुचि नहीं दिखाई है। कुल मिलाकर भारत पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के निर्माण की तरफ आगे बढ़ चुका है। निश्चित है कि अब वायुसेना का विमान बेड़ा बढ़ जाएगा और भारत अपनी भविष्य की चुनौतियों से निपटने में सक्षम होगा।

(लेखक सैन्य विज्ञान विषय के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

क्रियायोग: अधिक विकसित होगी नई पीढ़ी

संकलित
दर्शन

सभी मनुष्य वस्तुतः आत्माएं ही हैं। आपके लिए मात्र जन्म के आधार पर ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं है। जिन्हें हम 'नौजवान व्यक्ति' कहते हैं, वे पुरानी आत्माएं हैं और वे प्रत्येक मनुष्य में अंतर्जात कामनाओं-सुख, सुरक्षा, प्रेम इत्यादि कामनाओं को पूर्ण करने के लिए हर प्रकार के प्रयासों और आकांक्षाओं से गुजर चुकी हैं। उन्होंने उस (पूर्ति) को प्राप्त करने के प्रयास में अनेक जन्म व्यतीत किए हैं और अंततः वे यहां आए हैं तथा जिन लोगों ने जन्म लिया है, उनमें से लाखों लोग अपने पूर्वजन्मों से विकास के उस चरण में हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण इस विषय पर प्रकाश डालते हैं। वे अर्जुन से कहते हैं, 'यदि अंतिम लक्ष्य को प्राप्त किए बिना तुम्हारे इस जीवन का अंत हो जाता है तो चिंता मत करो, क्योंकि योग-ध्यान का कोई भी प्रयास व्यर्थ नहीं होता है।' तत्पश्चात उस भक्त का एक ऐसे वातावरण में पुनर्जन्म होता है, जहां वह पुनः अपनी आगे की यात्रा प्रारंभ करता है। इसलिए जिन्हें आप 'नौजवान व्यक्ति' कह रहे हैं, वे ज्ञानीजन हैं। वे संभवतः ऐसे युद्धरत आत्माएं हैं, जो हर प्रकार के अनुभव से गुजर चुके हैं और जिनकी चेतना इस प्रकार की है कि उन्होंने विभिन्न परिस्थितियों में हर तरह के कार्य किए हैं। वे पुनः लौटकर आते हैं और कहते हैं, 'अब मैं अपना और अधिक समय व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं अपने और अधिक जन्मों को व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं वह कार्य करूंगा, जो वास्तव में मेरे आत्मा की क्षमताओं और मेरे आत्मा में विद्यमान उस दिव्य संपर्क की तृष्णा की पूर्ति करेगा।'

किसी व्यक्ति के विचार अच्छे नहीं, तो नीयत साफ नहीं

संकलित
प्रेरणा

महाभारत में द्युत क्रीड़ा में युधिष्ठिर दुर्योधन और शकुनि से सब कुछ हार गए थे। उस समय ये तय हुआ था कि जब पांडव 12 वर्ष का वनवास और 1 वर्ष का अज्ञातवास पूरा कर लेंगे, तब उन्हें उनका हारा हुआ राज्य लौटा दिया जाएगा। युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल, सहदेव और द्रौपदी का 12 वर्ष का वनवास और 1 वर्ष का अज्ञातवास पूरा हो गया था। शर्त के मुताबिक, दुर्योधन को पांडवों का राज्य लौटाना था। इसके लिए श्रीकृष्ण पांडवों के दूत बनकर हस्तिनापुर पहुंचे। भगवान ने दुर्योधन से कहा कि पांडवों ने वनवास पूरा कर लिया है, अब उन्हें उनका राज्य लौटा दो। श्रीकृष्ण की बात सुनने के बाद दुर्योधन ने पांडवों को राज्य लौटाने से मना कर दिया। दुर्योधन ने कहा कि वो पांडवों को एक गांव भी नहीं देगा। दुर्योधन की जिद के आगे धृतराष्ट्र, भीष्म, द्रोणाचार्य भी कुछ बोल नहीं सके। इसके बाद श्रीकृष्ण दरबार से जाने लगे तो दुर्योधन ने उनसे कहा कि आप हमारे अतिथि हैं, आप बिना भोजन किए न लौटें। श्रीकृष्ण ने कहा कि मैं किसी के यहां खाना खाते समय दो बातें ध्यान रखता हूं। पहली, मुझे बहुत भूख लगी हो। दूसरी, सामने वाला मुझे बहुत प्रेम से खिला रहा हो। अभी ये दोनों ही बातें नहीं हैं, न तो मुझे भूख है और न ही तुम मुझे प्रेम से निमंत्रण दे रहे हो। जैसा तुम्हारा स्वभाव है, इसमें भी कोई षड्यंत्र हो सकता है। इतना कहकर श्रीकृष्ण वहां से चले गए और बाद में भगवान ने विदुर के यहां भोजन किया था।

अंतर्मन



आज की पाती

चुनाव आयोग पर सियासी घमासान

भारतीय राजनीति में चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर शुरू हुआ विवाद अब केवल एक संवैधानिक संस्था की कार्यप्रणाली तक सीमित नहीं रह गया है। यह विवाद आने वाले समय की व्यापक राजनीतिक दिशा से भी जुड़ता दिखाई दे रहा है। विपक्षी दल विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग पर सवाल उठा रहे हैं और मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ तीखे बयान दे रहे हैं। दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी इन आरोपों को राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित बताकर विपक्ष पर पलटवार कर रही है। ऐसे वातावरण में सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि इस राजनीतिक टकराव का जवाब केवल बयानबाजी से दिया जाएगा या तथ्यों और दस्तावेजों के साथ जनता के सामने पूरी तस्वीर रखी जाएगी। -*कांतिलाल मांडोत, सूरत*

ट्रेंड

प्रतिबद्ध नेतृत्व



मोदी जी ने राजनीति को सत्ता के सुख का साधन नहीं, बल्कि जन-कल्याण और राष्ट्र-निर्माण का अनुष्ठान बना दिया है। 2047 तक 'विकसित भारत' के संकल्प को पूरा करने के लिए ऐसे ही प्रतिबद्ध नेतृत्व की आवश्यकता है। -**राजनाथ सिंह,** रक्षामंत्री

साझा संकल्प



विकसित भारत का जो सपना प्रधानमंत्री मोदी जी ने देखा था, वह अब 140 करोड़ भारतीयों का साझा संकल्प बन गया है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए हम सभी भारतीय पूरी लगन और पूरी ताकत के साथ एकजुट होकर आगे बढ़ेंगे और विकसित भारत के सपने को साकार करेंगे।
- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

बीजेपी सरकार का ज़ुल्म



मुख्यमंत्री योगी ने खुद माना है कि उनके शासन में पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक और आदिवासी) का उत्पीड़न जल्द बंद नहीं होने वाला है। दूसरे शब्दों में, आदिवासी लोगों के खिलाफ बीजेपी सरकार का ज़ुल्म और अन्याय और बढ़ेगा ही।
- **अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

मिलीभगत बेनक़ाब



संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए, कांग्रेस पार्टी और विपक्ष बार-बार सड़कों पर उतरने, गिरफ़्तारियां झेलने या कानूनी मुक़दमों का सामना करने को तैयार है। मोदी सरकार और चुनाव आयोग के बीच की यह मिलीभगत बेनक़ाब हो चुकी है।
- **मल्लिकार्जुन खरगे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

करंट अफेयर

नेपाल-चीन के बीच तातोपानी सीमा को लेकर बातचीत जारी



नेपाल बाढ़ और भूस्खलन के कारण बंद तातोपानी सीमा नाके से परिवहन सेवाएं फिर शुरू करने के लिए चीन के साथ बातचीत कर रहा है। नेपाल के एक मंत्री ने मंगलवार को यह जानकारी दी।
अवसंरचना विकास मंत्री सुनील लामसाल ने संसद की एक समिति को बताया कि तिब्बत से नेपाल को जोड़ने वाले तातोपानी व्यापार मार्ग को फिर खोलने के लिए चीनी अधिकारियों के साथ बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार चीन की सीमा पर स्थित तातोपानी और रसुवागढ़ी दोनों पारगमन बिंदुओं से परिचालन फिर शुरू करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। काठमांडू से करीब 110 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित तातोपानी सीमा नाका नेपाल और चीन के बीच एक महत्वपूर्ण व्यापार मार्ग है। वहीं, एक अन्य प्रमुख व्यापार एवं पारगमन केंद्र रसुवागढ़ी काठमांडू के उत्तर में रसुवा जिले में स्थित है। रसुवागढ़ी सीमा नाका 26 अगस्त को ऊंचाई वाले इलाके में बड़े पैमाने पर ग्लेशियर ढहने और चट्टान-बर्फ के हिमस्खलन से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके बाद ल्हेंदे, भोटेकोशी और त्रिशूली नदियों में तेज मलबे के साथ बाढ़ आई, जिसमें कम से कम 1,455 लोगों की मौत हो गई।

ऑफ बीट

आराम के समय हृदय गति की भी अपनी छिपी लय होती है



आपने संभवतः 'सर्केडियन रिदम' यानी शरीर की उस 24 घंटे की जैविक घड़ी के बारे में सुना होगा, जो हमारी नींद और जागने के चक्र को नियंत्रित करती है। लेकिन अब यह सामने आया है कि आराम की अवस्था में हृदय की गति भी ऐसी रहस्यमयी और लंबी अवधि वाली लय का अनुसरण करती है, जो बाहरी दुनिया से स्वतंत्र रूप से चलती है। आराम की अवस्था में हृदय गति से आशय उस समय प्रति मिनट दिल की धड़कनों की संख्या से है, जब व्यक्ति शांत और निष्क्रिय अवस्था में हो। यह माप तनाव, थकान और शारीरिक फिटनेस से जुड़ा होता है। अध्ययन में पता चला कि 70 प्रतिशत प्रतिभागियों की आराम की अवस्था वाली हृदय गति एक धीमी जैविक लय का अनुसरण करती थी। 'स्मार्टवॉच' यानी ऐसी डिजिटल घड़ी जो समय बताने के साथ-साथ शरीर और दैनिक गतिविधियों से जुड़ी कई जानकारियां भी दर्ज करती है। इन लय में सप्ताह, महीने या यहां तक कि 10 सप्ताह तक के अलग-अलग चक्र पाए गए। इन चक्रों के दौरान प्रति मिनट दिल की गति एक निश्चित क्रम के अनुसार बढ़ती और घटती रही। इन चक्रों की पहचान से मानव शरीर की जैविक समय-व्यवस्था के बारे में हमारी समझ का विस्तार होता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

डोंगरगढ़ जाने वालों को राहत, 10 एक्सप्रेस ट्रेनों का अस्थायी ठहराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नवरात्रि पर्व के लिए रेलवे ने अतिरिक्त ट्रेनें और ठहराव की सुविधा दी है। 11 से 20 अक्टूबर तक डोंगरगढ़ में 10 दूरगामी एक्सप्रेस ट्रेनों का अस्थायी ठहराव रहेगा। इसके अलावा तीन मेमू की सेवाओं में विस्तार किया गया है, जिसमें एक डोंगरगढ़-दुर्ग के बीच स्पेशल मेमू भी शामिल है। इससे रायपुर और आसपास के शहरों से आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को पूरे दिन अलग-अलग समय पर ट्रेन की सुविधा मिल सकेगी। रेलवे के अनुसार, गोंदिया-दुर्ग-गोंदिया मेमू को रायपुर तक विस्तारित किया जा रहा है। वहीं रायपुर-डोंगरगढ़-रायपुर मेमू को गोंदिया तक विस्तार दिया जा रहा है। साथ ही डोंगरगढ़-दुर्ग-डोंगरगढ़ मेमू स्पेशल भी चलाई जाएगी। इन सेवाओं के कारण नवरात्रि मेले के दौरान डोंगरगढ़ पहुंचने और दर्शन के बाद लौटने के लिए यात्रियों को अतिरिक्त विकल्प मिलेंगे।

सुबह 5.40 से रात 9.56 बजे तक इन ट्रेनों का ठहराव

डोंगरगढ़ में अस्थायी रूप से रुकने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों में बिलासपुर-भगत की कोठी, भगत की कोठी-बिलासपुर, बिलासपुर-बीकानेर, बीकानेर-बिलासपुर,



बिलासपुर-चेन्नई, चेन्नई-बिलासपुर, बिलासपुर-पुणे, पुणे-बिलासपुर और सिकंदराबाद-रायपुर व रायपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस शामिल हैं। इनमें सुबह 5.40 बजे भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस और बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस डोंगरगढ़ पहुंचकर दो मिनट रुकेंगी। इसके बाद दिन में 10.18, 10.46, 11.58, 12.16 और 14.36 बजे आने वाली ट्रेनों से भी श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी। शाम और रात में 18.30 बजे रायपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस तथा 21.56 बजे बिलासपुर-भगत की कोठी और बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस का ठहराव रहेगा।

दो मिनट का ठहराव, समय देखकर बनाएं दर्शन की योजना

रेलवे ने सभी 10 एक्सप्रेस ट्रेनों के डोंगरगढ़ स्टेशन पर दो-दो मिनट के अस्थायी ठहराव का समय निर्धारित किया है, इसलिए यात्रियों को स्टेशन पर ट्रेन के निर्धारित समय से पहले पहुंचने की तैयारी करनी होगी।

नवरात्रि मेले के दौरान भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं को वापसी की ट्रेन का समय पहले से देखकर यात्रा की योजना बनाने में सुविधा होगी।

रायपुर से जाने और लौटने वालों के लिए बढ़ेंगे विकल्प

रायपुर से डोंगरगढ़ जाने वाले यात्रियों के लिए विस्तारित मेमू और एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव से अतिरिक्त विकल्प उपलब्ध होंगे। वहीं डोंगरगढ़ में दर्शन के बाद रायपुर लौटने वाले यात्रियों को भी अलग-अलग समय पर ट्रेनें मिल सकेंगी। यह व्यवस्था खासतौर पर 11 से 20 अक्टूबर के बीच नवरात्रि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रखते हुए की गई है।

तमनार में अध्यक्ष पद अनारक्षित महिला, बड़ी करेली में रहेगा मुक्त

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

नवगठित नगर पंचायतों तमनार (रायगढ़) और बड़ी करेली (धमतरी) के अध्यक्ष पदों का आरक्षण बुधवार को लॉटरी के जरिए तय किया गया। नवा रायपुर के इंद्रावती भवन स्थित नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय में निर्धारित नियमों और प्रक्रिया के तहत आरक्षण की कार्यवाही पूरी की गई।

- नवगठित नगर पंचायतों के अध्यक्ष पदों का आरक्षण तय

लॉटरी में नगर पंचायत तमनार का अध्यक्ष पद अनारक्षित महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुआ, जबकि बड़ी करेली का अध्यक्ष पद अनारक्षित (मुक्त) घोषित किया गया। आरक्षण प्रक्रिया शासन द्वारा नियुक्त विहित प्राधिकारी एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक नीलेश महादेव क्षीरसागर की उपस्थिति में संपन्न हुई।

दी गई प्रावधानों की जानकारी

कार्यवाही शुरू होने से पहले उपस्थित नागरिकों को आरक्षण नियम, 1999 के प्रावधानों की जानकारी दी गई। इसके बाद निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार दोनों नगर पंचायतों के अध्यक्ष पदों के लिए लॉटरी निकाली गई। अधिकारियों ने बताया कि आरक्षण की पूरी प्रक्रिया शासन के निर्धारित नियमों एवं प्रावधानों के अनुरूप पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न की गई। इस दौरान तमनार और बड़ी करेली के नागरिकों के अलावा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अपर संचालक पुलक भट्टाचार्य सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।



अपराधिक मामले की जानकारी देने भर से नहीं मिलता नियुक्ति का अधिकार - हाईकोर्ट

नियुक्ति के समय उम्मीदवार के चरित्र और पिछले रिकॉर्ड की पूरी जांच जरूरी

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने कांस्टेबल (जीडी) पद पर नियुक्ति के मामले में कहा है कि, आपराधिक मामला लंबित होना हर स्थिति में स्वतः अयोग्यता नहीं है, लेकिन केवल मामले की जानकारी देने से उम्मीदवार को नियुक्ति का अधिकार भी नहीं मिल जाता। कोर्ट ने सक्षम अथॉरिटी को उम्मीदवार की पूरी आपराधिक पृष्ठभूमि की जांच कर कानून के अनुसार निर्णय लेने का निर्देश दिया है।

नरेंद्र पाल बर्मन ने बलौदाबाजार-भाटापारा जिला पुलिस में कांस्टेबल (जीडी) पद के लिए भर्ती प्रक्रिया में हिस्सा लिया था। शारीरिक दक्षता और लिखित परीक्षा में सफल होने के बाद अनुसूचित जाति वर्ग की वेटिंग लिस्ट में वह प्रथम स्थान पर था। आगे की प्रक्रिया में उसने अटेस्टेशन फॉर्म सहित दस्तावेज जमा किए और अपने खिलाफ दर्ज दो एफआईआर की जानकारी दी। उनकी ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मतीन सिद्दीकी ने नियुक्ति पर विचार की मांग की। शासन की ओर से कहा गया कि याचिकाकर्ता के खिलाफ दो नहीं, बल्कि कुल 10 आपराधिक मामले हैं और इनमें धारा 307 जैसे गंभीर आरोप भी शामिल हैं। शासन ने कहा कि पूरी आपराधिक पृष्ठभूमि का खुलासा नहीं करना उसकी नियुक्ति की उपयुक्तता पर विचार करते समय महत्वपूर्ण है। केवल वेटिंग लिस्ट में नाम होने से नियुक्ति का अधिकार नहीं मिलता।

पुलिस एक अनुशासित बल है

कोर्ट ने कहा कि पुलिस एक अनुशासित बल है, इसलिए नियुक्ति के समय उम्मीदवार के चरित्र और पिछले रिकॉर्ड की पूरी जांच जरूरी है। सक्षम अथॉरिटी को आरोपों की प्रकृति, गंभीरता, मामलों की स्थिति, उम्मीदवार द्वारा किए गए खुलासे और अन्य संबंधित तथ्यों पर विचार करना होगा। हाईकोर्ट ने सक्षम अथॉरिटी, स्क्रीनिंग कमेटी को सभी आपराधिक मामलों की जानकारी सत्यापित कर याचिकाकर्ता की उम्मीदवारी पर कानून के अनुसार निर्णय लेने का निर्देश दिया। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि उसने नियुक्ति के लिए याचिकाकर्ता की अंतिम उपयुक्तता पर कोई राय नहीं दी है।

पॉक्सो में बरी युवक को हाईकोर्ट ने सजा सुनाई

बिलासपुर। पॉक्सो मामले में हाईकोर्ट ने जिला अदालत के फैसले को पलटते हुए जगदलपुर के नेगीगुड़ा निवासी 26 वर्षीय रजत बोस को 20 साल की सजा सुनाई है। जिला अदालत ने पहले आरोपी को मामले में बरी कर दिया था। इसके बाद पीड़िता के परिजनों ने फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट की डबल बेंच में हुई। हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद आरोपी को दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष की सजा सुनाई। हाईकोर्ट के फैसले के बाद आरोपी को आत्मसमर्पण के लिए समय दिया गया था। तय अवधि में सरेंडर नहीं करने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया।

बिरगांव निगम चुनाव से पहले मतदाता सूची होगी अपडेट प्रारंभिक प्रकाशन 23 को, दावा-आपत्ति 30 अक्टूबर तक

मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 30 नवंबर को

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

बिरगांव नगर निगम चुनाव की तारीख की अभी घोषणा नहीं हुई है, लेकिन संभवतः दिसंबर में प्रस्तावित चुनाव को लेकर स्थानीय निर्वाचन कार्यालय ने तैयारियां तेज कर दी है। इसके लिए बिरगांव निगम क्षेत्र में रहने वाले मतदाताओं की सूची का प्रारंभिक एवं अंतिम प्रकाशन के लिए उसे अपडेट करने संबंधित अधिसूचना छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग जारी कर चुका है। इस कार्यक्रम के तहत मदताता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन से 23 अक्टूबर को किया जाएगा। इसके लिए 30 अक्टूबर तक दावा-आपत्तियां भी मंगाई है। इसी प्रकार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 30 नवंबर को किया जाएगा।

दो चरण में तैयारियां की जा रही

राज्य निर्वाचन आयोग के आदेश के तहत बिरगांव नगर निगम चुनाव के लिए मतदाता सूची को अपडेट कर प्रकाशन के लिए दो चरण में निर्वाचक नामावली तैयार कराया जा रहा है। इसके तहत प्रथम चरण में 5 अक्टूबर को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति करने से लेकर प्रारंभिक प्रारूप मतदाता सूची तैयार करने के लिए कर्मचारियों का चयन एवं नियुक्ति कर दी गई है।इसके साथ ही चयन एवं नियुक्त किए गए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदाता सूची तैयार करने संबंधी प्रशिक्षण भी दिया गया है। इस चरण में प्रचलित परिसीमन के आधार पर रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा मतदाता सूची का वार्डवार एवं भागवार मार्किंग किया जाएगा, जिसे साफ्टवेयर के माध्यम से दर्शित वार्ड के संबंधित भाग के अनुभाग में शिफ्ट किया जाना है। इस मतदाता सूची की पीडीएफ तैयार करने के बाद जांच, त्रुटि सुधार, संशोधन के बाद मतदाता सूची मुद्रण का काम होगा। आयोग के आदेश के तहत दूसरे चरण में 23 अक्टूबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन के साथ दावा-आपत्तियां मंगाई गई है। यह दावा-आपत्तियां 30 अक्टूबर तक किया जा सकेगा। इन दावा-आपत्तियों का निराकरण 3 नवंबर तक किए जाएंगे, जिसके बाद प्रारूप क्रमांक-1 में रजिट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को 11 नवंबर तक दावा प्रस्तुत करना होगा, वहीं निराकरण आदेश के विरुद्ध 5 दिनों के भीतर अपील किया जा सकेगा। इसके बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 30 नवंबर को होगा। बिरगांव नगर निगम चुनाव के लिए 40 वार्डों में पहले ही आरक्षण की प्रक्रिया हो चुकी है। नए सिरे से परिसीमन होने के बाद 40 वार्डों में से 13 ओबीसी, 5 एससी, 2 एसटी और 20 सामान्य वर्ग के लिए तय किए गए हैं। निगम में इस बार महापौर का पद भी महिला वर्ग के लिए आरक्षित है।

14 वर्ष पहले 15 लाख में खरीदी जमीन, बगैर सूचना दिए बुकिंग निरस्त, अब बिल्डर देगा 34 लाख

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) ने आबंटी के हितों की सुरक्षा से जुड़े एक महत्वपूर्ण प्रकरण में आदेश पारित करते हुए सेजबहार के प्रमोटर वत्सल्य डेवलपर्स को प्लॉट की बुकिंग के लिए आबंटी द्वारा जमा की गई राशि ब्याज सहित वापस करने के निर्देश दिए हैं। प्राधिकरण ने प्रमोटर को 15 लाख 9 हजार 300 रुपए की मूल राशि तथा 18 लाख 60 हजार 956 रुपये ब्याज सहित कुल 33 लाख 70 हजार 256 रुपये आबंटी को भुगतान करने का आदेश दिया है। प्रकरण के अनुसार आबंटी ने वर्ष 2012 में प्रमोटर के साथ अनुबंध कर एक आवासीय प्लॉट बुक किया था। अनुबंध की शर्तों के अनुसार आबंटी द्वारा वर्ष 2012 से 2015 के बीच प्लॉट के लिए कुल 15 लाख 9 हजार 300 रुपये की राशि प्रमोटर को अदा की गई थी। निर्धारित राशि का भुगतान किए जाने के बावजूद प्रमोटर द्वारा आबंटी को प्लॉट का कब्जा प्रदान नहीं किया गया। प्रकरण में यह भी सामने आया कि प्रमोटर द्वारा आबंटी की बुकिंग बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त कर दी गई थी। राशि का भुगतान करने के बाद भी प्लॉट का कब्जा नहीं मिलने और बुकिंग निरस्त किए जाने पर आबंटी ने अपने हितों की रक्षा तथा जमा राशि की वापसी के लिए रेरा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया। प्राधिकरण ने प्रकरण में प्रस्तुत दस्तावेजों एवं उपलब्ध अभिलेखों का परीक्षण करने के बाद आबंटी के पक्ष में आदेश पारित किया।

- चुकाने होंगे 15 .09 लाख रुपए मूल राशि के साथ 18 .61 लाख रुपए ब्याज

बिजली कटौती और लो-वोल्टेज के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

रायपुरा क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती, लो-वोल्टेज और विद्युत संबंधी शिकायतों के निराकरण में देरी के विरोध में शहर जिला कांग्रेस ने चंगोराभाटा स्थित विद्युत मंडल कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। माधवराव सप्रे वार्ड के सत्यम विहार, मिनी टॉकीज रोड, ढीमरपारा, निषादपारा, कुम्हारपारा, जोरापारा, विप्र नगर और विकास विहार के नागरिकों ने कांग्रेस नेताओं के साथ धरना दिया।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि ट्रांसफार्मर, केबल और इंसुलेटर में बार-बार खराबी के कारण क्षेत्र में घंटों बिजली गुल रहती है। कई बार रातभर बिजली बंद रहने और 10-12 घंटे बाद आपूर्ति बहाल होने की शिकायत भी की गई।

प्रदर्शनकारियों ने विद्युत व्यवस्था में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने नए मीटर लगाने के नाम पर कथित अवैध वसूली, एक ही परिवार के कई सदस्यों की एक ही स्थान पर पदस्थापना तथा घटिया केबल, इंसुलेटर और ट्रांसफार्मर लगाए जाने के आरोप भी लगाए। मेनन ने प्रदर्शन के दौरान रायपुर संभाग विद्युत मंडल के कार्यपालक निदेशक संजीव सिंह से फोन पर चर्चा कर क्षेत्र की विद्युत समस्या का समाधान नहीं कर पाने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि रायपुरा में बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो विद्युत मंडल मुख्यालय का घेराव किया जाएगा। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बिजली कटौती के लिए वर्तमान विद्युत व्यवस्था को जिम्मेदार ठहराते हुए अधिकारियों-कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। वहीं कांग्रेस नेताओं ने क्षेत्रीय विधायक राजेश मूणत, महापौर मीनल चौबे और स्थानीय पार्षद को भी क्षेत्र की समस्याओं के लिए जिम्मेदार ठहराया।

यूनियन बैंक में सेंधमारी, स्ट्रांग रूम, कैश वाल्ट तोड़ रकम चुराने की कोशिश

हरिभूमि न्यूजःरायपुर

आमानाका थाना क्षेत्र के टाटीबंध, चंदनीडीह स्थित यूनियन बैंक की शाखा में अज्ञात बदमाशों ने सेंधमारी कर स्ट्रांग रूम तथा कैश वाल्ट को तोड़ रकम चुराने की कोशिश की। घटना सोमवार-मंगलवार दरमियानी रात की है। चोर बैंक में सेंधमारी करने के साथ ही बैंक में लगे शटर का ताला भी तोड़ दिए हैं। इसके अलावा बैंक के मॉनिटर सहित अन्य उपकरणों में तोड़फोड़ की है। वारदात के तरीका को देखते हुए पुलिस घटना में स्थानीय बदमाशों के हाथ होने की आशंका व्यक्त की है।

बैंक मैनेजर गणेश कुमार मिश्रा ने बैंक में तोड़फोड़ तथा चोरी करने की कोशिश करने की थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि पांच अक्टूबर की शाम करीब सात बजे दैनिक कामकाज पूरा होने के बाद बैंक बंद कर दिया गया था। छह अक्टूबर की सुबह करीब 9:30 बजे बैंक कर्मचारी दानिश खान शाखा खोलने पहुंचे। उन्होंने शाखा प्रमुख के केबिन के प्रवेश द्वार का ताला टूटा और शटर क्षतिग्रस्त देखा। इसकी सूचना तत्काल शाखा प्रबंधक को दी गई।

स्ट्रांग रूम घुसने की कोशिश नाकाम

मौके पर पहुंचकर बैंक मैनेजर ने घटना स्थल का जायाजा लिया तो उन्होंने पाया का चोर बैंक के खिड़की का शीशा तोड़ दिया था। चेकबुक ड्रॉप बाक्स और टेबल की दराज को नुकसान पहुंचाया गया था। बैंक का कंप्यूटर स्क्रीन और मानिटर भी क्षतिग्रस्त मिला। सबसे महत्वपूर्ण बात यह सामने आई कि कैश वाल्ट और स्ट्रांग रूम के लाक को भी तोड़कर खोलने का प्रयास किया गया था, जिसमें वो सफल नहीं हो पाया। बैंक प्रबंधन ने पुलिस को बताया है कि शाखा में रखी नकदी, अभिलेख, दस्तावेज और अन्य परिसंपत्तियों का विस्तृत आकलन अभी किया जाना बाकी है। इसके बाद ही वास्तविक वित्तीय नुकसान और संपत्ति को हुई क्षति का पता चल सकेगा। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है।



मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए, हम क्या आहार ले रहे हैं, इसकी गुणवत्ता पोषण पर भी ध्यान देना जरूरी है। जानिए ऐसी डाइट के बारे में, जिससे आप रहेंगे मेंटली हेल्दी।

वर्ल्ड मेंटल हेल्थ-डे
10 अक्टूबर, स्पेशल

तन ही नहीं मन पर भी पड़ता है डाइट का असर

डाइट सजेशन
संध्या रानी



हम जो भी भोजन खाते हैं, उसका असर केवल हमारे शरीर पर ही नहीं, बल्कि हमारे मस्तिष्क और मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। संतुलित और पौष्टिक भोजन शरीर को ऊर्जा देने के साथ-साथ मस्तिष्क के सामान्य काम-काज, अच्छी नींद और मूड को अच्छा बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

कॉम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट: भोजन में ओट्स, ब्राउन राइस, ज्वार, बाजरा और साबुत अनाज जैसे कॉम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट शामिल करने से इनका पाचन धीरे-धीरे होता है और रक्त में ग्लूकोज का स्तर अपेक्षाकृत स्थिर बना रहता है। रक्त शर्करा का स्तर अचानक कम होने पर चिड़चिड़ापन और घबराहट जैसी भावनाएं बढ़ सकती हैं। इसके विपरीत, स्थिर ग्लूकोज स्तर शरीर को लगातार ऊर्जा देने में मदद करता है। साथ ही, कार्बोहाइड्रेट युक्त भोजन सेरोटोनिन के निर्माण की प्रक्रिया में भी भूमिका निभा सकता है। सेरोटोनिन फील-गुड हार्मोन है, जो मूड तथा भावनात्मक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



प्रोबायोटिक-फर्मेंटेड फूड्स: पारंपरिक भारतीय खाद्य पदार्थ जैसे दही, इडली, डोसा, अचार और छाछ प्रोबायोटिक्स से भरपूर होते हैं। आंतों में मौजूद अच्छे जीवाणु लगभग 90 प्रतिशत सेरोटोनिन नामक यौगिक के उत्पादन में योगदान देते हैं। जब आंतों का सूक्ष्मजीव समुदाय संतुलित रहता है, तो यह तनाव, चिंता और मानसिक थकान जैसे लक्षणों को बेहतर ढंग से संभालने में शरीर का सहयोग कर सकता है।

ओमेगा-3 फैटी एसिड: मछली में पाया जाने वाला ओमेगा-3 फैटी एसिड मस्तिष्क की कोशिकाओं की झिल्ली की संरचना और उनके सामान्य कामकाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शरीर में ओमेगा-3 की कम मात्रा और डिप्रेशन के लक्षणों के बीच संबंध देखा गया है। इसलिए आहार में पर्याप्त मात्रा में ओमेगा-3 शामिल करना मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी उपयोगी हो सकता है। शाकाहारी लोग अखरोट, अलसी के बीज और चिया सीड्स से ओमेगा-3 प्राप्त कर सकते हैं।

ट्रिप्टोफैन युक्त फूड्स: अंडे, दूध, पनीर, केला और कद्दू के बीज जैसे खाद्य पदार्थों में ट्रिप्टोफैन (अमीनो एसिड) पाया जाता है। ट्रिप्टोफैन शरीर में सेरोटोनिन के निर्माण की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यदि रात के भोजन में ट्रिप्टोफैन युक्त खाद्य पदार्थों को संतुलित मात्रा में शामिल किया जाए, तो वे अच्छी नींद और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने में मदद कर सकते हैं। मैग्नीशियम की कमी से मांसपेशियों में जकड़न, थकान और घबराहट जैसी समस्याएं हो सकती हैं। मेथी, पालक, कद्दू के बीज, बादाम और डार्क चॉकलेट जैसे मैग्नीशियम से भरपूर खाद्य पदार्थ शरीर को मैग्नीशियम की आवश्यक मात्रा प्राप्त करने में मदद करते हैं। मैग्नीशियम तंत्रिका तंत्र के सामान्य कामकाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और तनाव से जुड़ी शरीर की प्रक्रियाओं को संतुलित रखने में भी सहायक हो सकता है।

विटामिन डी: अंडे की जर्दी, मशरूम और फोर्टिफाइड दूध विटामिन डी के अच्छे स्रोत हैं। विटामिन डी की कमी मौसमी तनाव और लगातार उदासी की भावना से जुड़ी हो सकती है। सुबह की धूप के साथ-साथ इन खाद्य पदार्थों को आहार में शामिल करना विटामिन डी की पूर्ति के लिए एक अच्छा विकल्प है।

एंटीऑक्सीडेंट युक्त फल-सब्जियां: नियमित रूप से अपने भोजन में रंग-बिरंगे फल और सब्जियों को शामिल करना मानसिक स्पष्टता और भावनात्मक स्थिरता बनाए रखने में मददगार साबित हो सकता है। जामुन, संतरा, अनार, टमाटर और शिमला मिर्च जैसे रंगीन फल और सब्जियां एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं। ये शरीर में ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करने और मस्तिष्क की कोशिकाओं की रक्षा करने में मदद करते हैं। ये विटामिन मस्तिष्क को स्वस्थ बनाए रखने में सहायक हैं। *

(डाइटिशियन डॉ. अंशु चौहान से बातचीत पर आधारित)

पूरी तरह हेल्दी रहने के लिए केवल शारीरिक ही नहीं मानसिक तौर पर भी स्वस्थ रहना जरूरी होता है। आज के तनावपूर्ण और भागदौड़ भरी जीवनशैली में अनेक लोग चिंता, अवसाद और तनाव जैसी मानसिक समस्याओं का सामना कर रहे हैं। ऐसे में यह जानना बहुत जरूरी है कि इन समस्याओं के कारण क्या हैं, इनकी पहचान कैसे होती है और इनका उपचार कैसे कर सकते हैं?

फिजिकल की तरह ही इंपॉर्टेंट है मेंटल हेल्थ

डॉक्टर्स एडवाइस



डॉ. अपर्णा रामकृष्णन
सीनियर साइकिएट्रिस्ट
कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

आज की तेज रफ्तार जिंदगी में तनाव, चिंता और भावनात्मक थकान बहुत कॉमन हो गए हैं। काम का दबाव, पढ़ाई से जुड़ी जिम्मेदारियां, आर्थिक चिंताएं, रिश्तों में कठिनाइयां, नींद की कमी और लगातार डिजिटल दुनिया से जुड़े रहना धीरे-धीरे व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। कभी-कभार होने वाला तनाव कठिन परिस्थितियों के प्रति शरीर और मन की सामान्य प्रतिक्रिया है, लेकिन यदि भावनात्मक परेशानी लगातार बनी रहे तो उसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

तनाव जीवन का एक स्वाभाविक हिस्सा है, लेकिन जब यह लगातार बना रहे और व्यक्ति की नींद, भूख, एकाग्रता, रिश्तों या काम और दैनिक जीवन में सामान्य रूप से कार्य करने की क्षमता को प्रभावित करने लगे, तो डॉक्टर से कंसल्ट करने की आवश्यकता हो सकती है।

अपनाएं बैलेंस्ड लाइफस्टाइल

अच्छे मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए पहला कदम स्वस्थ दैनिक आदतें विकसित करना है। नियमित समय पर सोना-जागना, शारीरिक रूप से सक्रिय रहना, संतुलित भोजन करना, पर्याप्त आराम करना और अपने शौक के लिए समय निकालना भावनात्मक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में मदद कर सकता है। परिवार और दोस्तों के संपर्क में रहना तथा अपनी भावनाओं के बारे में खुलकर बातचीत करना अकेलेपन की भावना को भी कम कर सकता है। यह पहचानना भी बहुत जरूरी है कि रोजमर्रा का तनाव कहीं गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्या का रूप तो नहीं ले रहा है।

हार्मफुल है अधिक चिंता करना

चिंता का असर मन और शरीर दोनों पर पड़ सकता है। लगातार चिंता करते रहना, बेचैनी, चिड़चिड़ापन, ध्यान लगाने में परेशानी, नींद खराब होना तथा लगातार डर या घबराहट महसूस होना रोजमर्रा की जिंदगी में बाधा डाल सकता है।

कुछ लोगों में इसके शारीरिक लक्षण भी दिखाई दे सकते हैं, जैसे- दिल की धड़कन तेज होना, अधिक पसीना आना, मांसपेशियों में तनाव या थकान, मुंह का सूखना, सीने में जकड़न, गला



घुटने जैसा महसूस होना, ऐसा लगना कि ठीक से सांस नहीं ले पा रहे हैं।

हालांकि हर बार चिंता या घबराहट होना एंग्जाइटी डिसऑर्डर (चिंता संबंधी विकार) का संकेत नहीं होता। लेकिन जब चिंता बार-बार होने लगे, बहुत ज्यादा बढ़ जाए, व्यक्ति को काफी मानसिक परेशानी देने लगे या उसके काम, पढ़ाई, रिश्तों अथवा दैनिक गतिविधियों को प्रभावित करने लगे, तो किसी योग्य मनोचिकित्सक या क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट से जांच/सलाह लेना महत्वपूर्ण है।

डिप्रेशन को समझना है जरूरी

आज के दौर में डिप्रेशन (अवसाद) एक सामान्य मानसिक स्वास्थ्य समस्या बनती जा रही है, जिसे कई बार पहचाना नहीं जा पाता। यह केवल कुछ समय के लिए उदास रहने या किसी काम को करने की इच्छा न होने तक सीमित नहीं होता है। डिप्रेशन व्यक्ति के सोचने और महसूस करने के तरीके को प्रभावित कर सकता है। वह अपने बारे में, अपने आस-पास की परिस्थितियों के बारे में और अपने भविष्य के बारे में किस तरह सोचता है। इसका असर नींद, काम और दूसरे लोगों के साथ बातचीत पर भी पड़ सकता है।

डिप्रेशन के प्रमुख लक्षण

डिप्रेशन के प्रमुख लक्षणों में शामिल हैं-दिन के अधिकांश समय उदासी या खालीपन महसूस होना। उन गतिविधियों में रुचि या आनंद कम हो जाना, जिनमें पहले खुशी मिलती थी। ऊर्जा की कमी महसूस होना। लोगों से बातचीत करने में रुचि कम होना। नींद या भूख में बदलाव होना। ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई महसूस होना। अपराधबोध या खुद को बेकार समझना। निराशा और असहायता की भावना। मृत्यु की इच्छा या आत्महत्या के विचार आना। इनके अलावा कुछ लोग परिवार और दोस्तों से दूरी बनाने लगते हैं या उन गतिविधियों को करना बंद कर देते हैं, जिनका वे पहले आनंद लेते थे। डिप्रेशन कभी-कभी बिना किसी स्पष्ट कारण के शरीर में दर्द, जल्दी चिड़चिड़ापन या नशीले पदार्थों के सेवन में बढ़ोतरी के रूप में भी दिखाई दे सकता है।

डिप्रेशन का ट्रीटमेंट

डिप्रेशन को केवल एक दौर या ऐसी चीज समझकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, जिसे व्यक्ति बस अपनी इच्छा से ठीक कर सकता है। जब लक्षण लगातार बने रहें और दैनिक जीवन को प्रभावित करने लगें, तो एक्सपर्ट डॉक्टर की गाइडेंस जरूरी है। डिप्रेशन का इलाज संभव है और समय पर उपचार शुरू करने से महत्वपूर्ण फर्क पड़ सकता है। डिप्रेशन का उपचार हर व्यक्ति के लिए अलग हो सकता है। इसमें साइकोथेरेपी, जीवनशैली में बदलाव और जरूरत के अनुसार दवाएं शामिल हो सकती हैं। अनुभवी मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ लक्षणों का मूल्यांकन करके उचित उपचार का सुझाव दे सकते हैं।

ऐसे करें मेंटल हेल्थ केयर

अपने मानसिक स्वास्थ्य पर भी नियमित ध्यान देने की जरूरत होती है, ठीक उसी तरह जैसे हम अपने शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखते हैं। इसके लिए पर्याप्त नींद लेना, सक्रिय रहना, अच्छे और महत्वपूर्ण रिश्तों को बनाए रखना, अपने लिए वास्तविक और उचित अपेक्षाएं रखना तथा आराम करने और तनाव कम करने के लिए समय



निकालना भावनात्मक रूप से सशक्त करने में मदद कर सकता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हेल्थ के लिए मदद मांगना कमजोरी की निशानी नहीं है। यह पहचानना कि कुछ ठीक नहीं है और किसी योग्य विशेषज्ञ से सहायता लेना सुधार और स्वस्थ होने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। किसी भी प्रकार की मानसिक समस्या को शुरुआती स्तर पर पहचानने और मनोचिकित्सक से परामर्श लेने पर लोग तनाव और चिंता को बेहतर तरीके से नियंत्रित कर सकते हैं। इसी तरह डिप्रेशन का उचित उपचार लेना और रोजमर्रा की जिंदगी की चुनौतियों से निपटने के स्वस्थ तरीके विकसित करना सीख सकते हैं। इससे आप मेंटली हेल्दी रहेंगे। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला



कब लें साइकिएट्रिस्ट से सलाह

किसी भी तरह की मानसिक समस्या के बारे में डॉक्टर से कंसल्ट करने के लिए लक्षणों के बहुत गंभीर होने तक इंतजार करना जरूरी नहीं है। यहां बताई जा रही स्थितियां भी मनोचिकित्सक से बात करने के लिए पर्याप्त हो सकती हैं।

- अगर आप अपने मूड, नींद या भूख में लगातार बदलाव महसूस करते हैं।
- अगर आप अपनी रोजमर्रा की जिम्मेदारियों को संभालने में कठिनाई महसूसते हैं।
- अपने करीबी लोगों से दूरी बनाने लगना।
- हर समय बेवजह बहुत ज्यादा या नियंत्रण से बाहर लगने वाली चिंता।
- पहले पसंद आने वाली गतिविधियों में रुचि खत्म हो जाना।
- यदि किसी व्यक्ति को खुद को नुकसान पहुंचाने या आत्महत्या के विचार आ रहे हों, तो तुरंत मनोचिकित्सक से मदद लेनी चाहिए।

डिजीज
डॉ. जे. रावत
सीनियर फिजीशियन, दिल्ली

अकसर लोग मामूली चोट को नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन कई बार छोटी सी चोट भी सेप्सिस में बदल जाती है और जानलेवा साबित हो सकती है। इसलिए इसके बारे में पूरी जानकारी होना आवश्यक है। सेप्सिस के कारण, लक्षण और उपचार के बारे में बहुत उपयोगी सलाह।

कहीं चोट न बन जाए जानलेवा सेप्सिस



सेप्सिस या सेप्टिसीमिया सीवियर मेडिकल स्थिति है, जो छोटी-सी चोट या घाव से शुरू हो सकती है। जिस पर ध्यान न देने पर यह जानलेवा हो सकती है। सेप्सिस में हमारा शरीर किसी इंफेक्शन के प्रति इम्यून रिएक्शन देने लगती है। इसकी वजह से शरीर अपने ही टिश्यूज को डैमेज करने लगता है यानी खुद को नुकसान पहुंचाना शुरू कर देता है।

असल में हमें किसी तरह का इंफेक्शन (फंगल, वायरल, बैक्टीरियल) होता है, तब हमारे शरीर का इम्यून सिस्टम उस इंफेक्शन के खिलाफ रि-एक्शन करता है। इस रि-एक्शन के दौरान शरीर कई तरह के एंजाइम्स या प्रोकैल्सिटोनिन प्रोटीन रिलीज करता है, जो आमतौर पर शरीर को इंफेक्शन से बचाते हैं। लेकिन सेप्सिस की स्थिति में शरीर का इम्यून सिस्टम इन एंजाइम्स को ठीक तरह रिस्पांड नहीं कर पाता या कंट्रोल से बाहर हो जाता है। यह रिएक्शन इतना बढ़ जाता है कि शरीर अपने ही अंदरूनी अंगों को नुकसान पहुंचाना शुरू कर देता है।

सेप्सिस की एडवांस स्टेज को सेप्टिक शॉक मल्टीऑर्गन फेलियर कहा जाता है। इसमें इंफ्लामेटरी रिस्पांस की वजह शरीर में डिहाइड्रेशन होना शुरू हो जाता है, ब्लड सर्कुलेशन में बदलाव आने लगता है, मरीज का ब्लड प्रेशर बहुत कम हो जाता है। इस कॉम्प्रोमाइज सर्कुलेटरी सिस्टम के कारण शरीर के विभिन्न अंगों तक ऑक्सीजन ठीक तरह से नहीं पहुंच पाती। जिसका असर फेफड़ों, हार्ट, किडनी जैसे अंगों पर पड़ता है। शरीर में शॉक और मल्टीऑर्गन फेलियर जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है। मरीज की मौत भी हो सकती है।

क्या कहते हैं आंकड़े: एक रिपोर्ट के हिसाब से पूरे एशिया में भारत सेप्सिस से होने वाली मौतों (तकरीबन 34 प्रतिशत) में दूसरे नंबर पर आता है। आईसीयू में भर्ती लोगों को इसका ज्यादा खतरा होता है। विडंबना है कि इसके बारे में लोगों में जागरूकता की कमी है और इसकी वजह से लाखों लोगों को जान गंवानी पड़ती है। डब्ल्यूएचओ के आंकड़े बताते हैं कि दुनिया में हर 3 सेकेंड में किसी एक व्यक्ति की सेप्सिस से मौत हो जाती है।

क्या है कारण: शरीर में अधिकतर इंफेक्शन सेप्सिस की वजह बन सकते हैं जैसे- निमोनिया, यूरिनरी ट्रेक्ट इंफेक्शन, एब्डोमन इंफेक्शन, स्किन इंफेक्शन, मेनेंजाइटिस ब्रेन इंफेक्शन। कभी-कभी छोटी-सी चोट लगने, खरोंच आने, कटने, कीड़े के काटने पर भी सेप्सिस हो सकता है। अगर वो इंफेक्शन समय रहते ठीक न हो, तो बैक्टीरिया पूरे शरीर में फैल सकते हैं और सेप्सिस इंफेक्शन विकसित हो सकता है।

क्या हैं लक्षण: तेज बुखार आना, ब्लड प्रेशर में बार-बार उतार-चढ़ाव होना, असहनीय बदन दर्द होना, थकावट और कमजोरी महसूस होना। ब्लड प्रेशर कम होना। स्किन के घाव में से पस निकलना, पेट में दर्द होना। हार्टबीट बढ़ना। शरीर में सूजन आना और ब्लड क्लॉट होना।

क्या होता है असर: शरीर के विभिन्न अंगों



पर असर पड़ने से उन अंगों का ठीक तरह काम न कर पाना, जैसे- लिवर पर असर होने पर जांडिस होना, फेफड़ों में एक्यूट रेस्पेरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम होना, ऑक्सीजन लेवल कम होना, सांस लेने में दिक्कत होना, ब्रेन पर असर होने पर बेहोशी आना, दौरे पड़ना, सिर दर्द होना, किडनी पर असर होने पर यूरिन में कमी होना, स्किन पर रैशेज होना, स्किन के कलर में बदलाव होना।

किन्हें है ज्यादा रिस्क: किसी भी तरह के इंफेक्शन से जूझ रहे लोग, निमोनिया बुखार से पीड़ित, शुगर कंट्रोल न होने पर डायबिटीज, लिवर या हार्ट की बीमारी हो, इम्यूनिटी कमजोर होना, 60 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग या 2 साल से कम उम्र के बच्चे।

कब जाएं डॉक्टर के पास: सतर्क रहना जरूरी है। जब भी मरीज को बुखार के साथ किसी तरह की चोट या इंफेक्शन हो, सांस तेज चल रही हो, ब्लड प्रेशर कम हो रहा हो। तो बिना देर किए डॉक्टर को कंसल्ट करना चाहिए।

क्या है इलाज: मरीज की स्थिति के आधार पर इलाज किया जाता है। प्रो-कैल्सिटोनिन प्रोटीन का पता लगाने के लिए बीआरएएचएमएस प्रो. कैल्सिटोनिन ब्लड टेस्ट, ब्लड कल्चर, इंफेक्शन वाली जगह से कल्चर किया जाता है। कोशिश की जाती है कि मरीज के अंग कम से कम प्रभावित हों और सेप्सिस इंफेक्शन जल्द ठीक हो जाए। जैसे- ब्लड प्रेशर कम होने पर इंटरावैस्कुलर ड्रॉप से फ्ल्यूड दिए जाते हैं। ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने के लिए वेजो प्रेशर मेडिसिन दी जाती है। इंफेक्शन कंट्रोल करने के लिए एंटी-बायोटिक मेडिसिन दी जाती हैं। सांस लेने में दिक्कत होने पर मरीज को ऑक्सीजन भी दी जाती है। स्किन में इंफेक्शन होने पर पस निकल रही हो तो उसे साफ करने के लिए सर्जरी भी की जाती है। *

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा

सेप्सिस से ऐसे करें बचाव



- फ्लू, निमोनिया या इंफेक्शन से बचाव के लिए फ्लू वैक्सीन जरूर लगवाएं।
- साफ-सफाई और पर्सनल हाइजीन का ध्यान रखें। रेगुलर हैंडवॉश करें।
- हेल्दी लाइफस्टाइल मेंटेन करें। रेगुलर एक्सरसाइज करें।
- किसी भी तरह की चोट लगने या इंफेक्शन को नजरअंदाज न करें। डॉक्टर से कंसल्ट करें।
- अपने आप कोई दवाई न लें। डॉक्टर द्वारा दी गई एंटी-बायोटिक का कोर्स नियमित लें और कोर्स पूरा करें।
- पौष्टिक तत्वों से भरपूर संतुलित आहार लें।



वर्ल्ड लीडर्स ने पीएम मोदी के सियासी सफर के 25 साल पूरे होने पर दी बधाइयां

मोदी के प्रयासों ने वैश्विक मंच पर भारत की भूमिका को किया मजबूत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार, 7 अक्टूबर 2026 को सरकार के मुखिया के तौर पर 25 साल पूरे कर लिए। उनका राजनीतिक सफर 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री बनने के साथ शुरू हुआ था। मई 2014 तक उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में जिम्मेदारी संभाली। इसके बाद वह देश के प्रधानमंत्री बने और लगातार 3 कार्यकाल पूरे कर चुके हैं। इस मौके पर दुनिया के कई नेताओं ने उन्हें बधाई दी और उनके लंबे सार्वजनिक जीवन, भारत के विकास तथा वैश्विक मंच पर देश की भूमिका को लेकर अपने विचार साझा किए। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने पीएम मोदी को भारत की जनता की सेवा में आगे भी सफलता की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि गुजरात से दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का नेतृत्व करने तक मोदी की यात्रा में सुशासन, नवाचार, तकनीक, बुनियादी ढांचे और विकास पर जोर रहा है। मार्कोस के मुताबिक, इन प्रयासों ने भारत में बदलाव को आगे बढ़ाया है और वैश्विक मंच पर भारत की भूमिका को भी मजबूत किया है।

जापान, फिलीपींस, भूटान, नाइजीरिया, बेल्जियम, बोत्सवाना सहित कई देशों ने दी शुभकामनाएं



जापानी पीएम ने कहा, 'शानदार राजनीतिक नेतृत्व'

जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने पीएम मोदी को बधाई देते हुए भारत के विकास में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने 2001 से लंबे समय तक मुख्यमंत्री के तौर पर शानदार राजनीतिक नेतृत्व दिखाया है। ताकाइची ने कहा कि मोदी ने भारतीय समाज और देश के विकास के लिए लंबे समय तक काम किया है। उन्होंने भारत के विकास को आगे बढ़ाने और अंतरराष्ट्रीय समुदाय में उसकी स्थिति मजबूत करने में मोदी के योगदान के लिए गहरा सम्मान जताया।

भूटान के पीएम टोबगे ने बताया 'बड़े भाई'

भूटान के प्रधानमंत्री त्शेरिंग टोबगे ने पीएम मोदी के साथ अपने संबंधों को याद करते हुए उन्हें 'बड़े भाई' बताया। उन्होंने कहा कि मोदी ने उनके प्रधानमंत्री रहने के दौरान जिस तरह सहयोग किया, उसके लिए उन्होंने उनका आभार जताया। टोबगे ने आगे कहा कि उन्होंने पीएम मोदी से एक और बात कही थी कि वह उन्हें 'विष्णु का अवतार' मानते हैं।





बोत्सवाना के राष्ट्रपति ने सेवा की सराहना

बोत्सवाना के राष्ट्रपति डुमा गिडियन बोको ने कहा कि भारत की जनता के प्रति मोदी के समर्पण और सेवा की वह सराहना करते हैं। बोको ने पीएम मोदी को आने वाले वर्षों के लिए सफलता की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि वह भारत और बोत्सवाना के बीच लंबे समय से चली आ रही दोस्ती को और मजबूत करने की उम्मीद करते हैं।

डोमिनिका के पीएम बोले, 'दोस्ती के लिए आभारी'

कॉमनवेल्थ ऑफ डोमिनिका के प्रधानमंत्री रूजवेल्ट स्केरिट ने पीएम मोदी को अपना 'प्रिय मित्र' बताते हुए बधाई दी। उन्होंने कहा कि वह डोमिनिका के साथ मोदी की दोस्ती और वहां के लोगों के प्रति दिखाई गई उदारता के लिए आभारी हैं।

नाइजीरिया के राष्ट्रपति ने बताया ऐतिहासिक पड़ाव

नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टिनूबू की ओर से भी पीएम मोदी को बधाई संदेश जारी किया गया। उन्होंने मोदी के नेतृत्व में विकास, बुनियादी ढांचे, डिजिटल सेवाओं, वित्तीय समावेशन और इनोवेशन का भी जिक्र किया।

बेल्जियम के पीएम ने भारत दौरे का किया जिक्र

बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर ने भी पीएम मोदी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वह गुजरात से नई दिल्ली तक सरकार में मोदी के 25 साल के लगातार नेतृत्व के लिए उन्हें हार्दिक बधाई देते हैं।

कीव समेत 12 इलाकों पर बड़ा हमला, 12 मरे

रूस ने किया मिसाइल अटैक

मास्को। लंबे वक्त से चल रहा रूस-यूक्रेन युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। दोनों देश एक-दूसरे पर ताबड़तोड़ हमले कर रहे हैं। इसी बीच बुधवार को रूस ने एक बार यूक्रेन पर मिसाइलें दागीं। रूस ने कीव समेत 12 इलाकों में मिसाइलों और ड्रोन से अटैक किया। इस हमले में करीब 12 लोगों की मौत हो गई और 40 से ज्यादा घायल हो गए। यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक, रूस ने रात में बैलिस्टिक मिसाइलों से यूक्रेन की राजधानी पर हमला किया, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और आम नागरिकों के इस्तेमाल वाली बुनियादी सुविधाओं को



नुकसान पहुंचा। रात करीब 3 बजे कीव में धमाकों की आवाज सुनी गई। कीव सिटी मिलिट्री एडमिनिस्ट्रेशन के एक बयान के मुताबिक, पोडिल्स्की जिले में एक रॉकेट गैर-आवासीय इमारत से टकराया, जिससे आग लग गई। डार्नित्स्की पर हुए रॉकेट हमले की वजह से एक गैराज कॉम्प्लेक्स में आग लग गई।

बाल-बाल बचे 23 भारतीय नाविक | भारतीय नाविकों वाले जहाज पर 48 घंटे में तीसरा हमला

एजेंसी ▶▶| मॉस्को

रूस के काला सागर तट के पास 23 भारतीय नागरिकों वाले चालक दल को लेकर जा रहे लाइबेरिया के झंडे वाले एक तेल टैंक पर ड्रोन नौकाओं से हमला किया गया। रूसी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रूस के परिवहन मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने सरकारी समाचार एजेंसी तास को बताया, 'चालक दल को बचा लिया गया है और उन्हें तट पर सुरक्षित पहुंचा दिया गया है।'

रूसी परिवहन मंत्रालय ने बताया कि 'अफ्रामैक्स रियो' टैंकर पर मंगलवार को मानवरहित सतही नौकाओं (यूएसवी) से हमला किया गया और हमले के बाद आग लग गयी। मंत्रालय ने कहा कि टैंकर में सवार सभी 23 भारतीयों को बचा लिया



गया है और शुरुआती जानकारी के अनुसार कोई भी घायल नहीं हुआ है। रूसी परिवहन मंत्रालय के मुताबिक, यह हमला रूस के प्रमुख रिसॉर्ट शहर सोची के पास हुआ, जिसकी आबादी लगभग पांच लाख है। यूक्रेनी समुद्री ड्रोन टकराते ही जहाज और समुद्र के पानी में कच्चे तेल के कारण भयानक लपटें उठने लगीं।

भारत ने की निंदा

एमईए प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि पिछले एकाध दिनों में हुए इन हमलों की भारत निंदा करता है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, 'भारत ने मंगलवार से बुधवार के बीच देखा कि चार वाणिज्यिक जहाजों पर हमले हुए। हम इसकी घोर निंदा करते हैं। वाणिज्यिकी नौ परिवहन और नाविक समुदाय को खतरे के दायरे में लाया जा रहा है।'

लगातार दूसरे दिन भारतीय नाविकों पर संकट?: काला सागर में कमर्शियल जहाजों पर यह लगातार दूसरे दिन हुआ बड़ा हमला है। इससे महज एक दिन पहले रोमानियाई तट के पास एक वाणिज्यिक जहाज 'एमवी रियाद मामादेव' में आग लगने के बाद वह डूब गया था। उस हादसे में दो विदेशी नागरिकों की मौत हो गई थी, जबकि तीन भारतीय नाविक घायल हो गए थे।

प्रधानमंत्री मोदी के 25 साल | गृहमंत्री शाह ने गिनाईं उपलब्धियां

'पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस' का आदर्श स्थापित किया पीएम मोदी ने

पीएम मोदी ने पारदर्शिता व परिणाम की गारंटी से 'शासन की परिभाषा' बदल दी है। उन्होंने 'पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस' का आदर्श स्थापित किया है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा और समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने पर यह बात कही है। 'एक्स' पर सिलसिलेवार पोस्ट में शाह ने लिखा, पीएम मोदी ने अथक परिश्रम, अद्भुत संकल्पशक्ति व राष्ट्र प्रथम को अपने जीवन का लक्ष्य बनाया है।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गृह मंत्री शाह ने लिखा, सात अक्तूबर 2001 को मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। तब से लगातार मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में उनकी सेवा, संघर्ष व समर्पण की यह यात्रा गरीबों का कल्याण, महिलाओं का सशक्तीकरण, युवाओं का उत्थान और हर वर्ग की समृद्धि का पर्याय बन गई है। सेवा और समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण करने वाले मोदी ने जनकल्याणकारी नीतियों, उनके क्रियान्वयन, निर्णय की दृढ़ता, पारदर्शिता व परिणाम की गारंटी से शासन की परिभाषा ही बदल दी। शाह ने लिखा, पीएम मोदी ने 'पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस' का आदर्श स्थापित किया है।

बोले- पारदर्शिता और परिणाम की गारंटी से बदली शासन की परिभाषा



कच्छ के पुनर्निर्माण से गुजरात मॉडल तक

अमित शाह ने कहा कि मोदी ने मुख्यमंत्री के रूप में भूकंप से उजड़े कच्छ का पुनर्निर्माण कर उसे एक मिसाल बनाया। ज्योतिग्राम योजना से गांव-गांव तक 24 घंटे बिजली पहुंचाई गई। सौर ऊर्जा और वाइब्रेंट गुजरात के माध्यम से निवेश व उद्योग को नई दिशा दी। आठ प्रतिशत से अधिक कृषि विकास दर हासिल कर गुजरात में सुशासन का एक ऐसा मॉडल खड़ा किया, जो आगे चलकर पूरे देश का आधार बना। प्रधानमंत्री के रूप में इसी दृष्टि का विस्तार हुआ।

अंतरिक्ष से समुद्र तक भारत की उपलब्धियों का जिक्र

अंतरिक्ष से समुद्र तक और वैश्विक मंचों से आंतरिक सुरक्षा तक भारत ने नई उपलब्धियां हासिल कीं। जन-जन के जीवन में भी बड़ा बदलाव आया। 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले और करोड़ों परिवारों को पक्के मकान मिले। 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य सुरक्षा कवर, उज्ज्वला गैस कनेक्शन और घर-घर नल से जल पहुंचा। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल पेमेंट, स्टार्टअप, सेमीकंडक्टर, रक्षा उत्पादन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में नई ऊंचाइयां छू रहा है। युद्ध व अस्थिरता के इस दौर में भारत शांति व सौहार्द की एक महत्वपूर्ण वैश्विक आवाज बनकर उभरा है। पीएम मोदी ने करोड़ों देशवासियों में आत्मविश्वास जगाकर 'विकसित भारत' का मंत्र दिया और 2047 तक हर क्षेत्र में भारत को अग्रणी बनाने का संकल्प दिलाया। उनके नेतृत्व में सेवा कार्यों का भागीदार बनना हम सभी के लिए सौभाग्य व गौरव की बात है।

अहमदाबाद में निकली 'सेवा ज्योति यात्रा'

प्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन और जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने के मौके पर गुजरात में बुधवार को 'सेवा ज्योति यात्रा' का आयोजन किया गया। 'जनसेवा से राष्ट्रसेवा' के संदेश के साथ 'विकसित भारत संकल्प अभियान' के तहत अहमदाबाद के रिवरफ्रंट पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल शामिल हुए। यात्रा के जरिए प्रधानमंत्री मोदी की 25 वर्षों की जनसेवा, सुशासन और राष्ट्रनिर्माण की यात्रा को याद किया गया। इस दौरान लोगों तक सेवा, समर्पण और राष्ट्रनिर्माण का संदेश पहुंचाया गया।

भाजपा नेताओं ने गिनाईं उपलब्धियां

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन और सरकार के प्रमुख के तौर पर 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भाजपा और उसके सहयोगी दलों की ओर से देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान भाजपा नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में कार्यकाल को देश के विकास, सुशासन और वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने से जोड़ते हुए उनकी उपलब्धियां गिनाईं। महाराष्ट्र के पुणे में भाजपा नेता प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के ऐसे एकमात्र नेता हैं।

दिग्विजय निकालेंगे उज्जैन से अयोध्या तक यात्रा

भोपाल। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने कहा देश के सामने 'वोट चोरी' और 'चंदा चोरी' बड़े मुद्दे हैं और इनकी निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर वह 20 अक्टूबर से उज्जैन से अयोध्या तक यात्रा निकालेंगे। उनकी 'सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा' उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर से शुरू होगी और ओरछा से होते हुए करीब 850 किमी की दूरी तय कर यूपी अयोध्या राम मंदिर पहुंचेगी।

छत्तीसगढ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित
(छत्तीसगढ शासन का एक उपक्रम)
छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की उत्तरवर्ती कंपनी

बिजली बंद की सूचना

समस्त विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि, विद्युत लाइनों एवं उपकरणों के दीपावली पूर्व आवष्यक रखरखाव हेतु निम्नलिखित क्षेत्रों में अंकित तिथि एवं समय पर विद्युत प्रवाह बन्द रहेगा। सम्माननीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है ।

क्र	दिनांक	समय	उपकेन्द्र	11 केव्ही फीडर	विद्युत आर्पूति हेतु प्रभावित क्षेत्र
1	08.10.2026	प्रात: 09:00 से दोपहर 03:00 बजे	सीतापुर	सरमना	11 केव्ही फीडर सरमना से विद्युत प्रदाय की जाने वाले समस्त ग्राम
2	09.10.2026	प्रात: 09:00 से दोपहर 03:00 बजे	सीतापुर	बटाईकेला	11 केव्ही फीडर बटाईकेला से विद्युत प्रदाय की जाने वाले समस्त ग्राम
3	10.10.2026	प्रात: 09:00 से दोपहर 03:00 बजे	सीतापुर	सीतापुर	11 केव्ही सीतापुर से विद्युत प्रदाय की जाने वाले समस्त ग्राम
4	11.10.2026	प्रात: 09:00 से दोपहर 03:00 बजे	सीतापुर	ढेलसरा	11 केव्ही फीडर ढेलसरा से विद्युत प्रदाय की जाने वाले समस्त ग्राम
5	12.10.2026	प्रात: 09:00 से दोपहर 03:00 बजे	सीतापुर	सूर	11 केव्ही फीडर सूर से विद्युत प्रदाय की जाने वाले समस्त ग्राम
6	13.10.2026	प्रात: 09:00 से दोपहर 03:00 बजे	सीतापुर	देवगढ़	11 केव्ही फीडर देवगढ़ से विद्युत प्रदाय की जाने वाले समस्त ग्राम
7	14.10.2026	प्रात: 09:00 से दोपहर 03:00 बजे	सीतापुर	प्रतापगढ़	11 केव्ही फीडर प्रतापगढ़ से विद्युत प्रदाय की जाने वाले समस्त ग्राम
8	08.10.2026	प्रात: 09:00 से दोपहर 03:00 बजे	पेटला	पेटला	11 केव्ही फीडर पेटला से विद्युत प्रदाय की जाने वाले समस्त ग्राम
9	09.10.2026	प्रात: 09:00 से दोपहर 03:00 बजे	पेटला	सरगा	11 केव्ही फीडर सरगा से विद्युत प्रदाय की जाने वाले समस्त ग्राम
10	10.10.2026	प्रात: 09:00 से दोपहर 03:00 बजे	पेटला	एरड	11 केव्ही फीडर एरड से विद्युत प्रदाय की जाने वाले समस्त ग्राम
11	11.10.2026	प्रात: 09:00 से दोपहर 03:00 बजे	पेटला	केरजू	11 केव्ही फीडर केरजू से विद्युत प्रदाय की जाने वाले समस्त ग्राम
12	08.10.2026	प्रात: 09:00 से दोपहर 03:00 बजे	काराबेल	काराबेल	11 केव्ही फीडर काराबेल से विद्युत प्रदाय की जाने वाले समस्त ग्राम
13	09.10.2026	प्रात: 09:00 से दोपहर 03:00 बजे	काराबेल	जजंगा	11 केव्ही फीडर जजंगा से विद्युत प्रदाय की जाने वाले समस्त ग्राम
14	10.10.2026	प्रात: 09:00 से दोपहर 03:00 बजे	काराबेल	कोट	11 केव्ही फीडर कोट से विद्युत प्रदाय की जाने वाले समस्त ग्राम
15	08.10.2026	प्रात: 09:00 से दोपहर 03:00 बजे	रोपाखार	सरसमा	11 केव्ही फीडर सरसमा से विद्युत प्रदाय की जाने वाले समस्त ग्राम
16	09.06.2026	प्रात: 09:00 से दोपहर 03:00 बजे	रोपाखार	नर्मदापुर	11 केव्ही फीडर नर्मदापुर से विद्युत प्रदाय की जाने वाले समस्त ग्राम
17	10.10.2026	प्रात: 09:00 से दोपहर 03:00 बजे	रोपाखार	सपनादर	11 केव्ही फीडर सपनादर से विद्युत प्रदाय की जाने वाले समस्त ग्राम
18	11.10.2026	प्रात: 09:00 से दोपहर 03:00 बजे	रोपाखार	कमलेश्वरपुर	11 केव्ही फीडर कमलेश्वरपुर से विद्युत प्रदाय की जाने वाले समस्त ग्राम
19	08.10.2026	प्रात: 09:00 से दोपहर 03:00 बजे	खड़गांव	प्रतापगढ़	11 केव्ही फीडर प्रतापगढ़ से विद्युत प्रदाय की जाने वाले समस्त ग्राम
20	09.06.2026	प्रात: 09:00 से दोपहर 03:00 बजे	खड़गांव	खड़गांव	11 केव्ही फीडर खड़गांव से विद्युत प्रदाय की जाने वाले समस्त ग्राम
21	10.10.2026	प्रात: 09:00 से दोपहर 03:00 बजे	खड़गांव	गुतुरमा	11 केव्ही फीडर गुतुरमा से विद्युत प्रदाय की जाने वाले समस्त ग्राम
22	11.10.2026	प्रात: 09:00 से दोपहर 03:00 बजे	खड़गांव	जामकानी	11 केव्ही फीडर जामकानी से विद्युत प्रदाय की जाने वाले समस्त ग्राम

नोट- आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई या बढ़ाई जा सकती है।
हित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाएँ

कार्यपालन यंत्री (सं/सं)
छ0रा0वि0वि0मं0, अंबिकापुर

चुनाव-आयुक्तों की नियुक्ति वाले फैसले की जांच करेगा सुप्रीम कोर्ट

आयुक्तों के नियुक्ति पैनल से सीजेआई को हटाने का मामला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्ति कानून का मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट जल्द फैसला ले सकता है। चीफ जस्टिस्ट ऑफ इंडिया सूर्यकांत ने बुधवार को कहा कि वे इस मामले पर विचार करेंगे। वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायण ने चीफ जस्टिस के सामने पूरा मामला रखा. उन्होंने कहा कि हमने उस आदेश को वापस लेने के लिए आवेदन दाखिल किया है। दरअसल अदालत में मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम 2023, को चुनौती देने वाली याचिका दाखिल की गई थी। इस मामले पर जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने फैसला सुनाया था। लेकिन अब इस पर पिटीशन दाखिल हुई है। इसके जरिए कहा गया है कि 23 सितंबर के फैसले को वापस लिया जाए।



यह कहा सीजेआई ने

'लाइव लॉ' की रिपोर्ट के मुताबिक, सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि हम इसकी जांच करेंगे और फैसला भी लेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कोर्ट में क्यूरेटिव पिटीशन भी दायर की गई है। इसके जवाब में शंकरनारायणन ने हां में जवाब दिया और कहा कि इसे दूसरी पार्टी की ओर से दायर किया गया है। उन्होंने कहा कि क्यूरेटिव पिटीशन से पहले रिव्यू पिटीशन दायर होनी चाहिए। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एससी शर्मा की बेंच ने 23 सितंबर को इस मामले पर अलग-अलग राय रखी थी कि क्या सीईसी कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं को बड़ी बेंच के पास भेजा जाना चाहिए।

homefirst We'll take you home

Home First Finance Company India Limited
CIN: L65990MH2010PLC240703, Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

परिशिष्ट-IV-A [नियम 8 (6) के परंतुक देखें]
अचल संपत्तियों की
बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के अधीन अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्वारा आम जनता और विशेष रूप से कॉलम (ii) में वर्णित ऋणधारक(ओं) और सह-ऋणधारक(ओं) को सूचित किया जाता है कि कॉलम (iii) में वर्णित नीचे वर्णित अचल संपत्तियां सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/बंधक हैं, जिनका भौतिक कब्जा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे दिए गए विवरण के अनुसार देय राशि और ब्याज की वसूली के लिए ले लिया गया है, और चूंकि देय राशि का भुगतान करने में विफल रहने के परिणामस्वरूप, उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी उक्त संपत्ति/संपत्तियों की बिक्री द्वारा देय राशि की वसूली का प्रस्ताव करता है और इसे ' 'जैसा है जहां है' ',' 'जैसा है वैसा ही' ' और ' 'जो कुछ भी है' ' के आधार पर बेचा जाएगा, जैसा कि वर्णित है। इसके अंतर्गत, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को कॉलम (i) के अनुसार उधारकर्ता (ओं) और सह-उधारकर्ता (ओं) से देय राशि की वसूली के लिए नीलामी ' 'ऑनलाइन' ' आयोजित की जाएगी।

क्र सं.	ऋणधारक(ओं) एवं सह-ऋणधारक(ओं) के नाम	संपत्ति का पता	मांग सूचना की तिथि	मांग सूचना राशि	कब्जे की तिथि	आरक्षित मूल्य	ईएमडी राशि	नीलामी की तिथि और समय	ईएमडी और दस्तावेज़ जमा करने की अंतिम तिथि और समय	अधिकृत अधिकारी का नंबर
1.	मोहन नामदेव, गंगा नामदेव	मकान-126/69, मौजा पत्थरखान, पीएचएन 30 रा.नि.मं. बिल्हा विकास खंड, तह. बिल्हा व जिला-बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, चौहद्दी: पूर्व-निस्तारी रास्ता, पश्चिम- नगमा परवीन का प्लॉट, उत्तर-विक्रेताओं का प्लॉट, दक्षिण- अश्विनी त्रिलोक का प्लॉट।	03-08-2026	8,30,654	05-10-2026	57,240	5,724	07-11-2026 (11am-6pm)	05-11-2026 (upto 5pm)	9022198002
2.	अशोक कुमार साहू, हर्ष कुमार साहू	प्लॉट-ख.नं.-37/62 भाग मौजा-सैदा महाल नं.7 प.ह.नं.41, रा.नि.मं. अमसेना, विकास खंड तखतपुर तहसील-सकरी, जिला-बिलासपुर, (छ.ग.), बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495003., चौहद्दी: पूर्व-विक्रेता का प्लॉट, पश्चिम-निस्तारी रास्ता, उत्तर-विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण-विक्रेता का प्लॉट।	03-08-2026	10,06,587	05-10-2026	60,000	6,000	07-11-2026 (11am-6pm)	05-11-2026 (upto 5pm)	9022198002
3.	नीलम खुदशाह, सचिन कुमार खुदशाह	प्लॉट-ख.नं.519/19, मौजा तिलसरा, प.ह.नं.09, आरएनएम बिल्हा, ब्लॉक व तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, चौहद्दी: पूर्व - निस्तारी रास्ता, पश्चिम - पॉल का प्लॉट, उत्तर - बलराम का प्लॉट, दक्षिण - अजय यादव का प्लॉट।	03-08-2026	10,51,185	05-10-2026	84,840	8,484	07-11-2026 (11am-6pm)	05-11-2026 (upto 5pm)	9022198002
4.	मनीष कुमार बघेल, सरिता बघेल	प्लॉट- ख.नं. 365/2, मौजा मुढ़ीपार, प.ह.नं. 09, रा.नि.मं. एवं तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, चौहद्दी: पूर्व - विक्रेता की भूमि, पश्चिम - 20 फीट निस्तारी रास्ता, उत्तर - विक्रेता की भूमि, दक्षिण - विक्रेता की भूमि।	03-08-2026	9,59,166	05-10-2026	50,000	5,000	07-11-2026 (11am-6pm)	05-11-2026 (upto 5pm)	9022198002

ई-नीलामी सेवा प्रदाता:		ईएमडी / अन्य राशि जमा करने हेतु खाता नंबर	शाखा आईएफएससी कोड:	लाभार्थी का नाम
कंपनी का नाम: ई- प्रोक्यूरमेंट टेक्नालॉजीस लिमि. (ऑक्शन टाइगर) हेल्पलाइन नंबर: 079-35022160/149/182 संपर्क व्यक्ति: राम शर्मा - 8000023297 ईमेल आईडी: ramprasad@auctiontiger.net और support@auctiontiger.net	http://www.homefirstindia.com https://homefirst.auctiontiger.net	911020005835824- होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड एक्सिस बैंक लिमिटेड बैंगलौर केटी	UTIB0000009	अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फायनेंस कम्पनी इंडिया लिमिटेड

बोली वृद्धि राशि 10,000/- रुपये है। यह बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेब पोर्टल (https://homefirst.auctiontiger.net) पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी। ऑनलाइन ई-नीलामी बोली प्रपत्र, घोषणापत्र और ऑनलाइन नीलामी बिक्री के सामान्य नियम एवं शर्तें युक्त ई-नीलामी निविदा दस्तावेज पोर्टल साइट पर उपलब्ध हैं। अधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, संपत्तियों पर कोई भार नहीं है। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले, संपत्ति पर भार, नीलामी के लिए रखी गई संपत्ति/संपत्तियों के स्वामित्व और संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/देयताओं के संबंध में स्वयं स्वतंत्र जांच कर लेनी चाहिए। ई-नीलामी विज्ञापन होम फर्स्ट की ओर से कोई प्रतिबद्धता या प्रतिनिधित्व नहीं है और न ही इसे ऐसा माना जाएगा। संपत्ति होम फर्स्ट को ज्ञात या अज्ञात सभी मौजूदा और भविष्य के भारों के साथ बेची जा रही है। अधिकृत अधिकारी/सुरक्षित लेनदार किसी भी तृतीय-पक्ष के दावों/अधिकारों/देयताओं के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होंगे। यह बिक्री प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत निर्धारित नियमों/शर्तों के अधीन होगी। **किसी भी विसंगति की स्थिति में, सूचना का अंग्रेजी संस्करण प्रामाणिक माना जाएगा।**

सरफेसी अधिनियम, 2002 के अंतर्गत वैधानिक 30 दिन की बिक्री सूचना

ऋणधारक/जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि वे मांग नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान, अद्यतन ब्याज और अन्य संबंधित खर्चों सहित, ई-नीलामी की तिथि से पहले कर दें। ऐसा न करने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और यदि कोई बकाया राशि हो तो उसे ब्याज और लागत सहित वसूल किया जाएगा।
दिनांक: 08-10-2026 स्थान: बिलासपुर
हस्ताक्षरकर्ता /- अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

खबर संक्षेप

भारत में नए उत्पादों की रफ्तार बढ़ाएगी होंडा कार्स



नई दिल्ली। जापानी वाहन विनिर्माता कंपनी होंडा भारत में अपनी मौजूदगी बढ़ाने के लिए नए उत्पादों की पेशकश में तेजी लाने और कलपुर्जों का स्थानीय उत्पादन बढ़ाने पर जोर दे रही है। कंपनी के लिए उत्पाद विकास में लगने वाला समय घटाना उसकी वृद्धि रणनीति का अहम हिस्सा है।

ट्रेंट की आय 22% बढ़कर हुई 5,788 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। टाटा समूह की खुदरा कारोबार कंपनी ट्रेंट लिमिटेड की एकल आधार पर आय चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी (जुलाई - सितंबर) तिमाही में 22.5 प्रतिशत बढ़कर 5,788 करोड़ रुपये हो गई। कंपनी की एकल आधार पर आय 4,260 करोड़ रुपये थी। ट्रेंट की आय चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में 20.5 प्रतिशत बढ़कर 11,454 करोड़ रुपये हो गई।

एयर इंडिया और सिंगापुर एयरलाएंस करेंगे विस्तार



नई दिल्ली। एयर इंडिया और सिंगापुर एयरलाइंस ने भारत तथा सिंगापुर के बीच यात्रियों को उड़ानों के अधिक विकल्प देने के मकसद से अपने वाणिज्यिक सहयोग का विस्तार करने की बुधवार को घोषणा की। यह विस्तार इस साल जनवरी में हुए वाणिज्यिक सहयोग रूपरेखा समझौते के तहत की गई पहल का हिस्सा है।

ब्रुकफील्ड ने ईएसआर से लॉजिस्टिक पार्क खरीदे



नई दिल्ली। वैश्विक निवेश कंपनी ब्रुकफील्ड ने ईएसआर इंडिया से आठ औद्योगिक और लॉजिस्टिक पार्क खरीदे हैं। कंपनी इस अधिग्रहण तथा इन परिसंपत्तियों के भविष्य में विकास के लिए 4,300 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। ब्रुकफील्ड ने बयान में कहा कि उसने ईएसआर इंडिया से 1.05 करोड़ वर्ग फुट के पोर्टफोलियो में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की है।

रुपया 43 पैसे टूटकर 96.78 प्रति डॉलर पर



मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर इसे 5.5 प्रतिशत किए जाने के बाद रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 43 पैसे टूटकर 96.78 (अस्थायी) के स्तर पर रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 96.37 प्रति डॉलर पर खुला।

एचडी फायर का आईपीओ 13 अक्टूबर को खुलेगा



नई दिल्ली। अग्नि सुरक्षा उपकरण एवं प्रणालियां बनाने वाली कंपनी एचडी फायर प्रोटेक्ट लिमिटेड ने अपने 712 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 258-271 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा बुधवार को तय किया है। मूल्य दायरे के ऊपरी स्तर पर कंपनी का मूल्यांकन करीब 4,750 करोड़ रुपये बैठेगा। कंपनी की सार्वजनिक घोषणा के अनुसार, आईपीओ 13 अक्टूबर को सार्वजनिक अभिदान के लिए खुलेगा और 15 अक्टूबर को बंद होगा।

एआई पर रोक लगाना समाधान नहीं, मानवीय नियंत्रण जरूरी

एजेंसी ▶▶| पेरिस

वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी थेल्स के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पैट्रिस कैन ने कहा है कि कृत्रिम मेधा (एआई) के इस्तेमाल को रोकना समाधान नहीं है, बल्कि तकनीकी सुरक्षा उपायों के जरिये इसे मानवीय नियंत्रण में रखना और इसके इस्तेमाल के लिए स्पष्ट नियम बनाना जरूरी है। एआई के संभावित जोखिमों को लेकर जारी चर्चा के बीच कैन ने कहा कि प्रौद्योगिकी कंपनियों को एआई में सुरक्षा उपाय शामिल करने चाहिए, जबकि सरकारों को इसके इस्तेमाल की स्पष्ट सीमाएं तय करने वाला उचित ढांचा तैयार करना चाहिए।

- एआई के लिए स्पष्ट नियम बनाना जरूरी है

वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी थेल्स के चेयरमैन कैन ने कहा

महत्वपूर्ण फैसलों में इंसान का नियंत्रण जरूरी

कैन ने बातचीत में कहा कि ऐसे जोखिमों का पहले से अनुमान लगाना जरूरी है और इन चेतावनियों को खारिज नहीं किया जाना चाहिए। कैन ने कहा, ''सवाल एआई का इस्तेमाल रोकने का नहीं है। सवाल यह है कि प्रौद्योगिकी कंपनियां किस तरह यह सुनिश्चित करें कि एआई और अन्य प्रौद्योगिकियां नियंत्रण में रहें और महत्वपूर्ण फैसलों में इंसान का नियंत्रण बना रहे।''



एआई से साइबर हमलों का पता लगाया जा रहा : एआई की मदद से साइबर हमलों का तेजी से पता लगाने, उनका जवाब देने तथा हमलों को रोकने के उपाय किए जा रहे हैं। रक्षा, वैमानिकी और साइबर एवं डिजिटल क्षेत्र में सक्रिय थेल्स उन्नत प्रौद्योगिकी सेवाएं मुहैया कराती है।

एआई आधारित साइबर हमले बढ़ रहे : सीईओ ने कहा कि एआई आधारित साइबर हमलों की गति और क्षमता बढ़ रही है। थेल्स की साइबर सुरक्षा प्रणालियां पहले प्रतिदिन करीब 20 लाख बॉट हमलों को रोकती थीं, जबकि अब यह संख्या बढ़कर करीब 2.5 करोड़ प्रतिदिन हो गई है। हालांकि, उन्होंने कहा कि एआई का इस्तेमाल ऐसे हमलों से बचाव के लिए भी किया जा रहा है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साझा समझ जरूरी : कैन ने कहा कि अलग-अलग देशों में नियमों और व्यवस्थाओं को लेकर अंतर हो सकता है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह साझा समझ होनी चाहिए कि एआई के इस्तेमाल में क्या स्वीकार्य है और क्या पूरी तरह प्रतिबंधित होना चाहिए। एआई का भविष्य आखिरकार इस पर निर्भर करेगा कि मनुष्य इसका विकास और इस्तेमाल किस तरह करते हैं।

चेतावनियों को गंभीरता से लेना जरूरी

एआई के कारण मानवता के सामने संभावित अस्तित्वगत संकट के बारे में पूछे जाने पर कैन ने कहा, ''अभी नहीं। लेकिन संभावित खतरों को लेकर चेतावनियों को गंभीरता से लेना जरूरी है। इन चेतावनियों से जागरूकता बढ़ती है और एआई से जुड़े जोखिमों से बचाव के उपाय शुरू करने का समय आ गया है।''

नियामकीय ढांचे की जरूरत पर जोर : सीईओ ने एआई के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साझा समझ या नियामकीय ढांचे की जरूरत पर भी जोर दिया। उद्योग का स्व-नियमन एक 'अच्छी शुरुआत' है, लेकिन तेजी से अधिक स्वायत्त होती एआई प्रणालियों से पैदा होने वाली नई सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए यह लंबे समय में पर्याप्त नहीं होगा।

उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने यह बात कही

रेपो दर बढ़ाना महंगाई पर नियंत्रण को प्राथमिकता, खपत-निवेश पर असर संभव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक का रेपो दर बढ़ाने का फैसला वृहद आर्थिक स्थिरता और महंगाई पर नियंत्रण को प्राथमिकता देने का संकेत देता है। हालांकि, ऊंची ब्याज दर से खपत, निवेश एवं विस्तार की योजनाओं पर असर पड़ सकता है।

उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने बुधवार को यह बात कही। आरबीआई ने बुधवार को उम्मीद के मुताबिक नीतिगत दर रेपो 0.25 प्रतिशत बढ़ाकर 5.50 प्रतिशत कर दिया। करीब चार साल में यह रेपो दर में पहली बढ़ोतरी है। साथ ही नीतिगत रुख को 'तटस्थ' से बदलकर 'सूझ-बूझ के साथ सख्त' करने का फैसला भी किया गया। उद्योग मंडल एसोचैम के अध्यक्ष निर्मल के. मिंडा ने कहा, हम रेपो दर बढ़ाने और मौद्रिक नीति के रुख को बदलने के आरबीआई के फैसले का स्वागत करते हैं।

- ऊंची ब्याज दर से योजनाओं पर असर पड़ेगा
- आरबीआई ने करीब चार साल में यह रेपो दर बढ़ाई
- उद्योग मंडल एसोचैम ने आरबीआई के फैसले का किया स्वागत



महंगाई आरबीआई के लक्ष्य से अधिक : वेंकटरमण

भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट की संस्थापक एवं प्रबंध न्यासी लक्ष्मी वेंकटरमण वेंकटेशन ने कहा, ''अगस्त में खुदरा महंगाई बढ़कर 4.82 प्रतिशत हो गई है जो आरबीआई के 4.0 प्रतिशत के लक्ष्य से अधिक है। खाद्य कीमतों में बढ़ते दबाव और अनिश्चित बाहरी माहौल के बीच खाद्य महंगाई 5.95 प्रतिशत रही।

बाजार को फैसले की पहले से उम्मीद थी: ***आनंद राठी :*** *आनंद राठी समूह के मुख्य अर्थशास्त्री एवं कार्यकारी निदेशक सुजान हाजरा ने कहा, '' बाजार को इस फैसले की पहले से ही उम्मीद थी, इसलिए हमें वित्तीय बाजार पर इसके नकारात्मक असर की आशंका नहीं है...। घरेलू अर्थव्यवस्था की मजबूती ने आरबीआई को कदम उठाने की गुंजाइश दी, जबकि खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों तथा रुपये में गिरावट ने मौद्रिक सख्ती के पक्ष में दबाव बढ़ाया।''*

उभरते महंगाई के प्रति संतुलित कदम: *बंधन ग्रुप बंधन ग्रुप के प्रबंध निदेशक अरविंद अग्रवाल ने कहा, ''आरबीआई का फैसला उभरते महंगाई दबाव के प्रति संतुलित कदम को दर्शाता है। साथ ही, यह घरेलू आर्थिक वृद्धि की मजबूती को भी ध्यान में रखता है।*

आगे दरों में और कटौती की संभावना : केयरएज

केयरएज रेटिंग्स की मुख्य अर्थशास्त्री रजनी सिन्हा ने कहा, ''आरबीआई का रेपो दर बढ़ाने का फैसला हमारी उम्मीदों के अनुरूप है। मौद्रिक नीति का रुख 'सोच-समझकर सख्त रुख' अपनाने के निर्णय से आगे दरों में और कटौती की संभावना खत्म होती दिख रही है। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए वृद्धि के अनुमान को 0.40 प्रतिशत बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत करना भी मोटे तौर पर हमारी उम्मीदों के अनुरूप था।

आरबीआई का कदम महंगाई पर अंकुश: बैंक

बैंक अधिकारियों और विशेषज्ञों ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक का नीतिगत दर बढ़ाने का कदम महंगाई के दबाव को नियंत्रित करने और आर्थिक स्थिरता बनाए रखने में मदद करेगा, जबकि मजबूत घरेलू मांग और कर्ज प्रवाह के कारण आर्थिक वृद्धि की गति कायम रहने की उम्मीद है।

ब्याज दर में कटौती की संभावना नहीं

इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि रेपो दर में बढ़ोतरी महंगाई के जोखिम को नियंत्रित करने के लिए संतुलित और एहतियाती कदम है। इससे संकेत मिलता है कि फिलहाल ब्याज दर में कटौती की संभावना नहीं है।

आवास मांग पर पड़ सकता है असर: रियल एस्टेट

रियल एस्टेट उद्योग और विशेषज्ञों ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के नीतिगत ब्याज दर रेपो में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी के फैसले से आगामी त्योहारों के दौरान आवास मांग पर कुछ असर पड़ सकता है। रियल एस्टेट क्षेत्र के शीर्ष निकाय नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (नारेडको) के अध्यक्ष प्रवीण जैन ने कहा, फिलहाल आवासीय मांग मजबूत बनी हुई है। खरीदारों के स्तर पर मजबूत धारणा, त्योहारी मांग और घर खरीदने की दीर्घकालीन जरूरत को देखते हुए हमारा मानना है कि इस बढ़ोतरी का आवासीय बाजार पर प्रभाव सीमित रहेगा।''

राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले वैदबाण आयुर्वेदिक के एम.डी सुभाष गोयल



नई दिल्ली। वैदबाण आयुर्वेदिक के एम.डी. सुभाष गोयल को परिवार सहित राष्ट्रपति भवन में विशेष रूप से आमंत्रित किया गया, जहां उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस खास मौके पर उनकी बेटी डॉ. मिशेल गोयल भी उनके साथ मौजूद रहीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आयुर्वेद और भारतीय पारंपरिक जीवनशैली को आगे बढ़ाने के लिए किए जा रहे उनके प्रयासों की सराहना की और उन्हें सम्मानित किया। राष्ट्रपति भवन में हुई इस मुलाकात के दौरान आयुर्वेद, भारतीय खान-पान और पुराने समय की स्वस्थ जीवनशैली से जुड़े कई विषयों पर बातचीत हुई। चर्चा में भारतीय रसोई में इस्तेमाल होने वाले मसालों, पारंपरिक भोजन और दैनिक जीवन में प्राकृतिक चीजों के इस्तेमाल पर बातचीत हुई। इस दौरान मटके का पानी पीने, दादी-नानी के घरेलू नुस्खों और पुराने समय की जीवनशैली जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। बातचीत में इस बात पर जोर दिया गया कि हमारी पुरानी और प्राकृतिक जीवनशैली में स्वास्थ्य से जुड़ी कई अच्छी बातें हैं, जिन्हें आज की पीढ़ी तक पहुंचाना जरूरी है। सुभाष गोयल ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलना और उनके हाथों सम्मान प्राप्त करना उनके और उनके परिवार के लिए बहुत गर्व और खुशी का पल है। उन्होंने कहा कि भारतीय आयुर्वेद और हमारी पारंपरिक जीवनशैली में स्वास्थ्य से जुड़ा बहुत पुराना और उपयोगी ज्ञान मौजूद है। इसे लोगों तक पहुंचाना उनकी कोशिश है। डॉ. मिशेल गोयल ने कहा कि राष्ट्रपति जी द्वारा भारतीय परंपराओं और आयुर्वेद से जुड़े विषयों में रुचि दिखाना सभी के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि आज के समय में हमें अपनी पुरानी अच्छी आदतों और प्राकृतिक जीवनशैली को अपनाने की जरूरत है। राष्ट्रपति भवन में हुई यह मुलाकात सुभाष गोयल और उनके परिवार के लिए एक यादगार अवसर रही। इस अवसर ने भारतीय आयुर्वेद और पारंपरिक जीवनशैली को आगे बढ़ाने के प्रयासों को भी नई प्रेरणा दी।

सेंसेक्स 429 अंक गिरा

रेपो दर में बढ़ोतरी से घरेलू शेयर बाजार की तेजी थमी



- कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से निवेशक धारणा प्रभावित
- विदेशी पूंजी की लगातार निकासी ने बाजार पर दबाव डाला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

प्रमुख नीतिगत दर रेपो में करीब चार साल बाद पहली बार बढ़ोतरी और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से निवेशक धारणा प्रभावित होने के कारण स्थानीय शेयर बाजार लगातार दो दिन की तेजी के बाद बुधवार को गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स में 429 अंक की गिरावट आई जबकि निफ्टी 173 अंक टूट गया।

आरबीआई के रेपो दर में 0.25 प्रतिशत अंक की बढ़ोतरी करने के फैसले से बाजार में गिरावट आई। इसके अलावा कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी पूंजी की लगातार निकासी ने भी दबाव डाला। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 429.11 अंक गिरकर 72,638.70 अंक पर बंद हुआ।

दरों में कटौती की संभावना खत्म हो गई : आरबीआई ने बुधवार को रेपो दर को 0.25 प्रतिशत अंक बढ़ाकर 5.50 प्रतिशत कर दिया जो करीब चार साल में पहली बढ़ोतरी है। साथ ही केंद्रीय बैंक ने अपनी मौद्रिक नीति का रुख बदलकर 'सोच-समझकर सख्ती' वाला कर दिया, जिससे निकट अवधि में दरों में कटौती की संभावना खत्म हो गई है।

नीतिगत रुख में बदलाव का बाजार पर पड़ा असर

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''नीतिगत दर बढ़ोतरी उम्मीद के अनुरूप ही थी, लेकिन नीतिगत रुख में बदलाव से बाजार पर अधिक असर पड़ा। वृद्धि के अनुमान में बढ़ोतरी से घरेलू अर्थव्यवस्था की मजबूती का संकेत मिला, लेकिन महंगाई के ऊंचे अनुमान और मूल्य स्थिरता पर आरबीआई के जोर ने बाजार की धारणा को प्रभावित किया।''

एनएसई निवेश संबंधी शेयर बाजार टिप्स उपलब्ध करा रहा

मुंबई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) ने निवेशकों को कुछ टेलीग्राम चैनलों के माध्यम से दी जा रही शेयर बाजार संबंधी सलाह, गारंटीड/आश्वासित रिटर्न और अकाउंट हैंडलिंग सेवाओं से सावधान रहने की सलाह दी है। एनएसई के अनुसार, "जैकपॉट ट्रेडिंग निफ्टी" नामक टेलीग्राम चैनल और @कैपिटेलगेन_25 हैंडल के जरिए शेयर बाजार में निवेश संबंधी टिप्स, गारंटीड रिटर्न तथा अकाउंट हैंडलिंग सेवाएं दी जा रही हैं। इसके अलावा "ट्रेडिंग एक्सपर्ट" नामक एक अन्य टेलीग्राम चैनल भी निवेश संबंधी शेयर बाजार टिप्स उपलब्ध करा रहा है। एनएसई ने स्पष्ट किया है कि ऐसे किसी भी व्यक्ति या संस्था की योजनाओं में निवेश न करें, जो शेयर बाजार में निश्चित, गारंटीड या आश्वासित रिटर्न का दावा करती हो। निवेशकों को अपना यूजर आईडी, पासवर्ड या अन्य ट्रेडिंग क्रेडेंशियल्स किसी के साथ साझा न करने की भी सलाह दी गई है।निवेशक किसी व्यक्ति या संस्था की वैधता जांचने के लिए एनएसई की "नाउ/लोकेट योर स्टॉक ब्रोकर" सुविधा का उपयोग कर सकते हैं। एनएसई ने स्पष्ट किया है कि उपरोक्त टेलीग्राम चैनलों का एक्सचेंज से कोई संबंध नहीं है।

सोना 700 रुपए गिरकर 1.48 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर

- चांदी 2.27 लाख रुपए प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्थानीय मांग कमजोर रहने और वैश्विक स्तर पर कीमतों में नरमी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमत लगातार दूसरे दिन गिर गई। सोने का भाव 700 रुपये घटकर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। कारोबारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 700 रुपये की गिरावट के साथ 1,48,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर समेत) रह गया। मंगलवार को सोना 1,49,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।यह एक सप्ताह का निचला स्तर है। सोना 29 सितंबर को 1,48,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''बुधवार को कमजोर वैश्विक संकेतों और खुदरा मांग में नरमी के बीच घरेलू बाजार में सोने की कीमतों में गिरावट आई।



आईनॉक्स ग्रीन ने विंड वर्ल्ड इंडिया का भुगतान किया पूरा

नई दिल्ली। आईनॉक्स ग्रीन एनर्जी सॉल्यूशंस ने विंड वर्ल्ड इंडिया लिमिटेड के पवन ऊर्जा परिचालन एवं रखरखाव (ओएंडएम) कारोबार के हस्तांतरण के लिए भुगतान पूरा कर दिया है। कंपनी के बयान के अनुसार, कर समेत इस सौदे का कुल मूल्य 550 करोड़ रुपये है। यह भुगतान आईनॉक्स ग्रीन की अनुषंगी कंपनी विभव एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड (वीईपीएल) के जरिये किया गया है। इसके लिए वीईपीएल और डब्ल्यूडब्ल्यूआईएल के बीच कारोबारी हस्तांतरण समझौता (बीटीए) किया गया था। आईनॉक्स ग्रीन ने मंगलवार को डब्ल्यूडब्ल्यूआईएल के पवन ऊर्जा ओएंडएम कारोबार के हस्तांतरण के लिए भुगतान पूरा किया।

भारत में जल्द शुरू हो सकती है 'स्टारलिंक' की सेवाएं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उद्योगपति एलन मस्क की अगुवाई वाली उपग्रह संचार कंपनी स्टारलिंक ने भारत की सुरक्षा एवं अन्य नियामकीय जरूरतों के अनुरूप अपना परिचालन खाका तैयार किया है।'इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2026' में स्पेसएक्स की 'स्टारलिंक बिजनेस ऑपरेशंस' की उपाध्यक्ष लॉरेन ड्रेयर ने कहा कि कंपनी ने भारतीय बाजार में सेवाएं देने के लिए जरूरी बुनियादी ढांचा तैयार करने में निवेश किया है। ड्रेयर ने कहा, ''हमने भारत की सुरक्षा जरूरतों और अन्य नियमों को ध्यान में रखते हुए खास तौर पर भारत के लिए स्टारलिंक का परिचालन खाका तैयार किया है। भारत के लिए हर स्तर पर नियंत्रण व्यवस्था स्थापित की गई है और भारतीय उपयोगकर्ताओं का डेटा देश में ही रखा जा रहा है। सरकार ने स्टारलिंक समेत तीन कंपनियों को भारत में उपग्रह संचार सेवाएं देने के लिए लाइसेंस दिए हैं। उपग्रह संचार कंपनियों को अपनी सेवाएं शुरू करने के लिए स्पेक्ट्रम और सुरक्षा मंजूरी की जरूरत है।



- भारत में परिचालन के खाका तैयार
- डेटा देश में रखा जा रहा

ढांचे में 20 गेटवे साइट शामिल

ड्रेयर ने कहा, ''हमने पहले ही निवेश कर यहां जरूरी जमीनी बुनियादी ढांचा तैयार कर लिया है। इसमें 20 'गेटवे साइट' शामिल हैं, जिनमें सैकड़ों एंटीना हैं। हमने भारत को सेवाएं देने के लिए तैयार परिचालन व्यवस्था भी स्थापित कर ली है।''

जुलाई-सितंबर तिमाही में बिक्री 3.8 प्रतिशत घटी

चिप महंगी होने से देश में टैबलेट की बिक्री घटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में टैबलेट पीसी की बिक्री चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में सालाना आधार पर 3.8 प्रतिशत घट गई। बाजार शोध कंपनी काउंटरपॉइंट रिसर्च ने यह जानकारी दी।

बिक्री घटने का प्रमुख कारण 20,000 रुपये से कम कीमत वाले टैबलेट खंड पर मेमोरी चिप की कीमतों में बढ़ोतरी का प्रभाव है। काउंटरपॉइंट रिसर्च ने कहा, /"भारत में टैबलेट की बिक्री वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर 3.8 प्रतिशत घट गई। इसकी वजह ब्रांड द्वारा बढ़ी हुई लागत का बोझ ग्राहकों पर डालना और इससे कुल बिक्री कीमतों में बढ़ोतरी होना रही।

- 20 हजार रुपए से कम कीमत वाले टैबलेट पर प्रभाव अधिक

टैबलेट का विनिर्माण देश में 30 फीसदी बढ़ा

आपूर्ति में गिरावट के बावजूद वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में देश में टैबलेट का विनिर्माण सालाना आधार पर 30 प्रतिशत बढ़ा। सैमसंग और लेनोवो जैसी स्थापित कंपनियों ने स्थानीय उत्पादन का विस्तार जारी रखा।



कंपनियों ने सभी उत्पाद खंड में कीमतें बढ़ाई

शोध कंपनी के अनुसार, कंपनियों ने अपने सभी उत्पाद खंड में कीमतें बढ़ाई हैं और मेमोरी वाले संस्करणों की संख्या को सीमित किया है। काउंटरपॉइंट रिसर्च की प्रमुख विश्लेषक अंशिका जैन ने कहा, परंपरागत रूप से भारत के टैबलेट बाजार का मुख्य आधार 20,000 रुपये से कम कीमत वाला खंड मेमोरी चिप की कीमतों में बढ़ोतरी से सबसे अधिक प्रभावित हुआ।

ग्राहक महंगे उत्पादों की ओर बढ़े

चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में इसमें सालाना आधार पर 43 प्रतिशत की गिरावट आई। टैबलेट के 20,000 रुपये से अधिक कीमत वाले खंड एक प्रमुख प्रतिस्पर्धी क्षेत्र बनकर उभरे हैं और इसमें 27 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बाजार में इसकी हिस्सेदारी 74 प्रतिशत रही। इसकी वजह कंपनियों द्वारा कीमतें बढ़ाना और अपने उत्पादों की संख्या सीमित करना रही, जिससे ग्राहक अधिक महंगे उत्पादों की ओर बढ़े।

आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को अनुसूचित बैंकों की सूची से हटाया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक का बैंकिंग लाइसेंस रद्द होने के बाद उसे मान्यता-प्राप्त अनुसूचित बैंकों की सूची से हटा दिया गया है।

आरबीआई ने इस साल अप्रैल में नियमों का पालन नहीं करने पर पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) का बैंकिंग लाइसेंस रद्द कर दिया था। केंद्रीय बैंक ने कहा था कि इस भुगतान बैंक का कामकाज नुकसानदायक ढंग से संचालित किया जा रहा था। इसके बाद दिल्ली उच्च न्यायालय ने पीपीबीएल को बंद करने का आदेश दिया था। आरबीआई ने बयान में कहा, ''पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की दूसरी अनुसूची से हटा दिया गया है।'' इस संबंध में अधिसूचना 31 जुलाई को जारी की गई थी और सितंबर में इसे भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया गया।



- पेटीएम पेमेंट्स बैंक का बैंकिंग लाइसेंस पहले ही रद्द
- इस साल अप्रैल में नियमों का पालन नहीं करने के कारण रद्द

स्कार्फ ने बचाया चेहरा, लेकिन दाहिना आंख संकट में, गालों पर डीप बर्न

हरिभूमि न्यूज: रायपुर

बालोद तेजाब कांड : डीके हास्पिटल में चल रहा मनचलों की शिकार युवती का इलाज

लाइब्रेरी से लौट रही युवती का चेहरा बहुत हद तक बांधे स्कार्फ की वजह से बच गया। मनचलों ने जो तेजाब उस पर फेंका वह दाहिने आंख में घुस गया, जिससे रोशनी जाने का खतरा है। तेजाब की कुछ बूंदें उसके गालों पर पड़ी जो डीप बर्न का कारण बन गया है। गंभीर रूप से झुलसी युवती का इलाज डीके हास्पिटल के बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग में चल रहा है। युवती की गंभीर स्थिति के कारण नेत्र रोग, मेडिसिन सहित अन्य विभागों के विशेषज्ञों भी निगरानी कर रहे हैं।

बालोद में तीन दिन पहले पढ़ाई कर लौट रही 22 साल की युवती पर दो बदमाशों ने तेजाब फेंक दिया था। घटना के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई पूरी कर ली है। मगर इस घटना के बाद डरी-सहमी युवती का गंभीर हालत में डीके हास्पिटल में इलाज चल रहा है। विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ डाक्टरों के साथ आला अधिकारी भी इसके इलाज की प्रक्रिया पर नजर रखे हुए हैं। बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.कृष्णानंद ध्रुव के मुताबिक, युवती की हालत स्थिर और लगभग दस फीसदी बर्न वाली स्थिति है। उसके गालों पर एक दो स्थानों पर एसिड पड़ने की वजह से डीप बर्न हुआ है मगर दाहिने आंख को ज्यादा नुकसान हुआ है। इलाज की प्रक्रिया पूरी होने और घाव ठीक होने के बाद जख्म को भरने के लिए प्लास्टिक सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है। सूत्रों के मुताबिक एसिड की मात्रा दाहिने आंख में अधिक होने की वजह से विजन को खतरा हो सकता है इसे ध्यान रखते हुए नेत्र विशेषज्ञों की टीम बराबर उसकी निगरानी कर रहे है। चिकित्सकों के मुताबिक युवती को पूरी तरह स्वस्थ होने में थोड़ा समय लग सकता है।

शादी से इंकार पर बौखलाया था आरोपी

मामले में पुलिस ने दो आरोपी यश कुमार सोनकर और करण कुंजाम को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि इसमें यश और एसिड अटैक की शिकार युवती की जान-पहचान डेढ़ साल पुरानी थी। युवक ने उसके सामने शादी का प्रस्ताव रखा था जिसमें इंकार मिलने पर वह बौखला गया और युवती को सबक सिखाने के लिए मौका तलाश रहा था। इसके लिए उसने अपने साथ करण के साथ मिलकर योजना बनाई। सप्ताहभर पहले उन्होंने दुर्ग जाकर तेजाब खरीदा और सोमवार को उसे पढ़ाई कर घर लौट रही युवती पर फेंक दिया। घटना के बाद बालोद में दहशत की स्थिति बन गई और आसपास के लोगों की मदद से बच्ची को अस्पताल भिजवाया गया।

बैज बोले- सेवा संकल्प अभियान भाजपा का फ्लॉप इवेंट

हरिभूमि न्यूज: रायपुर

- यह अभियान आरएसएस-भाजपा का एक प्रचारात्मक आयोजन बनकर रह गया

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा सरकार के 'सेवा संकल्प अभियान' को सरकारी मशीनरी और संसाधनों के कथित दुरुपयोग का अभियान बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्रांडिंग के लिए सरकारी धन खर्च किया जा रहा है और कर्मचारियों पर दबाव बनाकर कार्यक्रमों में भीड़ जुटाई जा रही है।

उन्होंने कहा, अगर यह वास्तव में सेवा अभियान है तो कर्मचारियों को कथित तौर पर दबाव में लाकर लोगों को कार्यक्रमों में बुलाने की जरूरत क्यों पड़ रही है। सेवा स्वेच्छा और जनभागीदारी से होती है, दबाव से नहीं। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार 'सेवा संकल्प' के नाम पर जनता को गुमराह कर रही है और यह अभियान आरएसएस-भाजपा का एक प्रचारात्मक आयोजन बनकर रह गया है।

उन्होंने दावा किया कि शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, पटवारियों और पंचायत सचिवों को उनके नियमित कार्यों से हटाकर अभियान से जुड़े आयोजनों में लगाया जा रहा है। उन्होंने इसे प्रशासनिक तंत्र के कथित राजनीतिक इस्तेमाल का उदाहरण बताते हुए सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, प्रदेश में आम नागरिक बिजली, रोजगार, महंगाई और अन्य बुनियादी समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन सरकार का ध्यान प्रचार और आयोजन पर अधिक है।

उन्होंने कहा, सरकारी कर्मचारियों और संसाधनों का इस्तेमाल जनता की समस्याओं के समाधान के लिए होना चाहिए, न कि किसी राजनीतिक छवि निर्माण के लिए। बैज ने कांग्रेस की ओर से सरकारी धन के कथित दुरुपयोग और कर्मचारियों पर दबाव बनाए जाने का विरोध करते हुए सरकार से अभियान में खर्च हो रहे सार्वजनिक धन और प्रशासनिक संसाधनों का हिसाब सार्वजनिक करने की मांग की।

कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास शाखा), जिला - रायगढ़ (छ.ग.)

द्वितीय ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

क्रमांक / 4026 / आवि/निर्माण/नक-02/ रायगढ़, दिनांक 5/10/2026

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से जिले के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार हेतु दिनांक 1410.2026 तक निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	लागत (लाखों मे)
1	199925	एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना धरमजयगढ़, कार्यालय का मरम्मत, नवीनीकरण एवं उन्नयन कार्य	49.42

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी Portal : http://eproc.cgstate.gov.in में देखी जा सकती है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास रायगढ़

जी. 262703794/3

कार्यालय कार्यपालन अभियंता मनियारी जल संसाधन संभाग मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

// निविदा निरस्तीकरण आदेश //

पत्र क्रमांक.....व.ले.लि./2026-27 मुंगेली, दिनांक.....

प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन, सेक्टर-19 नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर, अटल नगर रायपुर (छ.ग.) का पृष्ठा. पत्र क्रं. 4264294 / निविदा प्रकोष्ठ/2026/5440 (Tc) रायपुर दिनांक 11.09.2026 द्वारा दिये गये निर्देश के परिपालन में इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना क्र. 01/व.ले.लि.:/2026-27 दिनांक 03.09.2026, सिस्टम नं. 197157 (प्रथम आमंत्रण) "मनियारी बैराज योजना के मुख्य नहर आर.डी. 1170 मी. से आर.डी. 17700 मी. तक विभिन्न स्थलों पर शेष मिट्टी कार्य, 02 नग माइनर नहर निर्माण कार्य, 03 नग व्ही.आर.बी., 02 नग माइनर हेड, 01 नग इनलेट, 14 नग आउटलेट, 02 नग माइनर नहर में 13 नग स्ट्रक्चर निर्माण व 19 नग आउटलेट निर्माण कार्य तथा मुख्य नहर आर.डी. 1140 मी. से आर.डी. 7980 मी. तक शेष लाईनिंग कार्य" (लागत रू. 393.68 लाख) की निविदा में प्रतिभागी निविदाकार की संख्या निरंक होने के फलस्वरूप उक्त निविदा को "निरस्त" किया जाता है।

जी.नं. 262702729

कार्यपालन अभियंता
मनियारी जल संसाधन संभाग मुंगेली,
जिला-मुंगेली (छ.ग.)

जी. 262703799/3

6 लेयर मल्टीलेवल पार्किंग...ये जनता के लिए नहीं, ट्रैव्हल्स कंपनियां ही हैं असली मालिक!

हरिभूमि न्यूज: रायपुर

राजधानी के कलेक्टोरेट के सामने बनी करोड़ों रुपए की मल्टीलेवल पार्किंग ट्रैवल्स गाड़ियों का अड्डा बन गया है। नगर निगम प्रशासन की लापरवाही के कारण 6 लेयर मल्टीलेवल पार्किंग को टैक्सी, कार आदि किराए पर उपलब्ध कराने वाली ट्रैवल्स कंपनियों ने अपने वाहन पार्क करने के लिए टैक्सी स्टैंड बना लिया है। कई ट्रैवल्स कंपनियों की यहां दिन-रात कई दिनों तक गाड़ियां तब तक खड़ी रहती है, जब तक बुकिंग नहीं होती है। ट्रैवल्स कंपनियों की इन गाड़ियों के कारण कलेक्टोरेट परिसर सहित आसपास के इलाके में काम से पहुंचने वाले आम लोगों को हर रोज अपनी वाहन पार्क करने में न केवल परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं जगह नहीं मिलने से बड़ी संख्या में लोग मल्टीलेवल के बाहर मुख्य सड़क पर ही वाहन पार्क करते हैं, जिससे इस मार्ग पर दिनभर ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती है।

कलेक्टर के निर्देश पर कलेक्टोरेट परिसर में वाहनों की एंट्री पर रोक लगा दी गई है। कलेक्टर, अपर कलेक्टर सहित डिप्टी कलेक्टरों की गाड़ियों के अलावा अन्य किसी भी वाहन को कलेक्टोरेट परिसर में प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। कलेक्टर के इस निर्देश के बाद कलेक्टोरेट परिसर में वाहनों की बेतरतीब पार्किंग की व्यवस्था जरूर सुधर गई है, लेकिन इसका दबाव अब मल्टीलेवल में पड़ने लगा है। 6 लेयर मल्टीलेवल के ग्राउंड में दोपहिया वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था है।

साय की अध्यक्षता में 11 को कैबिनेट की बैठक

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक रविवार, 11 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे मुख्यमंत्री निवास कार्यालय, सिविल लाइन में होगी। बैठक में धान खरीदी के संबंध में निर्णय लिए जा सकते हैं। खाद्य विभाग की ओर से मार्कफेड धान खरीदी की तैयारी में लगा है। इस बार अच्छी बारिश होने की वजह से धान का बंपर उत्पादन होने की संभावना है। राज्य सरकार उसके आधार पर खरीदी का लक्ष्य और तारीख तय कर सकती है। बताया गया है कि बैठक में अन्य विभागों के संबंध में प्रशासनिक निर्णय लिए जा सकते हैं।

CHHATTISGARH HOUSING AND INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT BOARD

Div. Mahasamund,
Atal Vihar Colony, Machewa, Mahasamund - 493445

RFP NOTICE INVITING TENDER

Advt. no. 115 Dated:

CGHIDB DIV. Mahasamund invites online proposal (Tech. & Fin.) for Selection of Agencies/Organizations/NGOs/Trusts etc. for Conducting Accessibility Audits of Identified Government buildings in Chhattisgarh for Barrier-Free and Accessible Environment for Social Welfare Department, C.G., CGHIDB Division- Mahasamund (87 Buildings) Eligible Agencies/ Organizations/ NGOs/ Trusts should be registered in GeM Portal & should be in the active list of empaneled Accessibility Auditors maintained by the Department of Empowerment of Persons with Disabilities, Ministry of Social Justice and Empowerment, Govt. of India. And must fulfil all other conditions mentioned in the RFP. Last date to submit proposal on or before dt. 25.11.2026 up to 17:00 hrs. The Application/RFP documents available on CG e-proc Website https://eproc.cgstate.gov.in and the CGHIDB Website. EMD amount, bid process, criteria, pre bid meeting date etc. can be seen in the RFP which is uploaded in CG e-proc Website https://eproc.cgstate.gov.in.

Executive Engineer
Mob no. +91 7697192220

S. 49325

CHHATTISGARH HOUSING AND INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT BOARD

Raipur Div - III Address -Division-III, Commercial Complex, Second Floor, VIP road, Moulshree Vihar

RFP NOTICE INVITING TENDER

Advt No. 405

CGHIDB Div. III invites online proposal (Tech. & Fin.) for Selection of Agencies/Organizations/NGOs/Trusts etc. for Conducting Accessibility Audits of Identified Government buildings in Chhattisgarh for Barrier-Free and Accessible Environment for Social Welfare DepartmentCGHIDB Division-3 [Gariyaband-15 Building] in DistGariyabandh, C.G. EligibleAgencies/ Organizations/ NGOs/Trusts should be registered in GeM Portal & should be in the active list of empaneled Accessibility Auditors maintained by the Department of Empowerment of Persons with Disabilities, Ministry of Social Justice and Empowerment, Govt. of India. And must fulfil all other conditions mentioned in the RFP. Last date to submit proposal on or before dt 25.11.2026 up to 17:00 hrs. The Application/RFP documents available on CG e-proc Website https://eproc.cgstate.gov.in and the CGHIDB Website. EMD amount, bid process, criteria, pre bid meeting date etc. can be seen in the RFP which is uploaded in e-proc cg Website https://eproc.cgstate.gov.in.

Executive Engineer
Mob no:9753266721

S. 49332

OFFICE OF THE SUPERINETENDING ENGINEER PUBLIC WORK DEPARTMENT, BILASPUR CIRCLE BILASPUR, CHHATTISGARH

AMENDMENT NOTICE

Amendment are made in N.L.T. No. 315, 316 and 317 dated 24.09.2026:-

Existing Description	To be extended
Bid submission due date (Online) 05/10/26 17.30	Bid submission due date (Online) 12/10/26 17.30
End date for Physical submission (EMD, and affidavit in Envelope A) (by speed post or Registered post) **07/10/26 17.30**	End date for Physical submission (EMD, and affidavit in Envelope A) (by speed post or Registered post) **14/10/26 17.30**
Bid opening date (Scheduled) **08/10/26 11.00**	Bid opening date (Scheduled) **15/10/26 11.00**

Other conditions will remain same.

Superintending Engineer
PWD Bilaspur Circle
Bilaspur (C.G.)

G. 262703807/4

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड रायपुर (छ.ग.)

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से "प्रपत्र-अ" में निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

एन.आई.टी. क्रमांक, दिनांक / सिस्टम टेंडर क्र.	कार्य का नाम	लागत (लाख में)
43/30.09.26, 200690	रायपुर जिले के विकासखंड आरंग के ग्राम गोढ़ी रेट्रोफिटिंग जलप्रदाय योजना (Risk & cost) (balance work)	31.56
44/30.09.26, 200692	रायपुर जिले के विकासखंड अभनपुर के ग्राम हसदा रेट्रोफिटिंग जलप्रदाय योजना (Risk & cost) (balance work)	98.47
45/30.09.26, 200693	रायपुर जिले के विकासखंड धरसींवा के ग्राम तर्रा रेट्रोफिटिंग जलप्रदाय योजना (Risk & cost) (balance work)	15.72
46/30.09.26. 200697	रायपुर जिले के विकासखंड अभनपुर के ग्राम टीला रेट्रोफिटिंग जलप्रदाय योजना (Risk & cost) (balance work)	134.06
47/30.09.26, 200698	रायपुर जिले के विकासखंड तिल्दा के ग्राम तुलसी (नेवरा) रेट्रोफिटिंग जलप्रदाय योजना (Risk & cost) (balance work)	60.71
48/30.09.26, 200699	रायपुर जिले के विकासखंड धरसींवा के ग्राम सारागांव रेट्रोफिटिंग जलप्रदाय योजना (Risk & cost) (balance work)	36.50

नोट :- उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 06.10.2026 से देखी जा सकती है एवं निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 20.10.2026 होगी।

कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,
रायपुर (छ.ग.)

जी. 262703827/2

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, कुनकुरी जिला जशपुर (छ.ग.)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

निम्नलिखित कार्यों के लिये दिनांक 27.10.2026, (17.30 बजे) तक ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

सिस्टम निविदा क्र./निविदा सूचना क्र./दिनांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत
सि.नि.क्र. 200725 नि.सू.क्र. 05/ वलेलि./2026-27 दिनांक: 06.10.2026	जशपुर जिले के जल संसाधन उप संभाग पत्थलगाँव कार्यालय भवन का निर्माण एवं उप संभाग अन्तर्गत 04 नग आवासीय भवनो का उन्नयन कार्य।	रू. 116.94 लाख (जी.एस.टी. को छोड़कर)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 13.10.2026, समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट: 1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। 2. निविदा की अनुमानित लागत लो.नि.वि.एस.ओ.आर. 01.01.2015

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कुनकुरी
जिला जशपुर (छ.ग.)
कृते अधीक्षण अभियंता श्याम बरनई
परियोजना मण्डल अंबिकापुर,
जिला-सरगुजा (छ.ग.)

जी-262703816/3

MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR

OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION
e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in (1st Call)

NIT NO: 29/PWD/ Zone-2 /2026 RAIPUR DATED: 06.10.2026

Online bids are invited for the following works of works up to **Date 27.10.2026 at 17:30 hours.**

Sr. No	System Tender No.	Name of Work	Amount of the Estimate (Rupees in Lakh)	Earnest Money Deposit	Eligible class of contractor /firm	Time allowed for Completion
1	201129	जोन क्र. 02 रमण मंदिर वार्ड क्र. 14 में मंगल भवन निर्माण कार्य।	110.81	85000.00	Class D & above	15 Months

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal **https://eproc.cgstate.gov.in** in from **07.10.2026 10:30 Hours** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

NOTE: - 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal., 2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

ZONE COMMISSIONER
ZONE - 2
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड, कोरबा

क्र.कार्यको/विज्ञा./क्रय/2722 कोरबा, दिनांक 07.10.2026

बिजली बंद की सूचना

कार्यपालन अभियन्ता (संचालन/संधारण) संभाग, छ.स्टे.पॉ. डिस्ट्री.कं. लिमि, कोरबा के कोरबा उप-संभाग अंतर्गत आने वाले सर्व सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है, कि कोरबा एवं दीपका उपसंभाग के अंतर्गत आने वाले समस्त वितरण केन्द्रों में दीपावली पूर्व अतिआवश्यक रखरखाव एवं सुधार कार्य किए जाने के कारण निम्नलिखित फीडर/उपकेन्द्रो में उनके समक्ष दर्शाये गये दिनांक एवं दिन के अनुसार प्रात: 10.00 बजे से शाम 04 बजे तक विद्युत आपूर्ति पूर्णत: बन्द रहेगी।

क्र.	दिनांक	दिन	फीडर का नाम	उपकेंद्र	प्रभावित क्षेत्र
1	08.10.2026	गुरुवार	33 के वी उरगा फीडर	132/33 केव्ही चांपा, उपकेन्द्र	33/11 केव्ही बरपाली, उरगा व फरसवानी उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त 11 केव्ही फीडर एवं आसपास के क्षेत्र।
2	09.10.2026	शुक्रवार	33 के वी भैंसमा फीडर	132/33 केव्ही खरमोरा उपकेन्द्र	33/11 केव्ही भैंसमा उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त 11 केव्ही फीडर एवं पॉवरग्रीड, वेस्टर्नकोक गोढ़ी व आसपास के क्षेत्र।
3	10.10.2026	शनिवार	33 के वी करतला फीडर	132/33 केव्ही खरमोरा उपकेन्द्र	करतला व रामपुर सब-स्टेशन से निकलने वाले समस्त 11 केव्ही फीडर एवं आसपास के क्षेत्र।
4	12.10.2026	सोमवार	33 के वी सोहागपुर फीडर	132/33 केव्ही चांपा उपकेन्द्र	33/11 केव्ही तुमान व सोहागपुर उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त 11 केव्ही फीडर एवं आसपास के क्षेत्र।
5	13.10.2026	मंगलवार	33 के वी रजगामार फीडर	132/33 केव्ही खरमोरा उपकेन्द्र	33/11 केव्ही रजगामार व करूमौहा उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त 11 केव्ही फीडर एवं आसपास के क्षेत्र।
6	14.10.2026	बुधवार	33 के वी चिर्रा फीडर	33/11 केव्ही धरमजयगढ़ उपकेन्द्र	चिर्रा सब-स्टेशन से संबंधित 11 केव्ही फीडर, एवं आसपास के क्षेत्र।
7		गुरुवार	33 के वी रामपुर फीडर	33/11 केव्ही बर्रा उपकेन्द्र	निरंक
1	08.10.2026	गुरुवार	33 के.वी. हरदीबाजार फीडर 11 के वी नागिनझोरकी फीडर 11 के वी हरदीबाजार टाउन फीडर 11 के वी भिलाईबाजार फीडर		33 के. वी. लाईन हरदीबाजार से दीपका, बिंझरी, देवगांव कोलिहामुड़ा सलिहापारा एवं आसपास के क्षेत्र, हरदी बाजार एवं आसपास के क्षेत्र, भिलाई बाजार, अखरापाली, केसला, कटसीरा, भर्राकुड़ा एवं आसपास के क्षेत्र
2	09.10.2026	शुक्रवार	33 के. वी बोईदा 11 के वी झाबर फीडर 11 के वी रेंकी फीडर 11 केवी रालिया फीडर		33/11 के वी उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त 11 के वी लाईन, झाबर, ज्योतिनगर, सिरकी, बतारी, फूलझर एवं आसपास के क्षेत्र, रेकी, सुवाभोडी एवं आसपास के क्षेत्र रलिया, मुढाली, छिदपुर, भलपहरी एवं आसपास के क्षेत्र
3	10.10.2026	शनिवार	33 के वी भिलाईबाजार फीडर 11 के वी दीपका फीडर 11 केवी उतरदा फीडर 11 केवी हरदीबाजार ग्रामीण फीडर		33 के वी भिलाईबाजार से कनकी, दीपका बस्ती, कटघोरा रोड, पाली रोड, बेलटिकरी बसाह एवं आसपास के क्षेत्र, नेवसा, उतरदा, रेलडबरी, लोटनापारा एवं आसपास के क्षेत्र, सराईसिंगार, मुडापार, धतुरा, जोराहाडबरी एवं आसपास के क्षेत्र
4	12.10.2026	सोमवार	33 के. वी भिलाईबाजार फीडर 11 के वी विजयनगर फीडर 11 केवी बोईदा फीडर 11 के.वी. कनकी फीडर		33/11 के वी उपकेन्द्र भिलाईबाजार से निकलकने वाली फीडर विजयनगर, बिझरा, देवनगर एवं आसपास के क्षेत्र, बोईदा, सिरली, एवं आसपास के क्षेत्र, कनकी, तरदा, रंगबेल, जपेली एवं आसपास के क्षेत्र
5	13.10.2026	मंगलवार	33 के. वी बोईदा 11 के वी कोरई फीडर 11 के वी डोंगरा फीडर		33/11 के वी उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त 11 के वी लाईन। कोरई, खशरूडीह, कसईपाली एवं आसपास के क्षेत्र, डोंगरा, जोगीपाली, सराईसिंगार, गुमिया एवं आसपास के क्षेत्र
6	14.10.2026	बुधवार	33 के वी भिलाईबाजार फीडर 11 के वी दुरैना फीडर		33 के वी भिलाईबाजार से कनकी। दुरैना, रेल्वेबस्ती, अवधनगर, गंगानगर एवं आसपास के क्षेत्र
7		गुरुवार	33 के वी कनकी फीडर 11 के वी रलिया फीडर		33 केवी लाईन पहरिया से कनकी। रलिया, नवापारा, मुढ़ाली भलपहरी एवं आसपास के क्षेत्र

नोट : 1. आवश्यकतानुसार समय-सीमा में परिवर्तन किया जा सकता है।
2. विद्युत देयक का भुगतान समय सीमा में करते हुये विद्युत विच्छेदन जैसी अप्रिय परिस्थितियों से बचें एवं कम्पनी को सहयोग प्रदान करें।

कार्यपालन अभियन्ता (सं./सं.)
छ.स्टे. पॉ. डिस्ट्री. कं. लिमि, कोरबा

संवाद-49339

कार्यालय जिला पंचायत कोरिया, बैकुण्ठपुर (छत्तीसगढ़)

Phone No. 07836-232885, Fax No. 07836-234233,
Email ID-zp-koriya.cg@nic.in , Website: www.korea.gov.in

क्रमांक/963/जि.प./उ.सं.पंचा./ग्रा.पं.स.भर्ती/2026 बैकुण्ठपुर, दिनांक 05/10/2026

विज्ञापन

छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय का पत्र क्रमांक/3640(A)/पंग्राविवि/22/2008, दिनांक 29 अगस्त 2008 द्वारा ग्राम पंचायत सचिवों की सेवा शर्त हेतु जारी मागदर्शिका, छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय का पत्र क्रमांक/ESTB/16397/2025/22-1 नवा रायपुर, दिनांक 18.05.2026 द्वारा ग्राम पंचायत सचिवों की सेवा भर्ती हेतु जारी संशोधित मार्गदर्शिका एवं शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के प्रावधान अनुसार तथा पंचायत संचालनालय, छ.ग. के पत्र क्रमांक/पंचा. ESTB-1/1005/2026-DIR नवा रायपुर, दिनांक 07.09.2026 के परिपालन में कोरिया जिला अंतर्गत ग्राम पंचायत सचिवों के रिक्त पदों के पूर्ति हेतु निर्धारित अर्हता एवं योग्यता रखने वाले कोरिया जिले के स्थाई मूल निवासियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 06.10.2026 से 22.10.2026 सायं 05:00 बजे तक कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कोरिया के पते पर आमंत्रित किये जाते हैं। व्यक्तिगत रूप से जमा किये गये एवं नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	पदनाम	वेतन + ग्रेड पे	कुल रिक्त पदों की संख्या	अनारक्षित	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.वर्ग
1	ग्राम पंचायत सचिव	3500-10000 + ग्रेड वेतन 1100	10	04	01	04	01

रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	वर्ग	पद संख्या				योग
		मुक्त	महिला	नि:शक्त	भू.पू.सै.	
1	अनारक्षित	03	01	0	0	04
2	अनुसूचित जाति	01	0	0	0	01
3	अनुसूचित जनजाति	02	01	01	0	04
4	अन्य पिछड़ा वर्ग	01	0	0	0	01
योग		07	02	01	0	10

टीप : अन्य शर्तें व जानकारी जिला पंचायत कोरिया के सूचना पटल व वेबसाईट www.korea.gov.in पर देखा जा सकता है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत कोरिया

संवाद-49326

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER MAHANADI PROJECT, RAIPUR (CHHATTISGARH)

e-PROCUREMENT TENDER NOTICE

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

(First Call)

System Tender No. 200660/NIT No.: 14/SAC/26-27
Dated: 03.10.2026

Online Tenders are invited for the following work up to 26.10.2026 at 17.30 Hours.

Name of work - Construction work of Retaining Wall on the Right and Left Side of Main Canal from R.D. 0 m to 660 m and Retaining Wall on the Right and Left Side of Branch Canal from R.D. 0 m to 180 m of Jawaibandha Diversion Canal in Block Abhanpur, District Raipur.

Probable Amount of Contract: Rs. 367.00 Lakhs (Excluding G.S.T.)

(As per S.O.R Enforced from Dated 01.05.2025 and amended on dated 08.08.2025).

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal (https://eproc.cgstate.gov.in) from Date 12.10.2026, at 17.31 Hours. (IST) onwards.

NOTE:- All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal (https://eproc.cgstate.gov.in) and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process. All Prequalification Certificates issued by Water Resources Department from dated 01.11.2025 till date is valid in this tender (As per Engineer-in-Chief, W.R.D. Raipur's Letter No. 425001/TC/2016/सर्क/अस्थायी/7989 Raipur Dtd. 30/09/2026).

Executive Engineer
Water Management Division
No. 1, Raipur
For, Chief Engineer, Mahanadi
Project, Raipur (C.G.)

G-262703789/3

कार्यालय, अधिष्ठाता पं.ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)

Phone No. 0771-2525602, 2890001 (Fax) 0771-2523919
Email- ptjnm-mcr@rediffmail.com Website- www.ptjnmraipur.in

क्रमांक/चिकि./स्था.I, II/संविदा/2026/14803 रायपुर, दिनांक 05/10/26

विज्ञापन सूचना

पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के द्वारा विभिन्न विभागों में चिकित्सा शिक्षकों के रिक्त पदों पर आरक्षण रोस्टर अनुसार संविदा से भर्ती किये जाने हेतु दिनांक दिनांक 14-10-2026 दिन बुधवार को प्रात: 10:30 बजे से अधिष्ठाता कार्यालय के कॉलेज काउंसिल हॉल में वॉक-इन-इन्टरव्यू आयोजित किया जा रहा है। चिकित्सा शिक्षकों के विभागवार रिक्तियों की जानकारी महाविद्यालय की वेबसाईट www.ptjnmcraipur.in पर उपलब्ध है। जिसमें पात्रतानुसार उम्मीदवार अपने समस्त आवश्यक मूल दस्तावेजों एवं उसकी छायाप्रति मय पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ के साथ सम्मिलित हो सकते हैं। उक्त नियुक्ति छ.ग. चिकित्सा शिक्षा (राजपत्रित) संविदा सेवा भर्ती नियम 2012 की अधिसूचना के तहत होगी।

विभागों की रिक्त पदों की उपलब्धता के अनुसार आवेदन की जॉच कर वॉक-इन-इन्टरव्यू लिये जायेंगे।

उक्त पदों में आरक्षण नियम का पालन शासन के निर्देशानुसार करते हुये नियुक्ति की कार्यवाही की जावेगी।

नोट :-

1. एन.एम.सी. मापदंडों के अनुसार पात्रता निर्धारित होगी।
2. पदों की संख्या परिवर्तनीय है।
3. एन.एम.सी. मापदंडों के अनुरूप आवश्यक समस्त मूल दस्तावेज सहित वॉक इन इन्टरव्यू की निर्धारित तिथि में उपस्थित होना आवश्यक होगा।
4. वाक इन इन्टरव्यू के आवेदन फार्म आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा करने का समय कार्यालयीन अवधि में दोपहर 12:00 बजे तक निर्धारित है।
5. निर्धारित समयावधि पश्चात आवेदन फार्म जमा नही लिया जावेगा।

(आवश्यक दस्तावेज पासपोर्ट साइज फोटो, समस्त अंकसूची (MBBS/MD), छ.ग. पंजीयन, छ.ग. निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, पब्लिकेशन, 10वीं अंकसूची, डिग्री (MBBS/MD), अनुभव प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, BCME & BCBR तथा पद से संबंधित अन्य आवश्यक दस्तावेज)

अधिष्ठाता
पं.ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय
रायपुर (छ

प्रथम पृष्ठ का शेष

तीन करोड़ के...

कार्यक्रमों का हिस्सा सीवाय-टीबी टेस्ट भी है। कुछ साल पहले इसके माध्यम से टीबी संक्रमितों के सीधे संपर्क में आने वाले और हाईरिस्क वालों की जांच के लिए इसे अनुमति दी गई थी। सालभर पहले दिल्ली से करीब डेढ़ लाख वॉयल छत्तीसगढ़ भेजे गए थे, जिसे तमाम जिलों में बांटना था। विभाग ने प्रारंभिक दौर में रायपुर जिले में स्वास्थ्य कर्मियों की इससे जांच की और फिर यह टेस्ट वॉयल डंप कर दिया गया। विभाग टीबी नियंत्रण की दूसरी योजना में इस वॉयल को ही भूल गया। अब अगले माह यानी नवंबर में राज्य औषधि भंडार के स्टोर में रखे-रखे पूरे वॉयल एक्सपायर हो जाएंगे।

मिशन 2047...

की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया और कहा कि जो बातें कभी अकल्पनीय लगती थीं, वे अब संभव हो गई हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, ''2026 में आज हम विकसित भारत का जो सपना देख रहे हैं, वह निश्चित रूप से पूरा होगा। भारत के रुकने का अब कोई कारण नहीं है। सौ साल पहले हमारी आबादी 40 करोड़ से भी कम थी और आज हम 140 करोड़ से अधिक हैं। ये 140 करोड़ नागरिक मिलकर 2047 तक विकसित भारत बनाएंगे और हम निश्चित रूप से ऐसा करके रहेंगे। हम करके रहेंगे।'' प्रधानमंत्री ने हालांकि आगाह किया कि वोट बैंक के फायदे के लिए समाज को बांटना देश के सामने मौजूद सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियां किसी जाति या समुदाय में भेद नहीं करतीं। उन्होंने कहा, 'जब किसी किसान के खेत में पानी नहीं होता तो क्या यह समस्या केवल एक जाति को प्रभावित करती है? जब बिजली नहीं होती तो क्या अंधेरा केवल एक समुदाय के यहां होता है? इसका जवाब है-नहीं। अगर समस्या सबकी है तो समाधान भी सबके लिए होना चाहिए।' उन्होंने कहा कि किसने सोचा होगा कि एक दशक के भीतर 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकल सकते हैं लेकिन भारत ने यह करके दिखाया। प्रधानमंत्री ने कहा, 'इसीलिए मुझे 140 करोड़ भारतीयों की शक्ति और उनके सामर्थ्य पर विश्वास है। मैं 25 वर्ष के अनुभव के बाद विश्वास के साथ कह सकता हूं कि हम अपनी आंखों के सामने भारत का कायाकल्प होते देख रहे हैं। मोदी ने कहा, 2047 तक विकसित भारत बनना- हम करके रहेंगे। दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होना- हम करके रहेंगे। आत्मनिर्भर बनना- हम करके रहेंगे। वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनना- हम करके रहेंगे। ओलंपिक की मेजबानी करना- हम करके रहेंगे। अंतरिक्ष में कदम बढ़ाना- हम करके रहेंगे। यह ऊर्जा, यह उत्साह और यह आत्मविश्वास असाधारण है। मोदी ने कहा, राष्ट्र की सेवा में प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ जुटे प्रत्येक स्वयंसेवक और कार्यकर्ता को मैं आदरपूर्वक नमन करता हूं।'' मोदी ने कहा कि जिन्होंने उनका विरोध किया, उन्होंने उन्हें लोकतंत्र की ताकत समझाई, हर संकट ने उनके धैर्य की परीक्षा ली, हर सफलता ने उनकी जिम्मेदारी बढ़ाई और हर उपलब्धि ने उन्हें बड़े लक्ष्यों की ओर बढ़ने का साहस और संकल्प दिया। उन्होंने कहा, आज का दिन केवल स्मृतियों का दिन नहीं है। यह अपने संकल्पों में नयी ऊर्जा भरने का दिन है। यह उस वचन को दोहराने और उस इरादे को व्यक्त करने का दिन है, जो कहता है कि हम करके रहेंगे।

छत्तीसगढ़ में 38...

राष्ट्र निर्माण और विकसित भारत के संकल्प के प्रतीक होंगे। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में जिम्मेदारी संभाली थी। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में उनके सेवाकाल के 25 वर्ष पूरे होना जनसेवा, सुशासन, विकास और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण की यात्रा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों और नागरिकों को विकसित भारत तथा विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में सक्रिय भागीदारी का संकल्प दिलाया। इसके बाद हाथ में मशाल लेकर उन्होंने 'सेवा ज्योति यात्रा' का नेतृत्व किया और बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय से शुरू होकर तेलीबांधा चौक पहुंची, इसमें बड़ी संख्या में युवा और नागरिक शामिल हुए।

सिंगापुर से निवेश और साझेदारी के अवसर-मुख्यमंत्री ने अपने हालिया सिंगापुर दौरे का उल्लेख करते हुए कहा, प्रधानमंत्री मोदी की सोच के अनुरूप राज्यों को वैश्विक निवेश, तकनीक, कौशल और नवाचार के अवसरों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ और हरियाणा को सिंगापुर में आयोजित पहले 'सिंगापुर-इंडिया नेटवर्क फॉर ग्रोथ (सिंग) फोरम-2026' में भागीदारी का अवसर मिला। उन्होंने कहा, सिंगापुर में उद्योग जगत और निवेशकों के साथ हुई चर्चा से छत्तीसगढ़ के लिए नए अवसर सामने आए हैं।

कार्यकर्ता सक्रिय भागीदारी...

उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हुए सभी कार्यकर्ताओं से 'सेवा ज्योति यात्रा' को सफल बनाने और विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

वनकर्मियों को लाठी-...

मारपीट की गई। मारपीट में उन्हें चोटें आईं और खून भी निकला। इसी दौरान रेंजर का पर्स और डिप्टी रेंजर का मोबाइल फोन भी छीन लिया गया। हमलावर शराब के नशे में थे। मारपीट के बाद दोनों अफसरों को तमोरा वनखंड से लगे खेत में बने एक छोटे मकान में ले जाया गया। वहां उन्हें 7:30 बजे से रात 12:30 बजे तक करीब 5 घंटे तक बंधक बनाकर रखा गया। अफसरों को छुड़ाने पहुंची पुलिस और वन विभाग की टीम, लेकिन हमलावरों ने उन्हें छोड़ने से इनकार कर दिया।

मौत के 4 साल...

जारी रखने की अनुमति 1 अप्रैल 2026 को दी गई थी। अभियोजन के अनुसार, गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने 9 फरवरी 2006 को एंटी करप्शन ब्यूरो में शिकायत की थी कि, उनकी बहन आशा लता उर्फ आशा रानी की पुलगांव, दुर्ग में करीब 27.3 एकड़ जमीन थी। आरोप था कि,निर्मला देवी अग्रवाल ने अमेरिका में तैयार कथित पावर ऑफ अटॉर्नी के आधार पर जमीन की अलग-अलग सेल डीड कराईं। तत्कालीन सब-रजिस्ट्रार आरके नेताम पर आरोप था कि, पावर ऑफ अटॉर्नी पर आवश्यक स्टांप ड्यूटी जमा नहीं होने के बावजूद उन्होंने उसके आधार पर सेल डीड रजिस्टर्ड की। अभियोजन ने इससे शासन को 6,08,115 रुपए की स्टांप ड्यूटी का नुकसान होने का आरोप लगाया था। **आपराधिक कृत्य नहीं माना जा सकता**-हाईकोर्ट ने कहा कि, दस्तावेज की जांच में कथित चूक या प्रशासनिक लापरवाही को, बिना अतिरिक्त ठोस साक्ष्य के, भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत आपराधिक कृत्य नहीं माना जा सकता। केवल सेल डीड का पंजीयन अपने आप में आपराधिक साजिश या धोखाधड़ी साबित नहीं करता। अदालत ने कहा कि, आपराधिक न्यायशास्त्र में संदेह, चाहे कितना भी मजबूत हो, सबूत का स्थान नहीं ले सकता। अभियोजन नेताम के खिलाफ आरोप संदेह से परे साबित करने में असफल रहा है। इसके आधार पर कोर्ट ने उनकी दोषसिद्धि और सजा का फैसला निरस्त करते हुए उन्हें सभी आरोपों से बरी कर दिया। अपील में सुनीता नेताम की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एचबी अग्रवाल ने पैरवी की।

महंगाई बढ़ी, घर-...

के साथ संकेत दिया कि निकट अवधि में प्रमुख ब्याज दर में कटौती की संभावना नहीं है। इसके उलट बढ़ती महंगाई, रुपए की विनिमय दर में गिरावट तथा कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच आगे भी नीतिगत दर बढ़ाई जा सकती है। आरबीआई की छह-सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने आम सहमति से रेपो दर बढ़ाने का निर्णय लिया। नीतिगत रुख में बदलाव के पक्ष में चार सदस्यों ने जबकि दो ने इसके खिलाफ वोट किया। आरबीआई के नीतिगत बयान के अनुसार, बाहरी सदस्य नागेश कुमार और राम सिंह का मत था कि नीतिगत रुख को तटस्थ ही रखा जाना चाहिए। मल्होत्रा के दिसंबर 2024 में गवर्नर का कार्यभार संभालने के बाद रेपो दर में यह पहली वृद्धि है। इससे पहले फरवरी, 2023 में नीतिगत दर में वृद्धि की गयी थी। यह फैसला ऐसे समय में किया गया है जब पश्चिम एशिया संकट के बाद कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, कमजोर मुद्राओं और अल नीनो के प्रभाव के कारण दुनिया के प्रमुख केंद्रीय बैंक भी ब्याज दरें बढ़ा रहे हैं। मल्होत्रा ने एमपीसी के फैसलों की घोषणा करते हुए कहा, निकट अवधि में ब्याज दरों में कटौती का विकल्प नहीं है। आगे की नीतिगत कार्रवाई बदलती परिस्थितियों तथा आर्थिक परिदृश्य के आधार पर केवल दर बढ़ाने या यथास्थिति बनाए रखने तक सीमित रह सकती है। उन्होंने आगाह किया कि नीतिगत दर में वृद्धि का समय और उसकी मात्रा महंगाई और आर्थिक वृद्धि की स्थिति पर निर्भर करेगी। खासकर कीमतों पर बुनियादी दबाव और इस बात पर कि आपूर्ति संबंधी झटके व्यापक अर्थव्यवस्था में किस हद तक स्थायी रूप लेते हैं। रेपो वह ब्याज दर है, जिस पर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिये केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। **महंगाई का बढ़ा जोखिम**- केंद्रीय बैंक ने कहा कि महंगाई का जोखिम अब एक साल पहले की तुलना में अधिक बढ़ गया है। इसका कारण खाद्य और ईंधन की ऊंची कीमतों, मानसून की कमी, अल नीनो की स्थिति तथा अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में फिर से बढ़ी अस्थिरता है। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2026-27 में खुदरा महंगाई के औसतन 5.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। तीसरी तिमाही में इसके छह प्रतिशत और चौथी तिमाही में 5.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। होम लोन से कार लोन तक सब होगा महंगा रेपो रेट वो दर होती है जिस पर कमर्शियल बैंक आरबीआई से कर्ज लेते हैं।

कार दौड़ी, पर...

अर्थ व्यवस्था का अहम हिस्सा बना हुआ है। यही वजह है कि इस साल इसकी बिक्री जमकर दर्ज हुई। यहां यह बताना लाजिमी है कि रजिस्ट्रेशन से सरकार को इस साल साढ़े तीन हजार करोड़ रुपयों का राजस्व मिलने का अनुमान है। इसमें ट्रेक्टर की भी बड़ी भूमिका रहेगी।

ओरिएंटल इंश्योरेंस ब्लैकलिस्टेड...

इस दावे को चार वर्ष से अधिक समय तक लंबित रखा गया और अंततः अगस्त 2026 में इसे अस्वीकार कर दिया गया।

विमानन संचालनालय ने पूरे प्रकरण के परीक्षण में पाया कि सार्वजनिक संपत्ति से जुड़े बीमा दावे के निराकरण में अत्यधिक विलंब हुआ। शासन ने इसे सार्वजनिक धन और शासकीय हित से जुड़ा गंभीर विषय मानते हुए कार्रवाई की है। अधिकारियों के अनुसार शासकीय हेलीकॉप्टर सार्वजनिक संपत्ति है, जिसकी खरीदी और बीमा में जनता का पैसा लगा है। ऐसी स्थिति में बीमा दावे को वर्षों तक लंबित रखने का आर्थिक प्रभाव अंततः सार्वजनिक संसाधनों पर पड़ता है।

सिर्फ को-पायलट...

इमरजेंसी के चलते विमान की 4:05 बजे ही सुरक्षित लैंडिंग करा दी गई। विमान में कुल 104 यात्री सवार थे। लखनऊ एयरपोर्ट पर सभी यात्रियों को सुरक्षित विमान से बाहर उतार लिया गया। यह घटना उस वक्त हुई जब विमान खराब मौसम के बीच करीब 17 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ रहा था। इसी दौरान आकाशीय बिजली विमान से टकरा गई। इसकी वजह से विमान के अगले हिस्से को नुकसान पहुंचा। बिजली गिरने के बाद पायलट ने स्थिति को संभाला और विमान को लखनऊ एयरपोर्ट की ओर लाया गया।

सीएम साय बोले-...

सांसद-विधायक चुने जाते हैं, तब उसे इसमें कोई खामी नजर नहीं आती, लेकिन हार के बाद उसी ईवीएम को जिम्मेदार ठहराया जाता है। जनता अब इस दोहरे रवैये को समझ चुकी है। साय ने कहा कि लोकतंत्र में जनता का जनादेश सर्वोपरि है और राजनीतिक दलों को अपनी हार के लिए संवैधानिक संस्थाओं और चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाने के बजाय जनादेश का सम्मान करना चाहिए। न कि अपनी हार के लिए संवैधानिक संस्थाओं और चुनाव प्रक्रिया पर सवाल खड़े करने चाहिए। **डेढ़ वर्ष में 8.23 लाख करोड़ निवेश के प्रस्ताव**-मुख्यमंत्री ने कहा कि नई औद्योगिक विकास नीति के बाद करीब डेढ़ वर्ष में 8.23 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। सरकार का लक्ष्य केवल एमओयू करना नहीं, बल्कि निवेश को उद्योग, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों में बदलना है। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर और एआई डेटा सेंटर जैसी परियोजनाओं पर काम भी शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य सरकार का लक्ष्य केवल निवेश प्रस्ताव प्राप्त करना नहीं, बल्कि उन्हें वास्तविक उद्योग, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों में बदलना है। **एफडीआई प्रस्ताव 43,600 करोड़ तक पहुंचा**- मुख्यमंत्री ने कहा, सिंगापुर दौरे के बाद छत्तीसगढ़ को मिले एफडीआई निवेश प्रस्तावों की राशि बढ़कर 43,600 करोड़ रुपए हो गई है। उन्होंने कहा, इन निवेशों से प्रदेश की आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी और स्थानीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के साथ उनका बाजार भी बढ़ेगा।

मोदी के 25 साल...

जीवन सेवा, सुशासन, जनकल्याण और राष्ट्र निर्माण को समर्पित रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत प्रदेश में 13 तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 38 स्थानों पर 'सेवा ज्योति संकल्प चौक' बनाए जाएंगे और रायपुर के तेलीबांधा चौक को भी इसी रूप में विकसित किया जाएगा।

सिंगापुर से 41,750...

डेटा सेंटर कैंपस विकसित करने के लिए 41,750 करोड़ का निवेश करेगी।

100 साल पुरानी...

जिसे वैज्ञानित भाषा में होमोचिरैलिटी कहा जाता है। इसका मतलब होता है कि एक ही हाथ वाला। अमीनो एसिड नाम के अणु प्रोटीन बनाते हैं, जिनके दो रूप होते हैं, लेकिन शरीर में सिर्फ एक ही रूप होता है। जिसका दूसरा रूप प्रकृति में बेहद कम ही देखने को मिलता है। जब वैज्ञानिक प्रयोगशाला में अणु बनाने का काम करते हैं, तो उस दौरान दोनों अणु बराबर मात्रा में बनते हैं। इस वजह से दवा बनाने वाले लोग काफी परेशान थे क्योंकि दवा में सिर्फ एक रूप ही असर करता है। जिसका दूसरा रूप बेकार और नुकसानदायक हो सकता है।

कागन-सोआई ने...

1995 में एक खास प्रक्रिया का निर्माण किया था। इसके बाद उन्हें साल 2003 में सफलता मिली। उन्होंने इस दौरान ऐसी प्रक्रिया चलाई, जिसकी वजह से सिर्फ एक ही रूप बना और दूसरा तो बिल्कुल भी नहीं बना। यह जीवन के अलावा पहले कभी कोई भी नहीं कर पाया था। उनकी तरकीब में प्रतिक्रिया का परिणाम खुद सहायता करती थी। जैसे एक बीज से पौधा बढ़े और बीज भी बनाए। इसकी वजह से एक तरफा अणु अपने आप बढ़ते चले जाते हैं।

कार्यालय नगर पंचायत कोतबा, जिला जशपुर (छ.ग.)

क्रमांक/419 / न.पं. / 2026-27 कोतबा, दिनाँक 07/10/2026

E-mail Id - cmonpkotba@gmail.com ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

नगर पंचायत कोतबा अंतर्गत निम्न विकास कार्य हेतु निर्माण/मरम्मत कार्य कराया जाना है जिसके लिए ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.	कार्य का विवरण	सिस्टम टेंडर नम्बर	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	अमानत राशि (एफडीआर)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	BEAUTIFICATION WORK IN FRONT OF WARD NO.08 NEAR CMO QUTER, WARD NO. 09 NEAR SANSKRITIK BHAVAN, WAR NO. 10 BUS STAND WARD NO. 11 OFFICE BUILDING	201152	19.57	14700/-	27.10.2026 17:30 PM
2	CONSTRUCTION OF CC ROAD WARD NO.- 10 GOPI RAM SHAHU TO HIRO SHARMA, WARD NO.- 07 AMBHA KACHAR ROAD TO CHHOTRAM SIDDAR AND WARD NO.- 07 DULAR SIDDAR TO DULAR SIDDAR KHET	201149	12.09	9000/-	27.10.2026 17:30 PM
3	CONSTRUCTION OF CC ROAD WARD NO.- 15 PAHAR GHAR TO KALAWATI GHAR	201150	13.15	9900/-	27.10.2026 17:30 PM
4	PROVIDING AND CONSTRUCTING OF HOUSE HOLD TAP CONNECTION. VARIOUS WARD	201155	47.68	35800/-	27.10.2026 17:30 PM

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन के ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.csstate.gov.in देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। अमानत राशि (टीडीआर/एफडीआर/डीडी वापसी योग्य नहीं) तथा दस्तावेज उपरोक्त तिथि को नगर पंचायत कोतबा में पंजीकृत/स्पीड डाक से प्रेषित करें।

नगर पंचायत के करों का भुगतान समय पर करें एवं नगर को स्वच्छ बनाये रखने में सहयोग

मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पंचायत कोतबा, जिला जशपुर (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छ.रा.वि.मं. एक उत्तरवर्ती कम्पनी)

कार्यालय :- कार्यपालन अभियंता छ.स्टे.पा.डि.क.लि. कुनकुरी

क्र0/ का. यंत्री / समान्य / 2912 दिनांक : 07.10.2026

आवश्यक सूचना

समस्त सर्वसाधरण सम्माननीय विद्युत उपभोक्तओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 08.10.2026 दिन गुरूवार को 33/11 केव्ही. उपकेन्द्र बन्दरचुंआ में मेटेनेस कार्य हेतु निम्न दिनांक को प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक नीचे दर्शाये गये क्षेत्रानुसार विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। आवश्यकता अनुसार समय में परिवर्तन संभव है।

सम्माननीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

क्र	दिनांक	स्ब-स्टेशन का नाम	प्रभावित क्षेत्र
1	08.10.2026	33/11 केव्ही सब-स्टेशन बन्दरचुआं	बन्दरचुंआ, सीएम हाऊस, बोडापानी एवं आने वाले समस्त ग्राम
2	08.10.2026	33/11 केव्ही सब-स्टेशन रनपुर, नारायणपुर, साहीडांड़	दर्शित सब-स्टेशन से निकलने वाली फीडरों के समस्त ग्राम

टीप:- "विद्युत की बचत ही विद्युत का उत्पादन है।"
"विद्युत चोरी दण्डनीय अपराध है।"

कार्यपालन यंत्री (सं./स.) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लि.कुनकुरी

स. 49344

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग
• सर्भा प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड
• बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
भर्ती सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुन: लगा दें।
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email- hbclassified375@gmail.com
Classified
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

आवश्यकता है

आवश्यकता है- Evince pub Publishing, कोनी (बिलासपुर) में बुक पब्लिशिंग हेतु कंप्यूटर ऑपरेटर (लड़के/लड़कियाँ) चाहिए। MS Word, Excel एवं Canva का ज्ञान आवश्यक। संपर्कः 6260711728, 91718 10321 (42037)

आवश्यकता है- फुल टाइम एकाउंटेंट चाहिए जिसे Tally Prime में काम करना आता हो, Invoice, Eway Bill बनाना आता हो। सम्पर्क करें- अविनाश मोदी, पी-2, संजय अपार्टमेंट, व्यापार विहार रोड, बिलासपुर 9179991222 (42049)

आवश्यकता है-सिक्युरिटी एजेन्सी में कार्य करने हेतु योग्य सुरक्षा गार्ड की आवश्यकता है। वेतन 11000 से शुरू (कृपया पूछताछ ना करें) सरकंडा तथा तिफरा वाले को प्राथमिकता। सम्पर्क करें-9981630084, 9425534940 (42027)

आवश्यकता है- संजय बैग हाउस एसी शोरूम में कार्य करने हेतु सेल्स गर्ल सेल्स ब्वॉय एवं कम्प्यूटर आपरेटर की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर 9827114449 (42050)

आवश्यकता है- बर्तन दुकान में कार्य हेतु लड़के, लड़कियां चाहिए। वेतन योग्यतानुसार। (कॉल करें- सुबह 10 बजे से रात 9:30 बजे) सम्पर्क करें- M.B. मेटल, वाल्मीकि चौक, शनिचरी बाजार, बिलासपुर 7869606425, 91794 13441 (42043)

आवश्यकता है- सेल्समैन, सेल्सगर्ल, हेल्पर चाहिए जिसने होलसेल रेडीमेड दुकान, रिटेल रेडीमेड दुकान में काम किया हो। अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- नवीन जींस, नयन फैशन पुराना बस स्टैण्ड के पास बिलासपुर (42047)

आवश्यकता है- इलेक्ट्रिकल दुकान में काम करने हेतु लड़के, लड़कियो की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें-भारती इलेक्ट्रिकल मेन रोड तेलीपारा, बिलासपुर 9425219674 (42031)

Requirment- Require Experience Two Medical Representative for Bilaspur H.Q. Contact- Vikas Medical Store Near Cims Bilaspur 98279 13277 (42045)

आवश्यकता है- स्टेशनरी दुकान मे साफ सफाई सामान पैकिंग कार्य करने के लिये लड़के, लड़कियो की आवश्यकता है सम्पर्क करें- कुबेर स्टेशनरी डिस्ट्रीब्युटर्स खंपरगंज बिलासपुर 98933 32575 (42042)

आवश्यकता है-छोटा हाथी पिकअप चलाने के लिए 2 ड्राइवर एवं दुकान में हमाली का काम करने के लिए 1 लड़के की आवश्यकता है सम्पर्क करें- शारदा एजेन्सी व्यापार विहार बिलासपुर 9926124555 (42028)

आवश्यकता है- ऑफिस में अनुभवी कम्प्यूटर आपरेटर 2पद (Ms Office, Internet, Typing अनुभव हो) एवं Tally Autocad ऑपरेटर 2पद चाहिए सम्पर्क करें- मुरली गिडवानी, VIP कालोनी, होटल आनन्द के सामने बिलासपुर 9827124040 (42048)

आवश्यकता है- क्लीनिक में कार्य हेतु नर्सिंग स्टाफ, फार्मासिस्ट, ड्राईवर, एकाउन्टेन्ट, सफाई कर्मचारी की। सम्पर्क करें- प्रातः 9 से 1बजे डॉ. हेनरी, ऊषा मेमोरियल स्किन, आई क्लीनिक शैफर स्कूल के पास, बिलासपुर (42035)

आवश्यकता है-Ocean Company में ऑफिस हेतु 10वीं से ग्रेजुएट लड़के, लड़कियां चाहिए उम्र 18-28, आय 10500 से 18000 एवं रहना खाना, सम्पर्क करें- न्यू बस स्टैण्ड, तिफरा बिलासपुर 88188 77406, 9644433021, 07752-337082 (42029)

आवश्यकता है-बिजली दुकान में कार्य करने हेतु लड़के की आवश्यकता है बिजली कार्य जानकार को प्राथमिकता सम्पर्क करें- अरिहंत इलेक्ट्रीकल्स मेन रोड, कोन्हेर गार्डन के पास, तिलक नगर बिलासपुर 07752402359 (42022)

आवश्यकता है-हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम से प्रायमरी, मिडिल, हाईस्कूल में अंग्रेजी पढ़ाने हेतु शिक्षिका चाहिए। योग्यता एमए इंग्लिश वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क करें- न्यूमॉडर्न हाईस्कूल, अशोक नगर, सीपत रोड बिलासपुर 7974501459, 79878 08398 (42026)

आवश्यकता है- घरेलू कार्य हेतु महिला, पुरुष तथा स्कूल में कार्य हेतु अनुभवी हिन्दी टाइपिस्ट एवं सुरक्षागार्ड की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- मॉडर्न एजुकेशनल एकेडमी, आरएसबी कम्पाउन्ड नया सरकण्डा, बिलासपुर 91091 39971, 6260552527 (42040)

आवश्यकता है-अतिशीघ्र आवश्यकता है (1) कम्प्यूटर ऑपरेटर 3, अनुभव 2वर्ष टेंडर कार्य, ऑनलाइन, जेम, ऑफ लाइन वेतन 15000 से 25000 (2) मार्केटिंग ऑफिसर 4, वेतन 25000 से 40000 अनुभव 3वर्ष मार्केटिंग कार्य योग्यता MA/ MBA सम्पर्क करें- Alert SGS Private Limited कार्यालय- प्रथम तल 06 जे शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर छत्तीसगढ़ 87200 05500 (815)

आवश्यकता है-फर्नीचर सेल्स मार्केटिंग हेतु मेहनती, जिम्मेदार लड़कों की आवश्यकता है। वेतन 15000 से 20000 प्रतिमाह अतिरिक्त आकर्षक कमीशन इच्छुक उम्मीदवार सम्पर्क करें- आरके फर्नीटेक जोकीं बिलासपुर 9098909757 (42033)

आवश्यकता है-एजेन्सी कार्य हेतु सेल्समेन एवं छोटा हाथी और इलेक्ट्रीक गुड्स आटो चलाने हेतु ड्राइवर चाहिए। सम्पर्क- महावीर एजेन्सी, नेहरू नगर रोड, साई मन्दिर के पास, टारगेट एकेडमी बिलासपुर 9755885780, 9893056082 (42019)

आवश्यकता है-रायपुर स्थित इलेक्ट्रॉनिक कंपनी में काम करने के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है, सैलरी 10000 से 25000 उम्र 18वर्ष से 35वर्ष रहना फ्री सम्पर्क करें- रायपुर 99939 29100, 9827622050 (222)

आवश्यकता है-स्वादिष्ट समोसा, आलू बड़ा, दाल बड़ा बनाने हेतु अनुभवी नाश्ता कारीगर की आवश्यकता है। वेतन 15000 से 20000 सम्पर्क करें- वाराही रसोई, उपसरपंच चाय, विनोबा नगर मेन रोड, बिलासपुर 62634 38428 (42032)

आवश्यकता है-रियल एस्टेट ऑफिस में टेली कॉलिंग एवं सेल्स अनुभवी एक्जीक्यूटिव (Female) की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता सैलरी योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 9770770000, 9827072000 (41950)

आवश्यकता है-श्याम इंटरप्राइजेज में कुरियर स्कैनिंग और पैकिंग हेतु लड़के/लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- साइंस कॉलेज के पास, सरकंडा, बिलासपुर 92382 16900, 9074741377 (42034)

आवश्यकता है-एल्युमिनियम दुकान में सामान लोडिंग अनलोडिंग का काम करने हेतु युवक एवं बैटरी ऑटो चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- अशोक नगर सरकंडा बिलासपुर 8982577734 (42018)

आवश्यकता है-मंथली एवं लॉग टूर में गाड़ी चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवरों और ऑफिस में कार्य हेतु 10वीं, 12वीं पास लड़के लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें-बिलासपुर 9300672005 (41980)

आवश्यकता है-होलसेल मेडिकल एजेन्सी में कम्प्यूटर आपरेटर एवं लोकल में माल छोड़ने के लिए लड़के की आवश्यकता है। केवल लड़के ही सम्पर्क करें- शारदा मेडिकल एजेन्सी मेडिकल कॉम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर (41993)

आवश्यकता है-लॉज में वेटर, झाड़ पोछा, साफ सफाई हेतु (18वर्ष से ऊपर) पुरुष कर्मचारी तत्काल चाहिए वेतन- 11000 ग्रामीणों को निःशुल्क भोजन, आवास पता- अग्रवाल लॉज गोल बाजार बिलासपुर 9406390898, 9827940898 (42016)

आवश्यकता है-घर में खाना बनाने हेतु महिला/ पुरुष चाहिए। कार्य समय दोपहर 12बजे से शाम 8बजे तक सम्पर्क करें- जय अम्बे नर्सिंग होम महाराणा प्रताप चौक रिंग रोड नं.-2, बिलासपुर 99819 70853 (42008)

आवश्यकता है-हार्डवेयर दुकान में मेहनती काम करने हेतु लड़के एवं लड़कियां चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- कमल हार्डवेयर एंड इलेक्ट्रीकल सीता देवी पेट्रोल पम्प के सामने शिवा हॉस्पिटल के बाजू में सीपत रोड मोपका बिलासपुर 90393 89998 (42036)

आवश्यकता है-100% परमानेंट जॉब भारत में सबसे अधिक स्थायी रोजगार देने वाली Righteous Limited को आफिस कार्य एवं विभिन्न पदों हेतु 8/10/12वीं स्नातक लड़के/लड़कियों का चयनकर 11000 13000, 17000, 25000/- आवास बोनस मिलें- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी के पास चौपाटी चोपड़ापारा अम्बिकापुर 9669370111, 95840 00909, 8435803535, 7067084579 (20652)

आवश्यकता है-होटल में कार्य करने हेतु सिनियर कैप्टन, किचन हेल्पर, कैशियर, वेटर, बाई की आवश्यकता है सम्पर्क करें - 7987766988 (42030)

आवश्यकता है-रायपुर स्थित घर की देखरेख करने 24 घंटे रहने योग्य महिला/युवती चाहिए, रहना खाना फ्री+ वेतन डिटेल्स व्हाट्सअप करें 9993707000 (225)

बेचना है

बेचना है-व्यापार विहार बिलासपुर में एक कमर्शियल प्लॉट साईज 375 वर्गफीट एवं सिरगिट्टी में गोविन्द नगर में 3225 वर्गफुट प्लॉट अतिशीघ्र बेचना है इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- 9630083740, 97706 76

मेस्सी की विदाई में दिखा जादू, अर्जेंटीना ने बेनिन को 3-0 से हराया

मेस्सी युग का अंत, 21 साल 126 गोल और अनगिनत यादें



एजेंसी ▶▶| ब्यूनस आयर्स

अर्जेंटीना एक ऐसी वास्तविकता का सामना कर रहा है, जिसकी कल्पना करना भी कभी मुश्किल था कि राष्ट्रीय टीम में महान फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी नहीं होंगे। मेस्सी की विदाई सिर्फ एक महान खिलाड़ी के संन्यास की कहानी नहीं, बल्कि अर्जेंटीना के फुटबॉल के एक स्वर्णिम अध्याय के खत्म होने का भी अहसास है।

मेस्सी (39 वर्ष) ने अर्जेंटीना की जर्सी में अपना आखिरी मैच खेला और दो दशक से अधिक लंबे शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर को भावुक विदाई दी। जिस खिलाड़ी ने अर्जेंटीना के फुटबॉल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया, उसके जाने के साथ टीम एक ऐसे युग के अंत की गवाह बनी, जिसे हमेशा याद किया जाएगा। मेस्सी ने 21 वर्षों तक खेलते हुए 126 गोल दागे, दो कोपा अमेरिका खिताब और एक विश्व कप के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कहा। उन्होंने विदाई मैच में बेनिन पर मिली 3-0 की जीत में पेनल्टी पर गोल किया और अन्य दो गोल करने में मदद की।



मैं इस मैदान को नहीं छोड़ना चाहता : मेस्सी

मेस्सी ने कहा, ' सच तो यह है कि मैं जितना कभी बोला हूं, उससे ज्यादा बोल रहा हूं। मैं यहां से नहीं जाना चाहता, मैं इस मैदान को नहीं छोड़ना चाहता। मैं बस आपसे कहना चाहता हूं कि मैं आपसे प्यार करता हूं, मुझे आपकी कमी खलेगी और मैं भगवान का शुक्रगुजार हूं कि मैं अर्जेंटीना का हूं। '' अपने लोगों का दिल जीतना

85,000 से अधिक टिकट 90 मिनट में बिके

ब्यूनस आयर्स के सबसे बड़े स्टेडियम के 85,000 से अधिक टिकट 90 मिनट में बिक गए। शुरुआत में करीब 60 से 300 डॉलर कीमत वाले इन टिकटों की दोबारा बिक्री वाली वेबसाइटों पर कीमत 2,500 डॉलर से भी अधिक पहुंच गई। अर्जेंटीना की 1978, 1986 और 2022 की विश्व कप विजेता टीमों के खिलाड़ी उन्हें विदाई देने के लिए लौटे। मैच खत्म होने के बाद मेस्सी की आंखें नम हो गईं, जब उनके साथी उनके चारों ओर इकट्ठा होकर तालियां बजाने लगे। ''ओले, ओले, ओले, ओले, मेस्सी, मेस्सी'' का गूंजता हुआ स्वर स्टैंड से उठा जबकि हजारों प्रशंसक उछलते हुए गा रहे थे और उनकी ओर ऐसे झुके मानो उनकी पूजा कर रहे हों। मिडफील्ड में एक बैनर ने उन्हें 'इटरनल' (शाश्वत) कप्तान घोषित किया।

आईसीसी रैंकिंग : भारतीय कप्तानों का जलवा अय्यर 7वें पायदान पर, टॉप पर बरकरार गिल

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के टी20 कप्तान श्रेयस अय्यर बुधवार को खेल के सबसे छोटे प्रारुप की ताजा आईसीसी रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर पहुंच गए जबकि वनडे कप्तान शुभमन गिल ने 50 ओवर की बल्लेबाजी सूची में शीर्ष स्थान बरकरार रखा।

अय्यर की 43 गेंदों पर 10 चौकों और छह छक्कों से सजी नाबाद 102 रन की पारी ने टी20 विश्व चैंपियन को मंगलवार को लखनऊ में वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में आठ विकेट की शानदार जीत दिलाई। इस विस्फोटक पारी से अय्यर को 18 पायदान का फायदा हुआ, जिससे वह इस प्रारुप में भारत के तीसरे सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग बल्लेबाज बन गए हैं।



शीर्ष 10 में शामिल भारत के 4 बल्लेबाज

आईसीसी के अनुसार ईशान किशन और अभिषेक शर्मा शीर्ष दो स्थानों पर बने हुए हैं जबकि तिलक वर्मा 10वें स्थान पर हैं, जिससे भारत के चार बल्लेबाज शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं। पंद्रह वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी आठ स्थान के फायदे से 46वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

रदरफोर्ड को 10 पायदान का फायदा

वेस्टइंडीज के बल्लेबाज शेरफान रदरफोर्ड की तेजतर्रार 56 रन की पारी ने उन्हें 10 पायदान के फायदे से 37वें स्थान पर पहुंचा दिया जबकि पाकिस्तान के हसन नवाज (62 पायदान के फायदे से 48वें स्थान पर) एशियाई खेलों के बाद सूची में ऊपर बढ़े हैं। एशियाई खेलों के सेमीफाइनल और फाइनल में अबरार अहमद (29 रन देकर कोई विकेट नहीं और 29 रन देकर एक विकेट) के आंकड़े उन्हें गेंदबाजों में शीर्ष स्थान बरकरार रखने के लिए काफी नहीं थे। लेग स्पिनर राशिद खान आठवीं बार शीर्ष पर लौटे हैं। अक्षर पटेल 16 पायदान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंच गए।

गिल की शीर्ष पर स्थिति मजबूत

गिल ने गुवाहाटी में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे मैच में नाबाद 223 रन बनाने के बाद वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। यह वनडे प्रारुप में उनका दूसरा दोहरा शतक था, जिसने उन्हें 25 रेटिंग अंक दिलाए और इस प्रदर्शन से उन्होंने अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 841 रेटिंग अंकों की बराबरी की। पूर्व कप्तान विराट कोहली दूसरे से तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे वनडे में शानदार शतक के बाद केएल राहुल को सात पायदान का फायदा हुआ, जिससे वह 10वें स्थान से शीर्ष 10 में वापस आ गए हैं।

एशियाई पैरा खेलों में भारत के ध्वजवाहक होंगे भगत-भाविना

18 से 24 अक्टूबर तक नागोया में होगा एशियाई पैरा खेल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पैरालंपिक चैंपियन प्रमोद भगत और भाविना पटेल 18 से 24 अक्टूबर तक जापान के नागोया में होने वाले एशियाई पैरा खेलों के उद्घाटन समारोह में भारतीय दल के ध्वजवाहक होंगे।

भारत के सबसे सफल पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों में शामिल भगत ने 2014 से 2023 के बीच एशियाई पैरा खेलों में छह पदक जीते हैं, जिनमें दो स्वर्ण और चार कांस्य पदक शामिल हैं। शीर्ष पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी भाविना ने 2018 से 2023 के बीच एशियाई पैरा खेलों में एक रजत और एक कांस्य पदक जीता है। भाविना ने कहा, 'भारत का ध्वजवाहक चुना जाना मेरे लिए बेहद गर्व का क्षण है।' उन्होंने कहा, 'जब आप तिरंगा थामते हैं तो आपको एहसास होता है कि आप अपने से कहीं बड़ी चीज का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। मैं प्रमोद के साथ उद्घाटन समारोह में भारतीय दल का नेतृत्व करने को लेकर उत्साहित हूं। मुझे उम्मीद है कि हमारे सभी खिलाड़ी आत्मविश्वास के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। इस पल का आनंद लेंगे और भारत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।'





8 अक्टूबर को रवाना होगा भारतीय दल

भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) 8 अक्टूबर को विशेष विदाई समारोह में भारतीय दल को औपचारिक रूप से रवाना करेगी। समारोह में खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया मुख्य अतिथि होंगे जबकि युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे सम्मानित अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगी। पीसीआई अध्यक्ष देवेंद्र झाझडिया ने कहा, ' उद्घाटन समारोह में प्रमोद भगत और भाविना पटेल का भारतीय दल का नेतृत्व करना हमारे लिए बेहद गर्व की बात है।'

टेस्ट में तन्मय ने 14 विकेट लेकर मचाया कोहराम

भारत ने किया ऑस्ट्रेलियाई टीम का सफाया, दूसरा यूथ टेस्ट 10 विकेट से जीता

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

भारतीय अंडर 19 पुरुष क्रिकेट टीम ने यूथ टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया का 2-0 से सफाया कर दिया। उसने दूसरे यूथ टेस्ट को ढाई दिन के अंदर 10 विकेट से जीत लिया। इस जीत के नायक रहे बाएं हाथ के स्पिनर तन्मय बलोदा, जिन्होंने मैच में कुल 14 विकेट लिए।

यह किसी यूथ टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ बॉलिंग का रिकॉर्ड है। तन्मय ने पहली पारी में छह और दूसरी में आठ शिकार किए। कुल 73 रन तन्मय ने मैच में खर्च किए। ऑस्ट्रेलियाई टीम पारी की हार को टालने में सफल रही लेकिन मैच और सीरीज उसके हाथ से निकल गई। इंडिया अंडर 19 टीम ने पहला यूथ टेस्ट पारी और 48 रन से जीता। इससे पहले तीन यूथ वनडे की सीरीज 3-0 से अपने नाम की थी।

सीरीज की अपने नाम

इंडिया अंडर 19 टीम ने पांच गेंद में 11 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। लक्ष्य रायचंदानी ने दो चौकों से चार गेंद में नौ रन बनाए तो सागर विर्क एक गेंद में दो रन बनाकर नाबाद रहे। इससे भारत ने 10 विकेट से जीत हासिल करते हुए दो मैच की सीरीज में मेहमानों का सफाया कर दिया।



बलोदा का चला जादू, कैटल ने पारी की हार से बचाया

मेहमान टीम की बैटिंग दूसरी पारी में भी सरेंडर कर बैठी। उसके तीन ही बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार कर सके। ब्लैक कैटल ने सबसे ज्यादा 63 रन का योगदान दिया। उनकी वजह से ही ऑस्ट्रेलियाई टीम पारी की हार टालने में सफल रही और उसने 10 रन की बढ़त ली। एक समय 98 पर आठ विकेट गिर गए। कैटल ने आखिरी दो बल्लेबाजों के साथ मिलकर 53 रन जोड़े। इससे भारतीय अंडर 19 टीम को दोबारा से बैटिंग के लिए आना पड़ा। तन्मय ने दूसरी पारी में 41 रन खर्च कर आठ बल्लेबाजों को आउट किया। दो सफलता प्रियांशु सिंह को मिली।

राशिफल

मेष — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

वृष — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

मिथुन — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

कर्क — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

सिंह — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

कन्या — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

तुला — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

वृश्चिक — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

धनु — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

मकर — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

कुंभ — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

मीन — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

अहमदाबाद में शुरू हुई क्यू खेल चैंपियनशिप

अहमदाबाद। दूसरी राष्ट्रमंडल क्यू खेल चैंपियनशिप की बुधवार को शुरुआत हुई, जिसमें 42 देशों के 144 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इस चार दिवसीय चैंपियनशिप में 72 पुरुष और 72 महिला खिलाड़ी इंग्लिश बिलियर्ड्स, स्नूकर, 10 बॉल पूल, हेबॉल और ब्लैकबॉल स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में 10 पदक स्पर्धाएं होंगी और यह पहली बार है जब कई स्पर्धाओं वाली इस प्रतिष्ठित राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप का आयोजन भारत में किया जा रहा है। भारतीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर महासंघ (बीएसएफआई) इस प्रतियोगिता का आयोजन विश्व बिलियर्ड्स खेल परिसंघ (डब्ल्यूसीबीएस) और राष्ट्रमंडल खेल के समर्थन से कर रहा है। यह बीएसएफआई के शताब्दी समारोह का भी प्रमुख आयोजन है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
निविदा सूचना

क. सं.: 01 निविदा सूचना सं.: वरि. मं.सा.प्र./द.पू.म.रे. रायपुर निविदा सं. 96265807 कार्य का नाम: मशीन रूम प्रकार के 14 यात्री क्षमता वाले, 952 किलोग्राम भार क्षमता के हेवी ड्यूटी एलिवेटर (लिफ्ट) का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग, G+1 तल संचालन हेतु, RDSO विनिर्देश संख्या. RDSO/2013/EM/SPEC/ 0016 (Rev- '2') - 2025, दिनांक 25.09.2025 के अनुसार। मात्रा: 04 नग कन्साइनी: SSE / G/BYT समाप्ति तिथि: 30.10.2026 सुबह 10:30 बजे 1. निविदा दस्तावेज वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है और वही डॉउनलोड भी किया जा सकता है। 2. सभी बोलीदाताओं/ निविदाओं को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे जीएसटी का अनुपालन कर रहे है और जीएसटी कानून के अनुसार कर संरचना/ दर उद्धृत करते है। 3. निविदा अनुबंध से सबंधित अन्य पुछताछ के लिए वरि. मंडल सामग्री प्रबंधक कार्यालय रायपुर डी. आर. एम. काम्प्लेक्स नियर आर. व्ही. एच. कॉलोनी डब्ल्यू. आर. एस. रायपुर पिन 492008 मो.नं. 975287770 से सम्पर्क करे।

वरि. मंडल सामग्री प्रबंधक द.पू.म. रेलवे रायपुर
PR/R/Sr.DMM/D360/229
South East Central Railway @secrail

कार्यालय नगर पालिक निगम रायगढ़ जिला-रायगढ़ (छ.ग.)
E-mail:commissioner-rgh.cg@cg.gov.in, corporationraigarh@gmail.com
Phone No:- 07762-222911
क्रमांक 3061/वि.वि./न.पा.नि./2026 रायगढ़, दिनांक 01.10.26

-: ई-प्रोक्यूरमेंट तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना :-

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नगर पालिक निगम, रायगढ़ क्षेत्रांतर्गत मुख्य सड़क एवं गली में लगे विद्युत पोल शिफ्टिंग कार्य, जिसकी अनु. लागत राशि 20.00 लाख रु., अमानत राशि 15,000.00 रू. निविदा प्रपत्र शुल्क 750.00 रू. हेतु, लागू SOR दर से कम/अधिक अथवा समान दर पर सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदार (डी वर्ग या उससे ऊपर) से निविदा प्रपत्र ''अ'' में देय होगा। उपरोक्त कार्य की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी System Tender No. 200771 ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल https://eproc.cgstate.govt.in/uad.cg.gov.in/WWW. nagarnigamraigarh.com से देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित प्रपत्र शुल्क डी.डी. के माध्यम से एव अन्य दस्तावेज दिनांक 13.10.26 अपरान्ह 04:00 बजे तक स्पीडपोस्ट / पंजीकृत डाक से मुहर बंद पद्धति से आमंत्रित की जाती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर
NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY RAIPUR
(An Institute of National Importance)
Under Ministry of Education, Govt. of India
G.E. Road, Raipur-492010 (C.G.)

17वाँ दीक्षांत समारोह
मंगलवार, दिनांक 03 नवम्बर 2026, प्रात: 10.00 बजे
(कार्यक्रम स्थल : पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडीटोरियम, एनआईटी रायपुर के समाने, रायपुर (छ.ग.))

आमंत्रण

सभी छात्र जिन्होनें शैक्षणिक सत्र 2025-26 में स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण की है, तथा वे छात्र जो इस सत्र में पी.एच.डी. की उपाधि हेतु पात्र घोषित किये गये हैं, उन्हें दीक्षांत समारोह में शामिल होने हेतु आमंत्रित किया जाता है।

दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होने हेतु आवश्यक निर्देश एवं ऑनलाईन आवेदन पत्र संस्था की वेब साइट www.nitrr.ac.in पर उपलब्ध है। ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 25 अक्टूबर 2026 तक संस्थान की वेबसाइट पर भरे जा सकते हैं।

कुलसचिव
राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर (छ.ग.)

शब्द पहेली - 6371



बाएँ से दाए
1. असहकार-5
4. शत्रुता, दुश्मनी-4
7. नाच, तुल्य (उर्दू-2)
8. विष्णु का वाहन-3
9. मादा का विलोम-2
10. ईश्वर, शिव-4
11. संज्ञा, संबोधन-2
13. वेग, गति-3
14. महसूल, राहदारी-2
15. अंधकार, अंधेरा-3
17. कुंजी, ताली-2
19. गोलाकार-5
22. इतरता, बेगानापन-5
25. समय, वक्त-2
26. स्वाही का पात्र-3
28. अच्छा, सद् पुरुष-2
29. अदृश्य-3
30. मिट्टी, धूल-2
32. नट बाजीगरी करने वाला-4
34. टैक्स, हाथ-2
36. बोलने का तीका-3
37. खदान-2
38. जो जायज न हो-4
39. श्री रामचंद्र का नाम-5

ऊपर से नीचे
1. तराजू डंडा, गप्पा-2
2. पराजित करना-3
3. बहुत लंबा -5
4. रुकना, अड़ जाना-3
5. जंगल, कानन-2
6. तीर रखने का पात्र-4
7. सार-संभाल-2,3
10. पूंजी, धन-4
12. वोट, राय-2
16. राजा, महाराजा-3
17. चतुर्थ, चौथा-2
18. हलवा-2
20. पक्षाघात-3
21. तन, देह-2
22. क्षण-2
23. स्मारक-4
24. चोर, लुटेरा-5
25. जैकी श्राफ, अनिल कपूर, किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26. टूटना, बिखरना-4
27. पानी से सराबोर-2
31. कमल, नीरज-3
33. बादलों की गड़गड़ाहट-3
35. छुट्टी, अवकाश-2
37. राख, मिट्टी-2

शब्द पहेली - 6370 का हल



सूडोकु नवताल - 6381

★☆☆☆☆ सरल

	4		7		1			3
3		5		4		1		
	2				8			
4		3						
	8			2			1	
						8		6
			2				3	
		9		8		2		4
1			4		6		9	

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 हक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6380 का हल

9	2	7	4	8	6	5	3	1
6	1	6	3	2	9	4	8	7
3	4	8	7	1	5	9	6	2
8	3	4	9	5	1	2	7	6
7	6	5	8	4	2	3	1	9
1	9	2	6	3	7	8	5	4
6	7	3	2	9	8	1	4	5
2	8	1	5	7	4	6	9	3
4	5	9	1	6	3	7	2	8



उम्र 62 साल, हौसला जवानों जैसा, फ्रांस से साइकिल लेकर भारत पहुंचा शख्स

नई दिल्ली। घूमने का शौक हो तो रास्ते खुद बनते चले जाते हैं। फिर चाहे सफर हजारों किलोमीटर का हो या रास्ते कितने ही मुश्किल क्यों न हों।.उम्र भी ऐसे लोगों के लिए सिर्फ एक संख्या बनकर रह जाती है। भारत में इन दिनों एक ऐसे ही विदेशी यात्री का वीडियो लोगों का ध्यान खींच रहा है, जो 62 साल की उम्र में अकेले साइकिल लेकर देश की सैर पर निकला है। फ्रांस का रहने वाला यह शख्स भारत के पहाड़ी इलाकों में साइकिल चलाते हुए नजर आया. खास बात यह है कि वह ऐसे रास्ते पर सफर कर रहा था, जहां सड़क के बजाय कई जगह पथरीले रास्ते और मुश्किल मोड़ दिखाई देते हैं। उसका वीडियो देखने के बाद सोशल मीडिया पर कई लोग उसकी उम्र और सफर को लेकर हैरानी जता रहे हैं।

चंद्रताल से मनाली के रास्ते पर हुई मुलाकात

इस कहानी को सोशल मीडिया पर सामने लाने वाले ओडिशा के कंटेंट क्रिएटर बिश्व प्रकाश स्वैन हैं। पेशे से नर्सिंग ऑफिसर बिश्व प्रकाश खुद भी बाइक से अलग-अलग जगहों की यात्रा करते हैं और अपने सफर के वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करते रहते हैं। हाल ही में वह स्पीति वैली के चंद्रताल से मनाली की ओर जा रहे थे। इसी दौरान उनकी मुलाकात इस फ्रांसीसी साइकिल यात्री से हुई।



करीब 120 किलोमीटर का मुश्किल सफर

चंद्रताल और मनाली के बीच का रास्ता स्पीति वैली के बेहद चुनौतीपूर्ण रास्तों में गिना जाता है। करीब 120 किलोमीटर की दूरी वाले इस रूट को तय करने में कई घंटे लग सकते हैं। रास्ते में ऊबड़-खाबड़ सड़क, पथरीले हिस्से और पहाड़ी मोड़ यात्रियों के लिए चुनौती बन जाते हैं। बिश्व प्रकाश ने अपने वीडियो में इस रास्ते की मुश्किलों का जिक्र करते हुए इसे बेहद खतरनाक बताया। उनका कहना था कि यहां सफर करते समय ऐसा लगता है जैसे यमराज पीछे-पीछे चल रहे हों।

62 साल की उम्र ने कर दिया हैरान

फ्रांसीसी यात्री अकेले अपनी साइकिल लेकर सफर कर रहा था। जब बिश्व प्रकाश को उसकी उम्र के बारे में पता चला तो वह हैरान रह गए। इसके बाद उन्होंने इस मुलाकात को अपने वीडियो में शेयर किया और लोगों के सामने एक अलग तरह की प्रेरणा रखी। उनका संदेश सीधा था कि अगर घूमने का मन है तो उम्र को बहाना नहीं बनाना चाहिए। दुनिया देखने और नई जगहों को जानने के लिए हमेशा कोई न कोई वजह ढूंढने के बजाय सफर पर निकलना चाहिए। इस 62 साल के यात्री को देखकर उन्हें भी यही महसूस हुआ कि जिंदगी सिर्फ एक जगह रहकर बिताने के लिए नहीं है। कभी-कभी नए रास्तों पर निकलना और अनजान जगहों को देखना भी जिंदगी का खूबसूरत हिस्सा हो सकता है।

लोगों ने की जमकर तारीफ

वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स ने भी इस विदेशी यात्री की जमकर तारीफ की। कई लोगों ने उसकी हिम्मत और सफर के जुनून को सलाम किया। कुछ यूजर्स ने तो यह भी बताया कि वे खुद इस यात्री को रास्ते में देख चुके हैं। एक यूजर ने उसकी उम्र को लेकर हैरानी जताते हुए पूछा कि क्या वह सच में 62 साल का है। वहीं, एक अन्य यूजर ने उसके जज्बे की तारीफ करते हुए कहा कि जिंदगी ऐसी ही होनी चाहिए। वीडियो के कमेंट्स से साफ है कि लोगों को सिर्फ उस विदेशी यात्री की उम्र ने हैरान नहीं किया, बल्कि 62 साल की उम्र में इस तरह अकेले साइकिल से पहाड़ी सफर करने का उसका अंदाज भी काफी पसंद आया।

रोचक खबरें

गुजरात के जंगल में मिला 2 सिर वाला दुर्लभ 'वुल्फ' सांप

गांधीनगर। गुजरात के दाहोद के जंगल से एक ऐसी तस्वीर सामने आई है जिसे देखकर अच्छे-अच्छों के रोंगटे खड़े हो गए। यहां धानपुर के जंगलों में दो मुंह वाला एक बेहद दुर्लभ सांप मिला है। इस अजीबोगरीब सांप को देखकर



स्थानीय लोग सन्न रह गए। घबराहट में आनन-फानन में गांव के सरपंच ने 'प्रकृति मित्र मंडल' को इसकी सूचना दी, जिसके बाद वन विभाग की मदद से इस अनोखे जीव का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया।lm हैरानी की बात यह है कि पूरे गुजरात में इस प्रजाति का दो मुंह वाला सांप पहली बार देखा गया है। वन्यजीव विशेषज्ञों के मुताबिक यह 'वुल्फ स्नेक' है, जिसे आम भाषा में 'वरुदंती' भी कहते हैं। राहत की बात यह है कि यह पूरी तरह बिना जहर वाला सांप होता है और इंसानों को इससे कोई खतरा नहीं है। घरों के आसपास रहने वाली छिपकलियां और छोटे कीड़े-मकोड़े इसका मुख्य भोजन हैं। अब आपके मन में सवाल उठ रहा होगा कि आखिर इसके दो सिर कैसे हुए? विज्ञान की भाषा में इसे 'बाइसेफली' कहते हैं। यह एक आनुवंशिक गड़बड़ी है, जो लाखों जीवों में से किसी एक में ही दिखाई देती है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि इस सांप के दोनों सिरों के पास अपना अलग दिमाग और अलग नर्वस सिस्टम होता है। यानी एक ही शरीर में दो अलग-अलग कंप्यूटर काम कर रहे हैं।

अफगानिस्तान के लाजावर्त पत्थर से बनेगा देश का पहला नीला शिवलिंग

ग्वालियर। गहरा नीला रंग, उस पर सुनहरी चमक और वजन करीब डेढ़ टन। अफगानिस्तान के दुर्लभ लाजावर्त पत्थर से देश में पहली बार इतने बड़े आकार का शिवलिंग तैयार किया जा रहा है। मध्य प्रदेश के ग्वालियर स्थित



रीजनल आर्ट एंड क्राफ्ट सेंटर में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त मूर्तिकार दीपक विश्वकर्मा इसे आकार दे रहे हैं। इस महत्वाकांक्षी परियोजना में भारत सहित पांच देशों से विशेष पत्थर मंगाए गए हैं, जिनसे शिव परिवार और अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं भी बनाई जाएंगी। यह अनूठी कलाकृति धार्मिक आस्था, अंतरराष्ट्रीय शिल्पकला और मूर्तिकला का अद्भुत संगम मानी जा रही है। ग्वालियर में तैयार किए जा रहे इस विशेष शिवलिंग के लिए अफगानिस्तान से लाजावर्त यानी लैपिस लाजुली का एक विशाल सिंगल पीस पत्थर मंगाया जा रहा है।

भारत का इकलौता गांव, यहां 90 प्रतिशत आबादी करती है सिर्फ इशारों में बातें

नई दिल्ली। भारत के सबसे खूबसूरत केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले की बर्फीली और सुरम्य पहाड़ियों के बीच एक ऐसा गांव बसा है, जिसकी हकीकत किसी को भी हैरान कर सकती है। इस गांव का नाम है



धदकई। वैसे तो इस गांव की प्राकृतिक खूबसूरती और वादियां पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं, लेकिन पूरी दुनिया में इस जगह की पहचान एक बेहद अलग और अनोखे नाम से है द साइलेंट विलेज ऑफ इंडिया, यानी भारत का शांत गांव। इस छोटे से पहाड़ी गांव में रहने वाले लोगों की एक बहुत बड़ी आबादी न तो सुन सकती है और न ही बोल सकती है। धदकई गांव जम्मू से लगभग 260 किमी दूर दुर्गम पहाड़ी इलाके में स्थित है। इस गांव में मुख्य रूप से गुज्जर मुस्लिम समुदाय के लोग रहते हैं, जो कि एक अनुसूचित जनजाति के अंतर्गत आते हैं। गांव की आबादी लगभग 2,000 के आसपास है, लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि इस छोटे से गांव में 90 से ज्यादा लोग पूरी तरह से मूक-बधिर हैं। यहां रहने वाले 105 परिवारों में से 55 से ज्यादा परिवार ऐसे हैं, जिनके घर में कम से कम एक या उससे ज्यादा सदस्य न तो सुन सकते हैं और न ही बोल सकते हैं।

गर्म लावे में छलांग लगाने को किया मजबूर

डब्ल्यूबीएम कार बनाने वाले दर्जनों रोबोट को मिली सजा-ए-मौत

वॉशिंगटन। दुनियाभर में लोग अपनी नौकरियां जाने की चिंता में दुबले हो रहे हैं, लेकिन जरा ठहरिए. यहां तो खुद रोबोट्स की जिंदगी और 'जॉब' दोनों ही खतरे में हैं। अमेरिका की मशहूर ह्यूमनॉइड रोबोट बनाने वाली कंपनी 'फिगर एआई' ने हाल ही में कुछ ऐसा किया, जिसने सबको हैरान कर दिया। कंपनी ने अपने ही रोबोट्स की पूरी फ्लीट को खौलते हुए गर्म लोहे के लावा में कुदाकर खाक कर दिया।

आखिर क्यों आई रोबोट्स को मारने की नौबत?

कहानी फिगर एआई के दो साल पुराने 'एफ.02' रोबोटिक मॉडल की है, जिसने बीएमडब्ल्यू की फैक्ट्रियों में गाड़ियां बनाने का काम किया था। अब चूंकि नया मॉडल 'F.04' (या एफ.03) तैयार हो रहा था, तो पुराने मॉडल को रिटायर करना था। मुश्किल यह थी कि अगर इन रोबोट्स को ऐसे ही कबाड़ में फेंक दिया जाता, तो तकनीक और महंगे पार्ट्स चोरी होने का डर था। वहीं, एक-एक रोबोट को खोलकर डिस्मेंटल करने में स्किल्ड स्टाफ का काफी वक्त बर्बाद होता, जिससे नए मॉडल का काम लटक जाता।



खुद की जान लेने वाले रोबोट्स

यह पहली बार नहीं है, जब रोबोट्स की मौत सुर्खियों में आई हो। इससे पहले 2017 में वॉशिंगटन डीसी में 'स्टीव' नाम का सिक्योरिटी रोबोट खुद एक फव्वारे में गिर गया था, जिसे लोगों ने खुद की जान लेने के तौर पर समझा था। वहीं, साल 2024 में दक्षिण कोरिया में एक सरकारी विभाग के एआई रोबोट को सीढ़ियों से नीचे गिरा हुआ पाया गया था। हालांकि, बाद में पता चला कि ये तकनीकी खामी थीं।



20 मिनट चला ड्रामा

रोबोट्स को ट्रेनिंग दी गई कि उन्हें खौलती भट्टी में कैसे कूदना है। फिनाले वाले दिन खुद आर्नोल्ड को न्योता दिया गया। 75 टन की धधकती इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस के ऊपर रोबोट्स ने ऑटो-मोड पर एक-एक कर छलांग लगानी शुरू की। इससे पहले कि लावा ठंडा होकर जम जाता, इस पूरे काम को सिर्फ 20 मिनट के अंदर अंजाम देना था।

क्या इंसानों से बदला लेंगे रोबोट्स

रोबोट्स को दर्द का अहसास कराने के लिए वैज्ञानिक एआई पेन एक्सिस पर रिसर्च कर रहे हैं। एक इंजीनियर ने तो एआई टॉर्चर चैंबर तक बना डाला। डर इस बात का है कि आज हम इन्हें पिघला रहे हैं और टॉर्चर कर रहे हैं; कल को अगर इन मशीनों के पास सचमुच का इंसानी दिमाग आ गया, तो ये अपनी इस बेइज्जती और बर्बादी का बदला हमसे कैसे लेंगी?

'टर्मिनेटर' ने दिया अजीब आइडिया

परेशान होकर कंपनी सीईओ ब्रेट एडकॉक ने एक्स पर लोगों से सलाह मांगी कि 'इन रोबोट्स का खात्मा कैसे करें?' इस पर सबसे मजेदार और अजीब जवाब आया हॉलीवुड स्टार आर्नोल्ड श्वार्जनेगर का, जिन्होंने अपनी कल्ट फिल्म 'टर्मिनेटर 2' में खुद को पिघलते लोहे में विलीन कर लिया था। आर्नोल्ड ने सीधे शब्दों में कहा- 'इन्हें पिघला दो।' कंपनी को आइडिया पसंद आ गया। हालांकि, अमेरिका या मैक्सिको की किसी भी धातु भट्टी (फाउंड्री) ने लिथियम-आयन बैटरी वाले रोबोट्स को अपने महंगे उपकरणों में कुदाने की इजाजत नहीं दी। आखिरकार, फिगर एआई को इन रोबोट्स को फिनलैंड की एक फाउंड्री में भेजना पड़ा।

हिमालय की ऊंचाई पर जाने को मजबूर उत्तराखंड की मोनाल चिड़िया

नई दिल्ली। हिमालय के पहाड़ी जंगलों में पाया जाने वाली हिमालयी मोनाल इन पहाड़ों की संस्कृति, यहां की लोक-कथाओं और इसकी पहचान का अहम हिस्सा है। बेहद खूबसूरत यह चिड़िया न केवल भारत के उत्तराखंड राज्य की राजकीय पक्षी है, बल्कि साथ-साथ ही साथ नेपाल की राष्ट्रीय पक्षी भी है। एक बार आप इस पक्षी को देख लें तो ऐसा लगेगा जैसे कुदरत ने इसे बड़े करीने से संवारा हो। मोनाल के नर पक्षी के पंख खास तौर पर हरे, नीले और तांबे जैसे रंग के होते हैं और यह आकर्षक खूबसूरती वाला होता है। हालांकि, एक ऐसी रिसर्च सामने आई है जो इन पक्षियों के भविष्य पर सवाल खड़े करती है।



रिसर्च में क्या पता चला है?

रिसर्च से पता चलता है कि पहाड़ों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और टूरिज्म की वजह से इनके रहने की जगह कम हो रही है। पहाड़ी इलाकों में इंसानी गतिविधियों की वजह से बढ़ता शोर इन पक्षियों का अपने साथी और अपने प्रतिद्वंद्वियों के साथ बातचीत करने के तरीके को भी बदल रहा है। उत्तराखंड के रिसर्चर्स ने पांच साल में दो अलग-अलग स्टडीज कीं, जिनमें इस पक्षी के लिए मुख्य खतरों की ओर इशारा किया गया।

प्राकृतिक आवासों पर इंसानों का कब्जा

इनकी रिसर्च बताती है कि ये पक्षी अब धीरे-धीरे हिमालय में ऊपर की ओर बढ़ रहे हैं ,क्योंकि बर्फ पिघल रही है और वहां पेड़-पौधे उग रहे हैं, जिससे यह इलाका उनके लिए सुलभ हो गया है। ऐसा नहीं है कि यह पक्षी शौक से उधर जा रहे हैं। उन्हें ऊपर की ओर जाने के लिए मजबूर किया जा रहा है, क्योंकि अल्पाइन घास के मैदानों में उनके प्राकृतिक आवासों पर इंसानों का कब्जा हो रहा है। आप सवाल कर सकते हैं कि इससे खतरा क्या है। स्टडी के अनुसार, मौसम में बदलाव के कारण पक्षियों का मौसमी प्रवास (एक जगह से दूसरी जगह जाना) और मुश्किल हो सकता है।

इन पक्षियों की आवाज बदल रही

दूसरी स्टडी में इन वैज्ञानिकों ने माइक्रोफोन और रिकॉर्डिंग डिवाइस का इस्तेमाल करके उत्तराखंड में केदारनाथ कस्तूरी मृग अभयारण्य की दो घाटियां- चोपता, (जो टूरिस्ट प्लेस है) और दूसरी मदमहेश्वर (जो काफी शांत है) में 700 से ज्यादा मोनाल की आवाजें रिकॉर्ड कीं और फिर अप्रैल 2023 से एक साल तक उनकी पिच, आवाज की लंबाई और बैकग्राउंड शोर के लेवल को मापा। स्टडी में पाया गया कि शांत जगहों पर रहने वाले पक्षियों की तुलना में शोर वाली जगहों पर रहने वाले पक्षी लगातार ऐसी आवाजें निकालते थे। जिनकी पीक फ्रीक्वेंसी काफी ज्यादा होती थी।

यहां रहते हैं जमीन के अंदर लोग, नहीं आती है सूरज की किरण

छिंदवाड़ा। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले की तामिया तहसील में मौजूद पातालकोट अपनी प्राकृतिक बनावट और अनोखी भौगोलिक पहचान के कारण लोगों को आकर्षित करता है। सतपुड़ा की पहाड़ियों से घिरी यह गहरी घाटी ऊपर से देखने पर ऐसी दिखाई देती है, मानो धरती के भीतर कोई अलग ही दुनिया बसी हो। यही वजह है कि इसका नाम सुनते ही लोगों के मन में एक रहस्यमयी जगह की तस्वीर उभरने लगती है।ो पातालकोट की



पहचान इसकी गहराई और चारों तरफ फैली हरियाली से है। ऊंची-नीची पहाड़ियों, घने जंगलों और घाटियों के बीच बसे गांव यहां के प्राकृतिक सौंदर्य को और खास बना देते हैं। यहां पहुंचने वाले लोगों को शहरों की भागदौड़ से बिल्कुल अलग माहौल महसूस होता है।

क्या सच में यहां सूरज की रोशनी नहीं पहुंचती?

पातालकोट को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा इसकी गहराई को लेकर होती है। घाटी के कुछ हिस्से बेहद गहरे और चारों ओर से ऊंची पहाड़ियों से घिरे हुए हैं। ऐसे स्थानों पर दिन के कुछ समय में सीधी धूप कम पहुंचती है। इसी वजह से स्थानीय लोगों की जिंदगी और यहां का प्राकृतिक वातावरण बाकी इलाकों से अलग नजर आता है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com